सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-15 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 03 जुलाई 2024
26 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# सत्संग में भगदड़, 122 से ज्यादा की मौत

## हाथरस हादसा : बाबा के काफिले को निकालने के चक्कर में मची भगदड़, सेवादारों ने रोक दिए थे 50 हजार अनुयायी

- बाबा का काफिला रवाना होने के दौरान मची थी भगदड़
- 80 हजार लोंगों की थी अनुमति, डेढ़ लाख से ज्यादा लोग पहुंचे
- साकार हरि बाबा के सत्संग में जुटे थे लोग
- 34 जिलों के डॉक्टर्स और प्रशासन अलर्ट
- 24 घंटे के अंदर होगी घटना की जांच
- शवों के ढेर से सहमे लोग





सत्संग में मौत का मंजर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जताया शोक



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक भक्तों की मौत का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं।

### पीएम ने जताया शोक



हाथरस हादसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुआवजे का एलान किया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को पचास-पचास हजार की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**एटा।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद के थाना सिकंदराराऊ क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। यहां के रतीभानपुर गांव में चल रहे भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच गई। इस हादसे में 122 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कई की हालत गंभीर है। यूपी सरकार के मंत्री संदीप सिंह का कहना है, प्रदेश सरकार सभी घायलों को जल्द से जल्द समुचित इलाज मुहैया कराने के लिए काम कर रही है। सरकार ने आसपास के 34 जिलों के सभी प्रशासन और डॉक्टरों को अलर्ट कर दिया है। केंद्र की ओर से मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जा रहे हैं और राज्य सरकार मृतकों के परिवारों और घायलों को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। अलीगढ़ के जिला मजिस्ट्रेट विशाक जी ने कहा कि हाथरस में जितने लोगों की मौत हुई है उसमें से 23 शव अलीगढ़ आ चुके हैं। पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। तीन घायल जेएनएमसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर है। यूपी सरकार में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन मंत्रियों को भेजा है। इसके लिए सीएम ने जांच समिति का गठन किया है, जो रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा, जिसकी भी गलती होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएम बुधवार को आएंगे और व्यवस्थाओं को देखेंगे। भगदड़ की घटना के एक चश्मदीद ने कहा कि हम आगरा से सत्संग में शामिल होने आए थे। मेरी 15 साल की बेटी लापता है। आगरा से करीब 20-25 लोग आए थे, लेकिन हमारी बेटी नहीं मिली। वहीं, चश्मदीद सुरेश ने बताया, मैं बदायूं से अपने परिवार के साथ यहां आया था। मेरे छोटे भाई की पत्नी लापता है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ कल 3 जुलाई को हाथरस पहुंचेंगे। घटनास्थल एटा सिकंदराराऊ के बॉर्डर पर है। घायलों को बस-टैंपो में लादकर जिला अस्पताल लाया गया है। अब तक 27 शव एटा पोस्टमार्टम गृह पर लाए गए हैं। मृतकों में 23 महिलाएं और तीन बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल मौके पर पहुंच गए हैं। एटा शहर के मोहल्ला वनगांव के रहने वाले रामदास की पत्नी सरोज लता की भी मौत हो चुकी है। उनके बेटे और बहू की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि मृतक हाथरस और एटा के रहने वाले हैं। मृतकों के शवों को अलीगढ़ और एटा पहुंचाया जा रहा है। एटा एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हाथरस जिले के मुगलगढ़ी गांव में एक धार्मिक आयोजन चल रहा था, तभी भगदड़ मच गई। एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 23 महिलाएं, 3 बच्चे और 1 पुरुष शामिल हैं। आगे की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोपहर 12.30 बजे सत्संग खत्म होने के बाद भीड़ को रोक दिया गया था और भोले बाबा को पीछे के दरवाजे से निकाला जा रहा था। सिकंदराराऊ मे सड़क के किनारे चार फीट नीचे का दलदल ही मौतों की वजह बना। प्रारंभ में कुछ लोग यहां गिरे और उसके बाद भगदड़ ऐसी मची कि सौ से ज्यादा की मौत हो गई।

### बसपा सुप्रीमो ने भी हादसे पर जताया शोक



बसपा सुप्रीमो मायावती ने हादसे पर कहा- यूपी के जिला हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में काफी संख्या में लोगों की हुई मौत व अनेकों के घायल होने तथा आगरा में भी बौध/भीमकथा के दौरान एक युवक की हुई हत्या अति-दुःखद। सरकार इन घटनाओं की जाँच कर उचित कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करे।

### अखिलेश यादव ने यूपी सरकार को घेरा



हाथरस में हुई भगदड़ को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह जानकारी हमें तब मिली जब हम संसद में थे, सवाल यह है कि जब ऐसी घटना हुई तो सरकार क्या कर रही थी? इतने सारे लोगों की जान चली गई है। यह दुखद है कि अगर सरकार को पता था कि किसी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे, तो उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए क्या किया? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार है। मृतकों के परिजनों को सहायता प्रदान की जाए।

### राजनाथ सिंह ने हादसे पर जताया दुख



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा, उत्तर प्रदेश के हाथरस ज़िले में हुआ हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन सभी पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रही है।

## घटना का दोषी कोई हो बचेगा नहीं: सीएम योगी

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का ऐलान



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में हुए हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही मुख्यमंत्री ने एडीजी, आगरा और कमिश्नर, अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर 24 घंटे में दुर्घटना के कारणों की जांच रिपोर्ट तलब की है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं और पल पल की रिपोर्ट के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों (असीम अरुण, संदीप सिंह और लक्ष्मी नारायण चौधरी), मुख्य सचिव और डीजीपी को मौके पर भेजा है और लगातार उनके संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि घटना का दोषी कोई हो, बचेगा नहीं, उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए हैं।

### लाशों के ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को आया हार्ट अटैक, हो गई मौत



उत्तर प्रदेश के एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था। यूपी के हाथरस के सिकंदराराऊ में भोलेबाबा के सत्संग के दौरान पंडाल में भगदड़ मच गई।

# देश की जनता ने हमारी नीयत को देखा: मोदी

### कल सदन में बालकबुद्धि का विलाप चल रहा था, लोकसभा में राहुल के वक्तव्य पर पीएम का कटाक्ष

**जवाब**

- 2024 से कांग्रेस परजीवी पार्टी कहलाएगी
- हिंदू समाज को सोचना होगा, ये अपमान संयोग है या प्रयोग
- एनडीए का तीसरी बार सरकार में आना ऐतिहासिक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने 2 घंटे 15 मिनट तक भाषण दिया। इस दौरान विपक्ष वेल में आकर लगातार हंगामा करता रहा। विपक्षी सांसदों ने तानाशाही नहीं चलेगी, मणिपुर-मणिपुर और न्याय दो-न्याय दो के नारे लगाए।

पीएम को इस दौरान दो बार अपना भाषण रोकना पड़ा। स्पीकर ने विपक्ष को दो बार ऐसा नहीं करने की नसीहत दी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये ठीक नहीं है, फिर भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी पार्टी के रूप में जानी जाएगी। कांग्रेस जिसके साथ रहती है, उसी के वोट खा जाती है। मैं ऐसा आंकड़ों के आधार पर कह रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के हिंदू हिंसक वाले कल के बयान पर कहा- ये गंभीर बात है कि हिंदुओं पर आरोप लगाने का झूठा षड्यंत्र हो रहा है। कल सदन में देवी-देवताओं की तस्वीरें दिखाई गईं। जिनका दर्शन किया जाता है, उनका प्रदर्शन नहीं किया जाता। अब हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा कि क्या ये अपमान कोई संयोग है या बड़े प्रयोग की तैयारी है। इससे पहले पीएम मोदी के संसद पहुंचने पर एनडीए के सांसदों ने मोदी-मोदी के नारों से उनका स्वागत किया। पीएम ने राहुल का नाम लिए बिना एक किस्सा सुनाया। कहा, कोई छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला। वह गिर गया, रोने लगा तो कोई बड़ा आकर कहता है कि देखो चींटी मर गई, चिड़िया मर गई। ऐसा कहकर बड़े बच्चे का मन बहला देते है। आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है। पीएम ने कहा- 1984 के चुनावों को याद कीजिए। तब से 10 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। तब से कांग्रेस 250 के आंकड़े को छू नहीं पाई है। इस बार 99 के चक्कर में फंस गए हैं। मुझे एक किस्सा याद आता है। एक बच्चा 99त्न मार्क्स लेकर घूम रहा था। लोगों की वाहवाही ले रहा था। टीचर ने कहा कि ये 100 में से 99 नंबर नहीं लाया, 543 में से लाया है। मोदी ने कहा, एक बच्चा स्कूल से आया और जोर-जोर से रोने लगा। मां भी डरी कि क्या हो गया। बच्चा बोला- मुझे स्कूल में उसने मारा, इसने मारा, वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने पूछा कि बेटा, बात क्या थी। बच्चा यही बोला कि मुझे मारा, मुझे मारा। बच्चे ने ये नहीं बताया कि उसने किसी को मां की गाली दी थी, किसी की किताब फाड़ दी थी, किसी का टिफिन चुराकर खा गया था। टीचर को चोर बोला था। सदन में कल हमने यही बचकानी हरकत देखी है। कल यहां कहा गया- मुझे इसने मारा, उसने मारा, यहां मारा, वहां मारा। सिम्पैथी हासिल करने के लिए नया ड्रामा खेला गया। जो सच्चाई जानते हैं कि वे हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी में जमानत पर बाहर हैं। ये ओबीसी लोगों को चोर बताने के मामले में सजा काट चुके हैं। इन्हें देश की सर्वोच्च अदालत से गैर-जिम्मेदाराना बयान देने पर माफी मांगनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने फिर राहुल का नाम लिए कहा, हमने कल सदन में बचकाना हरकत देखी। ये बालक बुद्धि का विलाप है।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से बुधवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर बहस कराने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा है कि मेरा मानना है कि छात्रों के हित में नीट मुद्दे पर बहस का नेतृत्व करना उचित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्र में लिखा है कि हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट उम्मीदवारों के हित में रचनात्मक रूप से जुड़ना है, जो जवाब के हकदार हैं। मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखकर मांग की कि वह विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले भाषण के हटाए गए हिस्सों को बहाल करें। उन्होंने कोटा सांसद पर चयनात्मक निष्कासन का भी आरोप लगाया। राहुल गांधी ने पत्र में लिखा कि मैं अनुराग ठाकुर के भाषण की ओर भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जिनका भाषण आरोपों से भरा था, हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से केवल एक शब्द को हटाया गया है! आपके अच्छे स्वभाव के प्रति उचित सम्मान के साथ, यह चयनात्मक निष्कासन तर्क को अस्वीकार करता है।

## योगी कैबिनेट की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

# सेवा से बाहर नहीं होंगे तदर्थ शिक्षक, मिलेगा मानदेय

**फैसले**

- बढ़ेगा सिक्योरिटी गार्ड का भत्ता
- डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए एग्रीटेक नीति स्वीकृत
- कृषि विकास दर दोगुना कर 20 प्रतिशत करने का है लक्ष्य



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए यूपी एग्रीटेक नीति 2024 को हरी झंडी दे दी गई। इसमें कृषि विकास दर को दोगुणा करते हुए 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। कैबिनेट में कुल 12 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से 11 पास हो गए हैं। उत्तर प्रदेश चारा नीति 2024-29 को भी स्वीकृति मिल गई है। नगर पालिका परिषद रायबरेली के सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास नहीं हो सका है।

कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इसमें यूपी एग्रीटेक नीति 2024 को स्वीकृति मिल गई है। प्रदेश में डिजिटल आधारित खेती के लिए नए क्रांतिकारी परिवर्तन के तौर पर यह नीति लाई गई है। इससे कृषि प्रौद्योगिकी, भू-स्थल मौसम आदि की जानकारी किसानों को समय पर दी जाएगी। कृषि विभाग को पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा। किसानों तक रियल टाइम पर सूचनाएं पहुंचाई जाएंगी। उनके लिए डाटा तैयार किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश अब डिजिटल कृषि की ओर बढ़ रहा है। इससे कृषि में नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ब्लाक चेन आदि का इस्तेमाल होगा। कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। डाटा का संग्रह होगा। डिजिटल तकनीक के जरिए किसान रजिस्ट्री हो सकेगी। औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर ने बताया कि बड़े क्षेत्र के कारण ही एप्पल ने तमिलनाडु में यूनिट लगाई है। महाराष्ट्र में मर्सडीज ने लगाई है, क्योंकि वहां बड़े लैंड बैंक हैं। प्रदेश में बड़े लैंड बैंक में शहरीकरण की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इस एक्ट के लागू होने के बाद यहां के मास्टर प्लानिंग और अन्य बदलाव के प्राधिकरण स्तर पर ही हो सकेंगे। एनओसी भी प्राधिकरण स्तर पर हो जारी हो सकेंगे। अभी इसके लिए प्रदेश स्तर तक आना पड़ता है। गुजरात के एक्ट के अनुसार उन्होंने 10 हजार हेक्टेयर से ऊपर का इन्वेस्टमेंट क्षेत्र हो सकेगा। अभी हम लोगों ने न्यूनतम क्षेत्र की सीमा निर्धारित नहीं की है, लेकिन बड़े विकसित करेंगे। बुंदेलखंड में जो हम लोगों ने बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी बनाई है उसका क्षेत्रफल पांच हजार 5000 हेक्टेयर रखा है।

प्रदेश सरकार ने तदर्थ शिक्षकों को राहत दे दी है। अब उन्हें मानदेय पर रखा जाएगा। एडेड स्कूलों में खाली पदों के सापेक्ष प्रवक्ता/ सहायक अध्यापक रख लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तदर्थ शिक्षकों को हटाने के निर्देश 2023 में दिए थे। 2254 शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें हटाया गया था। इनमें से 40 शिक्षकों का समायोजन हो चुका है शेष शिक्षकों को अब संविदा पर रखा जाएगा।

### प्रदेश में बनेंगे बड़े निवेश क्षेत्र

प्रदेश में बड़े निवेश क्षेत्र यानी स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाए जाएंगे। यह प्रदेश के चार अलग अलग क्षेत्रों में स्थापित होंगे। इसके लिए एक्ट के ड्राफ्ट को मंगलवार को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। नोडल निवेश क्षेत्र अधिनियम लाने वाला यूपी चौथा राज्य होगा। गुजरात, कर्नाटक और राजस्थान में यह पहले से हैं। बड़े लैंड बैंक के लिए दो लाख एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। इसको विकसित करने के लिए विधिक जामा पहनाया जाएगा। वर्तमान में 75 प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्र 150 एकड़ में कम के हैं जबकि 25 प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्र 50 एकड़ से कम में है। जब तक बड़े क्षेत्र नहीं होंगे तब तक मल्टी नेशनल कंपनियां यहां नहीं आएंगी।

### अब 22 हजार प्रोत्साहन भत्ता

कैबिनेट ने वेतन समिति की संस्तुतियों पर मुख्य सचिव समिति की रिपोर्ट पर मुहर लगा दी है। इसके तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री के यहां तैनात सुरक्षा गार्ड का मानदेय बढ़ाया गया है। यहां पर 656 सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। इन्हें अब 12,500 से बढ़ाकर 22 हजार रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा। इसके साथ ही 2130 शिक्षकों का मानदेय बढ़ा दिया गया है। व्यावसायिक शिक्षक इंटर में पढ़ाने वालों को प्रति लेक्चर 500 की जगह अब 750 रुपये मिलेंगे। इन्हें 15 हजार मासिक की जगह अधिकतम 20 हजार रुपये मिल सकेंगे। हाईस्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को 400 की जगह 500 रुपए प्रति व्याख्यान दिया जाएगा। भत्ता में बढ़ोतरी हुई है।

# सीएमएस के 22 छात्रों को भारत सरकार द्वारा 88 लाख रूपये की स्कॉलरशिप



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के 22 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 88 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों में कुल चार लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, सभी 22 छात्रों को 88 लाख रूपये की स्कॉलरशिप मिलेगी। सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा-2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अखिलेश ने अयोध्या से लेकर अग्निवीर तक केंद्र सरकार को घेरा

# अवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूरः अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संसद में बदले माहौल में अब विपक्ष जमकर सरकार को घेर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी सपा के नेता व कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार केंद्र की एनडीए सरकार को अयोध्या में भाजपा की हार से लेकर अग्निवीर सहित कई मुद्दों पर घेरा।

उन्होंने कहा कि चुनाव में जो लोग 400 सीटें जीतने का दावा करते थे। जनता ने उनका गुरूर तोड़ दिया है। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर, दरबार तो लगा है पर है गमगीन और बेनूर...। अखिलेश यादव ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के सभी समझदार और ईमानदार मतदाताओं को धन्यवाद जिन्होंने देश के लोकतंत्र को एकतंत्र बनने से रोक दिया। इस चुनाव ने



तोड़ने वाली राजनीति को तोड़ दिया है और जोड़ने वाली राजनीति को जोड़ दिया है। 2024 के चुनाव परिणामों ने बता दिया है कि सांप्रदायिक राजनीति खत्म हुई और सामुदायिक राजनीति का प्रारंभ हुआ है। अयोध्या में सपा की जीत पर अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या ने बड़ा संदेश दिया है। अयोध्या की जीत भारत के परिपक्व मतदाता की लोकतांत्रिक समझ की जीत है। होइहि सोइ जो राम रचि राखा। यह है उसका फैसला जिसकी लाठी में नहीं होती आवाज, जो करते थे किसी को लाने का दावा, वह खुद है खुद किसी के सहारे के लाचार। अखिलेश यादव ने कहा कि अग्निवीर जैसी योजना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। यह व्यवस्था देश की सुरक्षा के साथ समझौता है। जब कभी इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो इस योजना को खत्म कर देंगे। उन्होंने जातीय जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि हम कास्ट सेंसस के पक्ष में हैं। कास्ट सेंसस के बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं है। अखिलेश यादव ने लोकसभा में ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाए। मुझे कल भी ईवीएम पर भरोसा नहीं था आज भी नहीं है।

अगर यूपी में 80 की 80 सीटें जीत भी जाऊं तो भी भरोसा नहीं होगा। ईवीएम का मुद्दा मरा नहीं है। जब तक ईवीएम हट नहीं जाती समाजवादी लोग इस पर अडिग रहेंगे।

**क्या किसानों की आय दोगुनी हो गई...**

अखिलेश यादव ने किसानों से किए गए वादों को लेकर एनडीए सरकार को घेरा। कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था आज किसान अपनी आय बढ़ने की राह देख रहा है। इस सरकार ने एक भी मंडी नहीं बनाई है। जो सरकार मंडी नहीं बना सकती है उस पर एमएसपी का भरोसा कैसे कर सकते हैं?

**न नौकरी की उम्मीद है न रोजगार की**

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार नौकरियां देने का वादा करके आई थी लेकिन आपकी सरकार में न नौकरी की उम्मीद है न रोजगार की। जो कुछ पद निकलते हैं उन पर पिछले दरवाजे से लैटरल इंट्री करके नियुक्ति हो जाती है। आरक्षण का हक योग्य उम्मीदवार न होने का बहाना बनाकर खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में ओल्ड पेंशन स्कीम का जिक्र नहीं है। हमारी मांग है कि ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए जिससे कर्मचारियों का भविष्य बन सके।

## दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** हरपुर बु द ह ट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुईकोल निवासी गुरु प्रसाद चौहान पुत्र स्व अदालती चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ मारने पीटने तथा जान माल की धमकी देने के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कुईकोल निवासी गुरु प्रसाद चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 जून को रात 8 बजे के करीब गांव के ही परवीन और सूरज पुत्रगण राम आसरे चौहान बेवजह भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए, और जान माल की धमकी देते हुए भाग गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि गुरु प्रसाद चौहान की तहरीर पर परवीन और सूरज के खिलाफ मारने पीटने तथा जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## लेखपाल ने खड़ंजा उखाड़ने वाले आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड मे पैमाइस के बाद अथास्थित बनाए रखने का आदेश देने पर भी आरोपी ने सार्वजनिक खड़ंजे को उखाड़ कर फेक दिया था। पुलिस ने लेखपाल की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड में आराजी संख्या 243 का राम ललित बनाम त्रिलोकी के बीच धारा 24 एसडीएम न्यायालय से आदेश हुआ था। तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व टीम और पुलिस मौके पर पहुंच कर पैमाईस किया।और पत्थर गाड़ा। और निर्देश दिया की दोनो पक्ष अथास्थित बनाए रखे। उसी दिन राम ललित ने आराजी संख्या 250 में लगे खड़ंजे को उखाड़ कर फेक दिया। जो कानून गलत था।

# विपक्ष लोकतंत्र का उड़ा रहे मजाकः भूपेंद्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिन्हें अपने राज में मतपेटियां लुटवाने का अनुभव रहा हो वो ईवीएम की पारदर्शी प्रक्रिया और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का क्या सम्मान करेंगे।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जिस ईवीएम के परिणामों के सहारे लोकतंत्र के मंदिर संसद तक पहुंचे हैं, आज उसी ईवीएम और संवैधानिक प्रक्रिया व संस्थाओं पर संदेह पैदा कर लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहे हैं। श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा के अराजक लोगो को बैलेट बॉक्स लूटने और बोगस वोट डलवाने में महारत हासिल है। पेपर लीक के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में किस तरह से पेपर लीक हुआ करते थे, ये किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा माफिया, पेपरलीक और नकल माफिया का जन्म तो सपा सरकार में ही हुआ था। इन्हें संरक्षण देने वाली सपा ही है, जिसने एक जाति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए ये सब गोरखधंधा शुरू किया। योगी सरकार ही है जिसने पेपर लीक माफिया के खिलाफ अध्यादेश लाकर सख्त कानून बनाने की पहल की है। इसमें आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्राविधान किया गया है। पेपरलीक माफिया का गॉडफादर अनिल यादव था, जिसे मुलायम सिंह यादव जी ने कुर्सी पर बैठाया था। सपा सरकार में ऐसी भर्तियां होती थीं कि हाईकोर्ट उन्हें रद करता था। अयोध्या पर दिए गए बयान पर भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि खुशी इस बात की है जो राम मंदिर निर्माण के बाद अब तक भगवान राम के दर्शन को नहीं पहुंचे वो आजकल दिन रात भगवान राम का नाम ले रहे हैं। जिन्होंने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, जिन्होंने रामभक्तों के खून से सरयू को सराबोर कर दिया था वो आज राम कृपा पर फूले नहीं समा रहे हैं। सच ही कहा था उन्होंने कि हुइए वही जो राम रचि राखा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी को लखनऊ से सैफई को जोड़ने वाली सड़क पर बड़ा नाज है, लेकिन भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव प्रदेश के हर हिस्से को एक्सप्रेसवे और सड़क से जोड़ा है। आज निर्मल अविरल गंगा का जिक्र करते हुए वो अपने समय में गंगा की दुर्दशा को भूल जाते हैं। वो नहीं बताते कि उन्होंने गंगा की स्वच्छता के लिए कोई कदम नहीं उठाया। श्री चौधरी ने कहा कि गन्ना भुगतान पर भी अखिलेश ने झूठ बोला। पहले के समय में यूपी में गन्ना किसानों को सालों तक भुगतान नहीं होता था, लेकिन अब प्रदेश में न सिर्फ बंद चीनी मिलों को दोबारा से शुरू कराया गया, बल्कि किसानों का गन्ना भुगतान भी किया गया। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अब तक ढाई लाख करोड़ का रिकॉर्ड भुगतान कर प्रदेश के गन्ना किसानों को राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश को संविधान के नाम पर गुमराह करने वालो को जनता ने कितनी बार सत्ता से बाहर किया, गिनती कर लीजिए। 7 बार लगातार जनता ने सपा के मुंह पर जो हार का तमाचा मारकर उसका गुरूर तोड़ा है वो भी सपा प्रमुख को भूलना नहीं चाहिए।

# भाजपा के बहोरन लाल मौर्य ने नामांकन दाखिल किया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। विधान परिषद उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री बहोरन लाल मौर्य ने नामांकन दाखिल किया।

- सीएम योगी की मौजूदगी में मौर्य ने किया नामांकन
- भाजपा ने बहोरन लाल मौर्य को बनाया है प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी के विधान मंडल दल कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने श्री बहोरन लाल मौर्य का स्वागत करते हुए शुभकामनायें दी। भाजपा विधानमंडल दल कार्यालय से मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री सुरेश खन्ना, जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जेपीएस राठौर, श्री कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह ओलख, प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ला, विधायक श्री संजीव अग्रवाल, श्री राजेश चौधरी सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। नामांकन के दौरान बडी़ संख्या में राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायक व अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## हाथरस की घटना पर जताया शोक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जनपद हाथरस के सिकन्दरामऊ में हुए हादसे में दिवंगत हुए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ में सत्संग के दौरान हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा घायलों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## राजस्व संबंधित समस्या से स्वयं अवगत करायें शिकायतकर्ताः एसडीएम

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उपजिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार ने फरियादियों से कहा है कि शिकायतकर्ता को भटकने की जरूरत नही है वह अपनी समस्याओं की शिकायत स्वयं हमें अवगत करायें ताकि उसका समय पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर कई शिकायतें न्यायालय में दर्ज करायी जाती है जिसमें चकमार्ग, नाली, गूल, खसरा, खतौनी एवं अन्य राजस्व संबंधित मामले आते हैं। इन समस्याओं को सुनने में वादकरियों को कई चक्कर न्यायालय में लगाने पढ़ते हैं। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व न्यायालयों में दर्ज होने वाले मुकदमों को राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रणाली पर दर्ज न किए जाने से वादकारियों को तारीख लेने के लिए भी राजस्व कोर्ट आना पड़ता है। वादकारियों की इस समस्या को देखते हुए अब राजस्व न्यायालयों में चलने वाले सभी मुकदमों को कंप्यूटरीकृत प्रणाली पर दर्ज कर दिया गया है। मुकदमों की डिटेल के साथ वादकारियों व उनके अधिवक्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज करने होंगे। इसके बाद वादकारियों और पक्षकारों को केवल तारीख के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राजस्व मुकदमों को सुनने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए मुकदमों के साथ ही पुराने मुकदमों का डाटा राजस्व न्यायालय प्रणाली पर अपलोड करना होगा।



भाजपा शासनकाल में देश के विभिन्न हिस्सों में मुसलमानों के ख़िलाफ़ हो रहे अत्याचारों पर, मॉब लिंचिंग और घर बुल्डोजर चलाने के खिलाफ आज संसद भवन परिसर से अपना विरोध जताते कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी

## विहिप बजरंग दल सेवा सप्ताह में आयोजित शिविर में 75 रोगियों का उपचार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद के चिकित्साधिकारी डॉ अरुण तिवारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकीय टीम के द्वारा 75 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। बजरंग दल के तत्वावधान में सेवा दिवस के अवसर पर प्रखंड कुठौंद के ग्राम पंचायत भदेख में आयोजित शिविर में मरीजों को जागरुक करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। मेले में मरीजों की मलेरिया , डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों की जांच की गई। इस मौके पर अभिनव दीक्षित प्रांत सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद, धीरज दीक्षित प्रखंड अध्यक्ष, प्रेम सिंह पाल प्रधान प्रतिनिधि,अमित तिवारी प्रखंड संयोजक एवं स्वास्थ्य विभाग से आए हुए डा. अवनीश सचान डा. संदीप कुमार डा. आशीष जादौन राहुल कटियार पंकज राजपूत एन.साकिव सिद्दिकी राहुल c.h.c. अवनीश कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर धीरज दीक्षित प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड कुठौंद द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा शिविर ग्राम पंचायत भदेख में लगाया गया एवं सभी मरीजों की जांच कर कर उनको निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई गई।

## डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को गौरीगंज स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा राशन कार्ड से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा किया एवं लंबित शिकायत को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राशन कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसील दिवस के अवसर पर सभी तहसीलों में कैंप लगाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड कैंप में यूनिट बढ़ाने या घटाने से लेकर अन्य शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

# विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ, भागलपुर की मानद उपाधि विद्या वाचस्पति तथा भारत गौरव सम्मान वितरण समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** साहित्य की दुनिया उत्तर प्रदेश इकाई एवं भाष्कर साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, लखनऊ के संयुक्त तत्त्वावधान में सरस्वती एकेडमी, पांडेय चौराहा, भरत नगर, सीतापुर रोड,लखनऊ में सरस काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर अजय प्रसून ने की। मुख्य अतिथि डॉक्टर साहब दीन दीन, विशिष्ट अतिथि डॉ नीलम रावत एवं सुरेश चंद सक्षम थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन राम राज भारती फतेहपुरी ने किया।

संयोजक प्रवीण पाण्डेय आवारा के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के उपरांत डॉ कुसुम चौधरी की सुमधुर वाणी वंदना से हुआ। इस अवसर पर डॉ अजय प्रसून, डॉ साहब दीन दीन, सुरेश चंद्र सक्षम, डॉ नीलम रावत, खालिद हुसैन, कन्हैया लाल जायसवाल, डॉ कुसुम चौधरी, प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, हरि गोविंद यादव, मृत्युंजय प्रसाद गुप्त, यदुनाथ सुमन, शशि चौधरी, शिवकांत, राम राज भारती फतेहपुरी, प्रेमशंकर शास्त्री बेताब व आशीष पांडेय आदि ने अपनी कविताओं से गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। काव्यांश अधोलिखित हैं। डॉ कुसुम चौधरी ने गीत प्रस्तुत किया कर रही सबरी प्रतीक्षा। पूर्ण होगी कब परीक्षा। कन्हैया लाल हेम तपे न मिटे वह रूप,खरा उतरे सच रूप बतावै। डॉ नीलम रावत - तपि जेठ भयंकर रूप धरे, सूरजों धधकाय रहा गरमी। प्रवीण पाण्डेय आवारा - सुनि लिहिनि इन्द्र देउता पुकार, बरसाइ दिहिनि थ्वारा पानी। तपि गवा महीना जेठु पूर, अब होइ लागि हइ हैरानी। डॉ यदुनाथ सुमन - ये झोपड़ी हमारी यहीं पे रहने दो। चाहत न आसमां की जमीं पे रहने दो। हरि गोबिंद यादव - बदनीयती फलती नहीं यारो बताओ क्या करें। खालिद हुसैन - या रब तू इक जहान पैदा कर। खुलूशो मोहब्बत वाला इंसान पैदा कर। डॉक्टर अजय प्रसून एक तीखी कटार है यारो। ये गजल धारदार है यारो। डॉ साहब दीन दीन÷ - हमदर्द सभी बनकर मेरे, इस दिल में समाया करते हैं। राम राज भारती फतेहपुरी अनागत का दौर तो आज है कठिन किंतु कल वाली सुबह तो अधिक सुहानी है। इस अवसर पर समृद्ध मंच एवं विक्रम शिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर, बिहार के प्रतिनिधि मुख्य अतिथि डॉ साहब दीन दीन द्वारा विद्या वाचस्पति एवं भारत गौरव सम्मान वितरित किए गए। कन्हैयालाल जायसवाल- विद्यावाचस्पति, प्रवीण कुमार पांडेय आवारा-विद्यावाचस्पति, हरि गोविन्द यादव- विद्यावाचस्पति, आचार्य प्रेम शंकर शास्त्री बेताब - विद्यावाचस्पति, डॉ.कुसुम चौधरी- भारत गौरव, डॉ. यदुनाथ सुमन-भारत गौरव, खुशबू गौतम - विद्यावाचस्पति। कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रवीण पाण्डेय आवारा ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया।

# बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग हम सभी के लिए चिंता का विषयः रजक

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** वृक्ष धरा के भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण है, पर्यावरण संरक्षण के इसी सन्देश के साथ भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा फुन्दी सिंह लौना राजकीय महाविद्यालय जालौन परिसर में छायादार व उपयोगी वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए फुन्दी सिंह लौना राजकीय महाविद्यालय जालौन के प्राचार्य डॉ एस आर रजक ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग हम सभी के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण के द्वारा ही इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन, महिला सहभागिता की राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती अमिता जैन, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव अजय इटौरया, क्षेत्रीय सचिव पर्यावरण अजय महतेले, प्रान्तीय महासचिव विनोद सरावगी, प्रान्तीय वित्त सचिव राजेश गुप्ता, प्रान्तीय उपाध्यक्ष लखन लाल चन्दैया, प्रमुख शाखा जालौन के संरक्षक सतीश सिंह सेंगर अनिल माहेश्वरी महेश बिलैया भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत मंडल महामंत्री कुंवर सिंह यादव, अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव एडवोकेट, मंगल सिंह चौहान, सौरभ अग्रवाल, पंकज अग्रवाल गर्ग, अजय श्रीवास्तव, समन्वयक जे पी मिश्रा, गौरव गुप्ता, बलराम सोनी, अश्विनी द्विवेदी, संयुक्त सचिव पीयूष गुप्ता आदि ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु योगदान दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-GS-2024-06 (Two Packet System), कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल गोण्डा :– गोण्डा स्टेशन पर स्टेशन भवन का निर्माण, अनुमानित लागत : ₹ 40,06,20,463.06, अग्रिम धन : ₹ 21,53,100.00, समापन अवधि : 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-06 के लिए ई-निविदा दिनांक 23.07.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/डब्ल्यू-141

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता को डिप्टी सीएम द्वारा दिए गए सम्मान पर जताई खुशी




*अवधनामा संवाददाता*

**गोशाईगंज-अयोध्या।** बीते दिनों राजधानी लखनऊ में हिंदी दैनिक अवधनामा के स्थापना दिवस समारोह पर अयोध्या जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा मोमेंट देकर सम्मानित किए जाने पर गोसाईगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के हाथों से सम्मानित होना गोसाईगंज नगर के लिए बड़े ही गर्व की बात है। सभासद ध्रुव भोजवाल, सभासद रविंदर यादव,सभासद अवधेश स्वर्णकार,सभासद प्रतिनिधि जगदंबा कशोधन, आलोक अंगियार सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्तह्य की हैं! नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कस्बे के तेलियागढ़ निवासी मान्यता प्राप्त पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता को सम्मान मिलने से जहां कस्बेवासियो का मान बढ़ा है वही लोगों में खुशी भी व्याप्त है!पत्रकार श्री गुप्ता की इस उपलब्धि पर पत्रकार दिनेश कुमार जायसवाल, पत्रकार? रविकांत अंगियार, कपिल देव अंगियार,दिनेश तिवारी, पुरषोत्तम गुप्ता, दिनेश जायसवाल पत्रकार व भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल,पूर्व प्रधान चिरकिटहा नागेंद्र नाथ गोस्वामी,व्यापारी नेता अरविंद सिंह,पूर्व सभासद व तमसा बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक चौरसिया सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पदाधिकारी को मिली जिम्मेदारी



**अयोध्याधाम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या विभाग कार्यालय पर विगत प्रांत अभ्यास वर्ग बाराबंकी में नवीन घोषणाओं के बाद पहली परिचय बैठक संपन्न हुई । जिसमें नवीन दायित्वधारी कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं परिचय संपन्न हुआ। मंच पर उपस्थित महानगर के अध्यक्ष डॉ आलोक सिंह महानगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक प्रोफेसर विक्रमा प्रसाद पांडे विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने विभाग संगठन मंत्री अयोध्या रहे अमन मिश्रा ने सभी नवीन दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया वही स्थानांतरण के क्रम में विभाग संगठन मंत्री अयोध्या रहे अमन मिश्र को बाराबंकी विभाग संगठन मंत्री बनाया गया वही अवध विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय विस्तारक का काम देख रहे अश्विनी मौर्य को जिला संगठन मंत्रीह्यह्यह्य ेहनलालगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई नवीन घोषणाओं के क्रम में डॉ नागेंद्र सिंह को विभाग प्रमुख शशांक सिंह विद्यार्थी को विभाग संयोजक विभाग सहसंयोजक विज्ञेश् श्रीवास्तव विभाग छात्रा प्रमुख निकिता शास्वत अंकित भारतीय को विभाग संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई इसी क्रम में अयोध्या जिले में जिला प्रमुख अमित मिश्रा जिला संयोजक शौर्य प्रताप सिंह जिला सहसंयोजक हर्षित कौशल को बनाया गया महानगर के संगठन मंत्री के रूप में राजवर्धन सिंह को अयोध्या महानगर की जिम्मेदारी सौंप गई अयोध्या ग्रामीण में पुनः प्रदेश मंत्री जिला संगठन मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई के रूप में घोषित किया गया ।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही: कहा- पौधरोपण को बनाया जाए जनांदोलन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज अयोध्या।** बाकरगंज विकासखंड मया के भिसवा गांव में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे। यहां आम, अमरूद, कटहल, सागौन, आंवला, सेमर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश बादल क पूज्य पिता महेन्द्र देव पाण्डेय के प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित पितृ पूजन वृक्षारोपण एवं ग्राम सभा की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण 2 जुलाई 2024 मंगलवार दोपहर 2:00 बजे ग्राम दुर्गापुर रामपुरवा प्राथमिक विद्यालय में किया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का भी पिता काट कर उद्घाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण की समस्या आज पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए वृक्षारोपण को



जनांदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की समस्या आज पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इस समस्या से न केवल मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। बल्कि यह पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों और वनस्पतियों, वनों, जंगलों, पहाड़ों, नदियों सभी के अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि जीवन और पर्यावरण एक दूसरे पर आश्रित हैं। इसका संरक्षण हम सबका परम दायित्व है। इह्यह्यह्यस मौके पर गिरीश चंद्र त्रिपाठी महापौर अयोध्या, पूर्व जिला अध्यक्ष बांके बिहारी मणि, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, कप्तान सिंह ब्लाक प्रमुख मया, विपुल पांडे, अभिषेक मिश्रा पूर्व महानगर अध्यक्ष, कमलेश श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष, प्रदीप जायसवाल, पंकज सिंह, ध्रुव गुप्ता, आदि सैकड़ो भाजपा नेता उपस्थित थे।

# जैदपुर में बारिश के चलते कच्चा मकान गिरा, मौके पर पहुचे अधिकारी



**जैदपुर बाराबंकी।** रात में हुयी भयंकर बारिश के चलते गरीब का आशिना आज सुबह अचानक भरभरा गिर गया। घर में बैठ लोग भागकर किसी तरह तुरन्त अपनी जान बचायी। जबकि तमाम समान दबकर मलबे में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र जैदपुर के मचौची ग्राम पंचायत में मंगलवार को सुबह 8 बजे सुरविन्द्र कुमार पुत्र राम तीरथ का एक हजार स्कावर फिट से अधिक रेंज में बना मकान रिमझिम बारिश के चलते उस समय गिरा जब परिवार के लोग खाना पीना खाकर बाहर निकल गये। वहीं घर स्वामी घर में रखे पलंग पर सो रहा था। परंतु एक तरफ दीवार गिरते ही आवाज होने भागते ही पूरी स्लिप भरभरा कर गिर गयी। और कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।जबकि पास ही बंधी एक गाय कघायल हो गयी। और घर में रखा राशन कपडे बर्तन चारा मशीन पानी की टंकी मोटर सहित तमाम सामान मल्बे में दब गया। जिसकी जानकारी घर स्वामी ने हल्का लेखपाल को दिया फिर भी लेखपाल खबर लिखने तक मौके का निरिक्षण करने नहीं पहुंचे।

# सीएमओ ने सारथी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बाराबंकी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम में विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से सारथी जागरूकता वाहन का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव ने बताया कि, जनपद एंव विकास खण्ड स्तर पर आम जनता के मध्य देश की बढ़ती जनसंख्या के संबध में




जागरुता फैलाने तथा आम जन मानस को परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों को अपनाने के लिये प्रेरित करने हेतु सारथी जागरूकता वाहन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वाहन दो से पांच जुलाई तक जनपद के सभी प्रमुख स्थलों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, बाजार, हाटों में रूक कर परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों का प्रचार-प्रसार करते हुये आम जनमानस को परिवार नियोजन की विधियों को अपनाने हेतु प्रेरित करेगा। परिवार नियोजन उपायों के संबंध में लोगों की भ्रान्तियों को दूर करते हुये जनता का इनके प्रति ज्ञान सम्वर्धन करेगा। इस वाहन द्वारा आम जन मानस को परिवार नियोजन संबंधी विभिन्न विधियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार सामग्री भी वितरित की जायेगी। इस अवसर पर समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ नोडल अधिकारी परिवार जिला प्रबंधक कल्याण डा0 राजीव दीक्षित, मो0 इमरान, जुबेर अहमद, वेद प्रकाश पाण्डेय आदि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीआरसी लॉ कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला एवं वितरित किये गये स्मार्टफोन

**बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में लीगल रिसर्च में एआई की भूमिका पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता श्री अरुण कुमार पाण्डेय क्षेत्रीय प्रबन्धक एससीसी के द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें कि उनके द्वारा विभिन्न न्यायालयों के द्वारा पारित निर्णय को ऑनलाइन किस प्रकार एससीसी पोर्टल पर खोजा एवं पढ़ा जा सकता है। साथ ही साथ किसी भी निर्णय को खोजने हेतु ऑनलाइन टूल्स किस प्रकार सहायता करते हैं इस पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान छात्र एवं छात्राओं ने मुख्य वक्ता से अपने प्रश्नों का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यशाला के उपरान्त स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत नोडल अधिकारी डा. अश्वनी कुमार गुप्ता के द्वारा पात्र छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता, शैक्षणिक समन्वयक डा. दीपमाला श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह तथा विधि महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं, विधि संकाय के प्रवक्ता, उपस्थित रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों के बीच अयोध्या में हुए 30 दिवसीय फाइन आर्ट्स एण्ड कल्चर वर्कशॉप का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वदेश संस्थान सागर कला भवन अयोध्या में हुए 30 दिवसीय फाइन आर्ट्स एण्ड कल्चर वर्कशॉप के समापन समारोह का शुभारंभ सीतापुर के राष्ट्रीय कवि दीपक सागर, अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ के निदेशक अम्बरीष चंद्र पाण्डेय, उपनिदेशक अंशिका सिंह, मां शान्ति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक बसन्त राम एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव, जितेन्द्र प्रजापति एडवोकेट महामंत्री श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट, समाजसेवी विजय वर्मा, सुबोध श्रीवास्तव, रेखा तिवारी आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन करके किया गया।समारोह में सर्वप्रथम फाइन आर्ट्स एंड कल्चर वर्कशॉप में निर्मित चित्रकला, मूर्तिकला, लिप्पन आर्ट, आउटडोर लैंडस्केप पेंटिंग आदि कलाकृतियों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों द्वारा की गई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके उपरान्त कार्यशला में सीखे गए लोक नृत्य और संगीत आदि की प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में लोक नृत्य और संगीत में एकल एवं सामूहिक प्रस्तुति भी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जिसमें आस्था सिंह, काजल मौर्या, स्वाति रावत, श्रद्धा तिवारी, अंजली तिवारी, देवांशी यादव आदि ने अपनी भव्य प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। सम्मान समारोह में स्वदेश संस्थान के सचिव प्रतिभा यादव, कोषाध्यक्ष राम आशीष, अंबरीश चंद्र पाण्डेय, बसंत राम आदि गणमान्य लोगों द्वारा फाईन आर्ट्स एण्ड कल्चर वर्कशॉप में अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कला साधक काजल मौर्या को प्रथम, अंशिका मौर्या को द्वितीय,



अक्षत सिंह को तृतीय पुरस्कार व प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी प्रतिभागी कला साधकों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र पट्टिका आदि प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

## करंट लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत

**हैदरगंज अयोध्या।** उमरनी पिपरी गांव में अपने मामा के घर शादी समारोह में आए 20 वर्षीय युवक की विद्युत करंट से मौत के मामले में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हैदरगंज थाना क्षेत्र हैदरगंज अंतर्गत बेलाराम बाग के मजरे उमरानी पिपरी गांव निवासी अंगद प्रसाद निषाद के पुत्र इंद्रजीत की शादी 28 जून को थी । शादी समारोह में शामिल होने के लिए अंगद का भांजा अंबेडकर नगर जनपद के भीटी निवासी इंद्रसेन पुत्र राम उजागिर भी आया था।

# गिरिजा कुण्ड के जीर्णोद्धार व पर्यटन सुविधाओं का विकास 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के साथ ही विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित कुंडों, भवनों, मठ-मंदिरों आदि को चरणबद्ध तरीके से संजोने-संवारने हेतु जीर्णोद्धार एवं जन सुविधाओं का विकास कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इस क्रम में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर जनौरा गांव में स्थित मंत्रेश्वर महादेव मंदिर के ठीक सामने स्थित गिरिजा कुण्ड के जीर्णोद्धार एवं वहां पर पर्यटन



सुविधाओं के विकास का 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां पर गेट, स्तम्भ, छतरी, सीढ़ियों पर पत्थर लगाने के उपरांत वायरिंग का कार्य शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि यहां पर आगंतुकों हेतु बनाये जा रहे विश्राम गृह के साथ ही इण्टरप्रिटेशन वॉल, बाउण्ड्रीवाल, पाथ वे, फ्लोरिंग एवं लाइटिंग का कार्य अंतिम चरण में है। इस पौराणिक कुण्ड पर उक्त कार्यों के होने से कुण्ड की भव्यता पुनः परिलक्षित होने लगी है। ऐसी मान्यता है कि मन्त्रेश्वर जी के दर्शन-पूजन से पूर्व श्रद्धालु गिरिजा कुण्ड में स्नान करते हैं तथा 14 कोसी परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालु भी इस कुण्ड में स्नान ध्यान करते हैं एवं स्थानीय जन गिरिजा कुण्ड में स्नान कर यहीं से चौदह कोसी परिक्रमा प्रारम्भ करते हैं।

## सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज में पौधारोपण कर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने मनाया जन्मदिन



*अवधनामा संवाददाता*

**गौरा चौकी गोंडा।** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ थीम पर बभनजोत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया द्य उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि एक पौधा जरूर लगाए सैदापुर के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के तहत बभनजोत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने अपने जन्मदिन के मौके पर सादुल्लाह नगर वन रेंजर्स के साथ मिलकर पौधारोपण किया उन्होंने सभी से अपील की कि एक पौधा जरूर लगाए द्य उन्होंने कालेज के छात्र-छात्राओं एवं वन कर्मियों के साथ मिलकर सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज में पौधारोपण का कार्य किया द्य सोमवार से जिले में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है द्य प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# रोटावेटर के चपेट में आकर बारह वर्षीय किशोर की मौत,मचा कोहराम

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव में मंगलवार की सुबह खेत की जोताई करते समय एक बारह वर्षीय किशोर रोटावेटर की चपेट में आ गया। रोटावेटर में फंसकर किशोरह्य की मौके पर ही मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार में मातम छा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक खोड़ारे थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव की रहने वाली सिरमिला देवी मंगलवार की सुबह अपने खेत का ट्रैक्टर रोटावेटर से जोताई करा रही थी?। उसके साथ उसका 12 साल का बेटा राज भी था?। जोताई के दौरान राज पीछे से रोटावेटर पर चढ़ने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह रोटावेटर के बीच जा गिरा। रोटावेटर में फंसकर राज की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। ग्राम पंचायत अल्लीपुर के ग्राम



प्रधान प्रतिनिधि मुकेश महतो के मुताबिक सुबह सिरमिला देवी पत्नी स्वर्गीय झीन मौर्या ने अपने खेत में लेवा कराने के लिए बाहर से ट्रैक्टर बुलाया था। ट्रैक्टर चालक रोटावेटर से खेत का लेवा कर रहा था उसी दौरान सिरमिला का बेटा राज पैर फिसलने से रोटावेटर के नीचे चला गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मुकेश महतो ने बताया कि मृतक किशोर का अंतिम संस्कार करा दिया गया है?। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में मातम छाया हुआ है।

# बीमारी के चलते सभासद के दादा का निधन, शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा वार्ड पलिया निवासी कोटेदार ननकऊ के बड़े भाई सभासद जयप्रकाश के दादा सुमेरी पुत्र रामसनेही उम्र 65 लंबी बीमारी के बाद सोमवार की शाम घर पर निधन हो गया। काफी समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे ।निधन की खबर क्षेत्र में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। गांव सहित दूरदराज से लोग पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार मंगलवार की दोपहर पैत्रिक बाग में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। चेयरमैन देवीदीन रावत, चौधरी हुमायूं हुसैन, सभासद गिरजा रावत, केतार बाबू मौर्य, प्रदीप गुप्ता, जस्सी सिंह सहित सैकड़ों लोगो ने उनके अंतिम संस्कार में पहुंचकर दुख प्रकट किया और मृत्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

# भाकियू अम्बावत मीडिया प्रभारी को मिली जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भाकियू अम्बावट के जिला प्रभारी फोन पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।



पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर जान माल सुरक्षा की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शरीफाबाद गांव निवासी रामबरन यादव भाकियू अम्बावत गुट के जिला मीडिया प्रभारी है । पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है बीते 19 तारीख को मेरे गांव के ही निवासी गीता, संजय ,उनके साथी ओमप्रकाश पांडेय के बीच विवाद हुआ था जिसके बाद गीता ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। 28 तारीख को गांव निवासी अभियुक्त संजय त्रिवेदी के चाचा मनीराम त्रिवेदी पुत्र रामजस ने उनके मोबाइल पर फोन पर जान से मारने की धमकी दी और कहा की तुम गीता व संजय के मामले में पैरवी कर रहे हों तुम्हारा बहुत जल्द मर्डर कर लाश गायब कर दी जाएगी ।इसके अलावा प्रदीप व मेरे बहनोई अधिवक्ता रामविलास का भी मारने पीटने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है कहते हैं राज्यमंत्री सतीश शर्मा व भाजपा नेताओं के साथ मेरा उठना बैठना व खाना पीना रहता है इसलिए पुलिस भी मेरा कुछ नही बिगाड़ पाएगी। फोन पर मिली धमकी से प्रतीत होता है की मेरे साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं जिला मीडिया प्रभारी रामबरन यादव फोन पर मिली धमकी से भयभीत होकर जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## युवती ने फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में एक युवती फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए? जिला मुख्यालय भेजा है। उक्त बेहटा गांव निवासी माताफेर की 25 वर्षीय पुत्री कांती कनौजिया सोमवार देर शाम घर में अकेली थी।

परिजन खेतों में धान की रोपाई करने गए थे। कांती घर के अंदर प्रवेश होने वाले सभी दरवाजों को बंद करके कोठरी के अंदर चली गई। जहां वह छत कुंडी में दुपट्टा से फांसी का फंदा बनाकर लटक गई। परिजन खेतों से घर लौटे तो? मुख्य दरवाजा बंद मिला। किसी तरह परिजन घर के अंदर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर सभी स्तब्ध रह गए। वह फांसी के फंदे से झूल रही थी।परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पुलिस को सूचित किया। इस आत्महत्या को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं।

# प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें: डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा चकबंदी विभाग के



साथ बैठक कर जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कहा कि चकबंदी से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनमें त्वरित कार्यवाही करें। प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण से पहले मौके पर जाकर एसीओ मुआयना अवश्य कर लें। साथ ही जिन प्रकरणों में आवश्यक हो, उनमें तहसील से भी रिपोर्ट प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन में प्राप्त कुल 16 शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई और संबंधित को निस्तारण के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसओसी जगदीश यादव और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सीएमआईएस एक करोड़ रुपये से ऊपर की परियोजनाओ की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सी.एम.आई.एस. रू0 एक करोड़ से ऊपर की परियोजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने कार्यदायी संस्थाओ के संबधित अधिकारियो से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिया कि भूमि से संबधित किसी भी कार्यदायी संस्था का प्रकरण लम्बित चल रहा हो तो उसके निस्तारण के संबध में कार्यवाही संबधित उपजिलाधिकारी से मिलकर सुनिश्चित कराये। सभी कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के माध्यम से विद्युत कनेक्शन हेतु पत्र लिखने का निर्देश दिया एवं स्वयं मिलकर भी सम्पर्क कर ले जिससे समस्या का समाधान हो सके। डीएम ने सीएनडीएस विभाग के अधूरे कार्यो को पूर्ण कराने व जिन भवनो का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उन्हे हैण्डओवर कराने का निर्देश दिया। कठेला में थाना भवन का निर्माण हेतु यू0सी0 भेजी गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व जो कार्य हो रहे है जैसे पुलिया/सड़क निर्माण कार्य अधूरे न छोड़े। जिन विभागो का टेन्डर हो गया है शीघ्र ही समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर कार्य प्रारम्भ कराये। आवास विकास परिषद, सी.एन.डी.एस., यूपी सिडको, व अन्य सभी कार्यदायी संस्थाओ के कार्यो की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने समस्त कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अधिशासी अभियन्ताओ को निर्देश दिया जो भी कार्य चल रहा है उसे समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि (प्रा0ख0), इटवा खंड, बांसी खंड, तथा समस्त संबधित कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अधिशासी अभियन्ता व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मोहर्रम, कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मेला को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

# छोटी से छोटी बातों पर विशेष ध्यान दिये जाने की है आवश्यकता : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** मोहर्रम, कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मेला को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के सम्बन्ध में पीस कमेटी एवं जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिको/धर्मगुरूओ, उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षों व जनपद स्तरीय अधिकारियों को मोहर्रम त्यौहार को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु समस्त थानाध्यक्षों द्वारा आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठकों के सन्दर्भ में थानाध्यक्षों द्वारा जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि छोटी से छोटी बातों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। नगरपालिका/नगर पंचायत के अधि0अधिकारी सुनिश्चित कर ले कि साफ-सफाई, नालियो की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा दिया जाये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी साफ-सफाई कराना सुनिश्चित कर। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी है उनका सकुशल निवर्हन करे। सभी हिन्दू व मुस्लिम भाई अमन और चैन से त्यौहार मनाये। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने अधि0अभि0 विद्युत को निर्देश दिया कि मोहर्रम के दौरान जहां से जुलूस निकलना है उन मार्गो पर विद्युत तारो को ठीक करा ले। जाजिया की ऊचांई कम ही रखे जिससे कोई समस्या न हो। डी.जे. की आवाज मानक अनुसार ही रहे। कोई नयी परम्परा शुरू नही होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा चालू रहनी चाहिए। कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले मांस के दुकानो को हटवा ले। कावड़ यात्रा हेतु जल भरने वाले स्थानो/नदियो के किनारे गोताखोर, नाव व पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। कावड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा जिसका कड़ाई से पालन होगा।

> **गलत प्रवृत्ति के लोगों से किनारा करके आपस में प्रेम भाव से मनायें त्यौहार : एसपी**

पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है उसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए हम किसी स्तर से कोई भी कमी नही रखेंगे। पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि मोहर्रम (कावड़ यात्रा तथा श्रावण मेला का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराये। पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों को पिछले पांच वर्ष पुराने त्योहार रजिस्टर चेक करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के दूर-दराज से आये हुए संभ्रात नागरिकों एवं धर्मगुरूओं से अपील करते हुए कहा कि गलत प्रवृत्ति के लोगों को किनारा करके आपस में प्रेम भाव से त्यौहार मनाये।

# बस्ती में सम्मान समारोह के साथ मना 'डाक्टर्स डे'

**अवधनामा संवाददाता**




> **डाक्टर्स डे पर याद किये गये डा. वीसी राय, सम्मानित हुई विभूतियां**
>
> **डा. वीसी राय चिकित्सकों के प्रेरणास्रोत, मानवीय संवेदनाओं को बताया आधार**

**बस्ती।** इंडियन मेडिकल एसोसियेशन की बस्ती शाखा की ओर से डाक्टर्स डे पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में स्टेशन रोड स्थित एक होटल में सम्मान समारोह के साथ एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जाने माने चिकित्सक, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न डा. विधान चंद्र राय के जन्मदिन पर मनाये जाने वाले इस कार्यक्रम में शहर के नामचीन चिकित्सक मौजूद रहे और दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरान्त उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

डा. ने डा. राय के जीवनवृत्त पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि उनका पूरा जीवन चाहे राजनीति का क्षेत्र रहा हो या फिर चिकित्सा का मानवता को समर्पित रहा। उनकी मानवीय संवेदनायें हम चिकित्सकों के लिये प्रेरणास्रोत हैं और आगे भी रहेंगी। डा. अनिल ने आईएमए सदस्यों द्वारा मिल रहे सहयोग तथा महत्वपूर्ण सांगठनिक योगदान की सराहना की और उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की। आईएमए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सा पेशा मानवीय संवेदनाओं से जुडी है। हम चिकित्सकों से बेहतर इस बात को कोई नही समझता। धनार्जन सभी को उद्देश्य है लेकिन हम चिकित्सक यदि मानव सेवा और संवेदनाओं को दरकिनार कर दें तो कुछ नहीं बंचेगा। पूर्व सचिव डा. रंगजी द्विवेदी ने डा. विधानाचंद्र राय के जीवन से जुड़े कई ऐसे तथ्य उजागर किये जिसे सामान्य व्यक्ति नही जानता। पाँच वर्षों के अपने अध्ययन काल में वे सिर्फ़ पाँच रुपये की पुस्तक ही ख़रीद सके थे। शेष पुस्तकों के लिए उन्हें पुस्तकालय और अपने मित्रों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होने अध्ययनकाल में घोर संकट का सामना किया और संघर्षो के दम पर राजनीति, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में अमर हो गये। आईएमए सचिव डा. नवीन कुमार चौधरी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

अंत में संरक्षक डा. के.के. तिवारी ने डा. राय को चिकित्सकों का गौरव बताते हुये सफल आयोजन के लिये सभी आईएमए सदस्यों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता जाहिर की। उन्होने कहा चिकित्सकों का समाज में अति महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन समाज को भी चिकित्सकों को और उनकी सेवा को समझना व सम्मान देना चाहिये। डाक्टर्स दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दे रही महान विभूतियों को सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इनमें कृषि क्षेत्र में पद्श्री सम्मान प्राप्त डा. रामचेत चौधरी को कृषि गौरव, शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डा. सर्वेष्ट मिश्र को शिक्षाश्री, समाजसेवा के क्षेत्र में मार्ग दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुचाने वाले हाई देववेदूत प्रमोद ओझा को सेवाश्री तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में बेबाकी और निष्पक्षता से अपनी पहचान बनाने वाले पत्रकार अशोक श्रीवास्तव को पत्रकार गौरव सम्मान से नवाजा गया।

# पेयजल के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम

## हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायत के लिए किया रवाना

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिले के विकासखंड जोगिया में संस्था न्यू जेनेसिस दिल्ली के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नुक्कड़ नाटक, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक आँगनबाड़ी बैठक वाल राइटिंग आदि के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये गए पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम प्रकाश चौधरी, एडीओ (आईएसबी) शिव बहादुर एवं जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक अनिल निषाद सिंह विनोद चौहान तरुण त्रिपाठी सहायक प्रेम बर्नवाल स्वीटी उपाध्याय समस्त ग्राम पंचायत से आए ग्राम प्रधान आँगन बाड़ी कार्यकत्री पंचायत सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी ने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाएंगे और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे कार्यक्रम के पश्चात खंड विकास अधिकारी महोदय ए डी ओ पंचायत ने अपनी शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

# डीएम ने सीडीओ के साथ किया विकास भवन में स्थित विभागो का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ विकास भवन में स्थित विभागो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांग कल्याण, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मत्स्य विभाग, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय, जिला विकास कार्यालय, लेखा अनुभाग, कौशल विकास विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लघु सिंचाई, जिला ग्रामोद्योग विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला बचत अधिकारी कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय, डूडा, आदि को देखा गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी विभागो के पटलो का निरीक्षण कर भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गयी। इसके साथ ही कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया कि कार्यालय में समय से उपस्थित होकर आम जनमानस की समस्याओ को सुनकर उसका निराकरण कराये। शासन द्वारा चलायी रही योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत मिले। शासन द्वारा जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा आम का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त संबधित विभागो के कार्यालयाध्यक्ष व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मुहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह ने की। उन्होंने पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील नागरिकों से की। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने सभी हल्का दरोगा को अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर किसी भी तरह की समस्याओं को अवगत कराने का निर्देश दिया।सीओ ने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही माहौल खराब करने का प्रयास मात्र करने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी ताजिया दारो से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को समय से पूर्व हल कर लिया जाएगा। संचालन प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने किया।नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक आज्ञा राम पांडेय ने सभी अधिकारियों व आमजनों को आश्वस्त किया कि मुहर्रम पर्व के दौरान सफाई, चूने का छिड़काव, पानी की सप्लाई, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था आदि दुरूस्त रहेगी। बिजली विभाग के अंवर अभियंता वी के सोनी ने बताया कि मुहर्रम से पूर्व सभी बिजली के लटकते तारों को सही करा लिया जाएगा। जिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं रहे। उक्त अवसर पर सुरेन्द्र सोनी, अहसन रज़ा मीसम, मानिक चंद सोनी, इनाम जाफरी, लल्ला सभासद, अबुल हसन, संदीप गुप्ता, मोहम्मद अहसन, हसन अब्बास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के संबध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के संबध में प्रशिक्षण निदेशक, रिटायर्ड सेन्टर फार एक्सीलेन्स राजेश कुमार मेहतानी की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर व समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के प्रशिक्षण के दौरान निदेशक, रिटायर्ड सेन्टर फार एक्सीलेन्स शराजेश कुमार मेहतानी ने बताया कि जो लोग नई चीजे सीखना चाहते है उन्हें आर.टी.आई. बुक को पढ़कर सीखे। किसी को भी वही सूचना दे जो कार्यालय अभिलेख में उपलब्ध हो काल्पनिक सूचना न दे। रिकार्ड फाइल में जो कार्य किया जाता है, वह रिकार्ड है जो पत्रावली तैयार की जाती है, वह रिकार्ड है। अभिलेखो की प्रमाणित सूचना जन सूचना अधिकारी द्वारा दिया जाये। पूर्व में जो भी सूचना प्रमाणित किया जाता है जो पत्रावली में मौजूद हो। यदि कोई भी प्रार्थना-पत्र आता है तो उसका पहले परीक्षण करे।वी.पी.एल. श्रेणी के आवेदक को कोई शुल्क देय नही है। वह अपने प्रार्थना-पत्र को प्रारूप-3 के रजिस्टर में दर्ज करेंगे। प्राप्त आवेदन की पावती आवेदक को उपलब्ध कराये। आवेदन कर्ता को रजिस्टर्ड डाक से जबाब भेजा जाये। उ0प्र0 सरकार द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम का दुरूपयोग करने पर अधिनियक का प्रावधान किया गया है। नियम 4(2) का परीक्षण किया जाये। अच्छाई को शत-प्रतिशत लाने का प्रयास किया जाये। 4(2) के के 06 भाग है। अपने मन से आरटीआई का उत्तर न दे। नियम 4(2) ख के अन्तर्गत जो सूचना कार्यालय के कार्यो को प्रभावित करती है तो वह सूचना नही दी जा सकती है।

यदि किसी के कोर्ट आर्डर की प्रति, खतौनी का शुल्क जमां कराकर नकल की प्रति दी जाती है। यह सूचना आरटीआई के अन्तर्गत नही दी जा सकती है। यदि किसी आवेदक द्वारा किसी अधिकारी/कर्मचारी के निजता की सूचना मांगता है वह अवांछनीय सूचना नही है नही दी जायेगी। यदि कोई सूचना 500 शब्दो से अधिक है तो वह सूचना नही दी जा सकती है। यदि आवेदक द्वारा किसी एक विभाग की सूचना मांगी जो आपके कार्यालय से संबधित नही है, उसे संबधित विभाग को प्रेषित करेगे। एक से अधिक विभागों की सूचना मांगी गयी है तो आवेदक को परामर्श देकर 5 दिनों के अन्दर मूल रूप से वापस करेगे। जब भी सूचना दी जाये प्रारूप-5 पर ही दी जाये। निजता की सूचना नियम संख्या 8(1) (ज) के अन्तर्गत अस्वीकार किया जायेगा। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी नौगढ़, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, जिला स्तरीय अधिकारीगण, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉक्टर हनीमैन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेन्टर इटवा द्वारा आयोजित होम्योपैथी के आविष्कारक डॉक्टर सैमुअल फेडरिक हनीमैन की पुण्य तिथि के रूप में मनाई गई डॉक्टर भास्कर शर्मा ने हनीमैन के मूर्ति पर माल्यार्पण करते कहा कि होमियोपैथिक चिकित्सा विधा के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमन का नाम इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा। उन्होंने वर्षों के कठिन परिश्रम व सतत् अनुसंधान से समानता के सिद्धांत पर आधारित होमियोपैथी रूपी चिकित्सा पद्धति का आविष्कार कर पूरे विश्व को एक अमोद्य अस्त्र प्रदान किया है। इसके द्वारा असाध्य रोगों का इलाज भी सरलतापूर्वक किया जा सकता है। उनके इस कृत्य के लिए संपूर्ण मानव सदैव ऋणी रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार होम्योपैथी दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित हुई है। डॉ मनोज शर्मा डॉक्टर राजकुमार शर्मा डॉ चंद्रशेखर वर्मा आदि चिकित्सकों ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉक्टर एसएन त्रिपाठी डा.अमित गुप्ता संतोष कुमार मौर्य महेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## सनातनियों से माफी मांगनी चाहिए राहुल कोः प्रिंस

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत के सबसे बडे सदन में राहुल गांधी के बयान सनातन विरोधी है राहुल गांधी को सनातन समाज से माफी मांगनी चाहिए। सोमवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में कहा था कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे दिन-रात हिंसा करते हैं। भाजपाईयों द्वारा राहुल के इस बयान पर लोकसभा में जमकर हंगामा होने के बाद जगह जगह जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं। इस दौरान जिला संयोजक भाजपा युवा मोर्चा सिद्धार्थनगर प्रिंस गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी ने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में सनातन समाज को अपमानित किया हैं, सदन में दिया गया वक्तव्य इनकी सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाता हैं। राहुल गांधी को समस्त सनातनियों से माफी मांगनी चाहिएऔर उनको नाक रगड़ कर हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।



# विलुप्त हो चुके कुएं देंगे जल संरक्षण की सीख

## बिस्कोहर के नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कुओं को संरक्षित करने की शुरू की मुहिम

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** गांव-देहात में कभी कुएं आमजन की प्यास बुझाने का सबसे सशक्त माध्यम थे। लेकिन समय बदला और कुएं धरातल से गायब होने शुरू हो गए। अब एक बार फिर गायब कुओं की तलाश कर उसके सुंदरीकरण की मुहिम बिस्कोहर के नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने शुरू कर दी है। नगर पंचायत में स्थित कुओं को चिन्हित कर उसका जीर्णोद्वार कर इन्हें जल संरक्षण के कुओं को संरक्षित किया जा चुका है काबिल बनाया जाएगा।

भूगर्भ जल का स्तर बनाए रखने और बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। तालाबों का सुंदरीकरण करने के साथ पहली बार बड़ी संख्या में गांव-देहात तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में विलुप्त हो चुके कुओं को संरक्षित कर जल संरक्षण के काबिल बनाने का बीड़ा बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने उठाया है।

बिस्कोहर में विलुप्त हो चुके या गायब होने के कगार पर पहुंच चुके कुओं की तलाश शुरू उन्हें चिन्हित करवा कर उसका चबूतरा और सुंदरीकरण का काम युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा है। अजय गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत में उनके द्वारा अभी तक करीब एक दर्जन कुओं को संरक्षित किया जा चुका है। शेष कुओं को भी चिन्हित किया जा रहा है। अजय ने कहा कि बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी है। सूख चुके और विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके कुओं की तलाश कर इन्हें जल संरक्षण के लिए प्रयोग किया जाएगा। धार्मिक और सनातन के प्रतीक कुओं को संरक्षित करना उनका लक्ष्य है। जिन कुओं पर अतिक्रमण हो रहा है, उसकी शिकायत वह शासन स्तर से कर अतिक्रमण मुक्त करवाएंगे।

> **365 मंदिर और कुआं वाला नगर है बिस्कोहर**
>
> बिस्कोहर काफी पुराना और धार्मिक व ऐतिहासिक कस्बा है। यहां 365 कुआं और मंदिर हैं। मगर समय बीतने के साथ-साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो रहा है। उतने मंदिर व कुएं अब देखने को नहीं मिलते, मगर उसके साक्ष्य अब भी मौजूद हैं। मान्यता है कि यहां भोर से ही सभी शिवालयों के घंटे बजने लगते थे और महादेव के जयकारे से वातावरण गूंज उठता था। वर्तमान में इसकी पहचान थोड़ी धूमिल भले हो गई है, मगर ऐसा भी समय था, जब बंगाल, कलकत्ता, दिल्ली, मुम्बई, नेपाल के कोने-काने से यहां आकर लोग साल-साल भर रहते थे। वह मंदिरों में पूजा करते थे। वर्ष पूरा होने पर वह यहां से चले जाते थे। तमाम श्रद्धालु तो यहीं के निवासी हो गए और अपना कारोबार करने लगे।

**जिस कुएं से स्नान करते थे उसीके जल से मंदिर में करते थे जलाभिषेक-** मान्यता थी श्रद्धालु एक कुएं के पानी से स्नान करे और फिर वहीं से जल भर मंदिर में जलाभिषेक करे। दूसरे दिन ऐसा ही दूसरे मंदिर पर करें। साल भर में 365 मंदिरों की परिक्रमा पूरी हो जाती थी और ऐसा करने वाले को इच्छित फल मिलता था। तमाम कुष्ठ व असाध्य रोगियों को अपनी पीड़ा निजात मिला और बाद में कस्बे का नाम बिस्कोहर पड़ा। **रहस्य है मंदिरों और कुओं की स्थापना-** मंदिरों की स्थापना यहां कब हुई इसके विषय में लोग ठीक से बता पाने में विफल हैं। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों ने कर वसूलने के लिए यहां जमींदार नियुक्त किए। उनके द्वारा भी कस्बे के दक्षिणी हिस्से में कुछ मंदिरों का निर्माण किया गया है। कस्बे के पश्चिम स्थित एक मंदिर ऐसा है, जिस पर अलाउद्दीन खिलजी के नाम का जिक्र है। ऐसे में लोग यह भी बताते हैं कुछ मंदिर उनके द्वारा स्थापित किए गए हैं।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित हुए डॉ. युवराज

**महराजगंज।** आनंदनगर कस्बे के प्रसिद्ध दवा व्यवसायी डा.विमल कुमार के पुत्र डा. युवराज विमल, (एम एस आर्थो) का चयन एस एन मेडिकल कालेज आगरा में असि.प्रोफेसर आर्थोपेडिक सर्जरी के पद पर हुआ है। डा.युवराज ने केजीएमसी लखनऊ से डाक्टरी की पढ़ाई के बाद आर्थो में एम एस की डिग्री हासिल की। देखा जाय तो कस्बे का विमल परिवार अपने आप में हाई क्वालिटी का नर्सिंग-होम है। इस परिवार में फिलवक्त पांच विशेषज्ञ डाक्टर हैं। डा.युवराज के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में चयनित होने पर कस्बे के गणमान्य लोगों ने वधाई व शुभकामना दी है। बधाई देने वालों में विश्वंभर प्रसाद अग्रहरि,जय प्रकाश लाल, देवी शरन,अमित अग्रहरि, मुकेश चोखानी, उमा शंकर शुक्ला, केके श्रीवास्तव, रवि प्रताप पांडेय, सीपी पांडेय, मनोज अग्रहरि, गोपाल अग्रहरि, वीरेंद्र श्रीवास्तव आदि का नाम शामिल हैं।



## डॉ अमित पटेल की कार्यशैली से क्षुब्ध स्टॉफ नर्सो का हंगामा

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्सों का हंगामा, कॉलेज प्रिंसिपल और डॉक्टर अमित पटेल की कार्यशैली से नाराज स्टाफ नर्सों ने किया हंगामा, विभागवार अटेंडेंस की नई प्रथा के विरोध में प्रिंसिपल से वार्ता करने पहुंची थी स्टाफ नर्स, प्रिंसिपल ने स्टाफ नर्सों के हंगामे की पुलिस को दी सूचना, मेडिकल कॉलेज में पुलिस के पहुंचने पर और उग्र हुई स्टाफ नर्स, प्रशासनिक भवन में धरने पर बैठी स्टाफ नर्स, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल और अमित पटेल की कारगुजारी से धरने पर बैठी स्टाफ नर्स, मामला महामाया मेडिकल कॉलेज सदरपुर का है।

## पीपल के पेड़ से लटकती मिली किशोरी की लाश

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राप्ती नदी के तट पर स्थित रानी मोह भक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर एक 16 वर्षीय किशोरी की लाश पीपल के पेड़ से लटकती हुई पाई गई जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राप्ती नदी के तट पर सुबह जब लोग टहलने घूमने और स्नान करने गए तो देखा कि पीपल के पेड़ में एक लाश लटक रही है ।तत्काल लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दिया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को नीचे उतारा इसी बीच मृतक किशोरी की पहचान निषाद नगर वार्ड के निवासी स्व प्रहलाद की बेटी काजल के रूप में हुई । पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मौके पर पहुंची मृतक की मां ने बताया कि रात में उसकी बेटी काजल नाराज होकर घर से निकली थी। कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी का कहना है कि यह आत्महत्या है। हालांकि घटना को लेकर यह नगर में तरह तरह की चर्चा है।

## बाजी भारत के नाम

मैच की आखिरी पारी ने मैच भारत की झोली में डाल दिया। दक्षिण अफ्रीका उतार चढाव के बीच ट्राफी के नज़दीक पहुचती जा रही थी लग रहा था इस बार वह चैम्पियन बनेगी। पर भारतीय बालरों ने करिश्मा कर कोहली के 76 रन के बदौलत और यादव के करिश्माई कैश ने भारत ने हाथ से फिसलती जा रही ट्राफी को अपने कब्जें में कर लिया। कालसेन जो साउथ अफ्रीका की जीत का आधार बनते जा रहे थे, प्रायः हर गेंद को 6 और 4 रनों में बदलते जा रहे थे। 27 गेदों पर 52 रन बना कर साउथ अफ्रीका की जीत सुनिश्चित करते जा रहे थे अक्षर के एक ओवर 24 रन बना डाले। हार्दिक पान्डया ने 17वें ओवर की पहली गेंद पर उन्हें पवेलियन वापस भेज टीम को भारी रहत दी।

साउथ अफ्रीका को पांच ओवर में 30 रन की दरकार थी जीत के लिये। उसके छह विकेट शेष थे। बुमरा ने हैड्रिक्स को आउटसिगर से बोल्ड कर दिया। यह साउथ अफ्रिका का दूसरा ओवर था। अगले ओवर मुं अंशदीप ने कप्तान मार्कराम को वीकेट के पीछे कैच करा दिया। साउथ अफ्रीका अब दबाव में आ गई। दो विकेट गिर जाने के बाद डीकाक ने अपने 39 रन और स्टबस ने 31 रन बनाकर टीम को वापसी के लिये प्रेरित किया। अक्षर ने स्टब्स को अर्शदीप ने क्विन्टन को वापस भेजा। यहां से क्लासेन ने अपना आतिशी पारी शुरू किया और 27 गेदों पर 52 रन बना डाले। भारत पर प्रेशर आ गया। 15 ओवर के अन्त में साउथ अफ्रीका 4 विकेट पर 147 रन बना डाले थे। अब साउथ अफ्रीका को 30 गेंदों पर 30 रन चाहिये था। पन्डया ने कलसन को 17वें ओवर में पहली ही गेद पर विकेट के पीछे आउट करवा दिया। आगे के ओवर में बुम ने कालसेन को बोल्ड कर दिया। मिलर साउथ अफ्रीका वे बिगहिटर क्रीज पर थे। आखिरी ओवर में जीत के लिये 16 रन चाहिये थे। हार्दिक की पहली गेंद को मिलर ने छक्का के लिये बाउन्ड्री के ऊपर उछाल दिया। सूर्य कुमार ने सर्कस का करतब दिखाते हुये बाउन्ड्री की लाइन के बिलकुल पास गेद के बाउन्स में उछाल कर जम्प करते हुये कैच कर लिया। भारत की जीत पक्की कर दी।

विराट कोहली ले परिस्थिति के अनुरूप धीमी बल्लेबाजी कर अर्धशतकीय पारी खेली। भारत ने 6 वीकेट पर 176 रन बना कर साउथ अफ्रीका को टारगेट दे दिया। आखिरी ओवर में हार्दिक ने पहले और आखिरी बाल पर वीकेट लेकर भारत को विजयी बना दिया। पान्डया जिनकी काफी आलोचना हो रही थी आखिर अपनी काबलियत का सिक्का मनवाया। ऐसी खुशी मिली की आंसू छलक पड़े। साउथ अफ्रीका का आखिरी विकेट गिरते ही दर्शकों और खिलाड़ियों मे आंसुओ का सैलाब आ गया। हर कोई आंसू गिरा रहा था और खुशी में हाथ लहरा रहा था गले मिल रहा था। हिन्दुस्तान के शहरों में भी यही सैलाब था। लोग इक्टठा होकर खुशियां मना रहे थे।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी,1860) और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 ब्रिटिश राज की कानूनी व्यवस्थाएं थीं, जिन्हें हम आज भी ढो रहे थे। ये 'उपनिवेश की गुलामी' की याद दिलाती थीं। अब उनके स्थान पर पूर्णतः भारतीय संहिताएं होंगी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता भी 1898 की विधिक व्यवस्था थी, लेकिन अब 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' ने उसका स्थान लिया है। ये कानून राज्य के साथ नागरिक के संबंधों और समझौतों को परिभाषित करते थे। कानून का राज स्थापित करने के मद्देनजर बलपूर्वक भी व्यवस्था कार्रवाई करती थी।

# नये कानूनों से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता एक जुलाई से लागू हो गए हैं। इसमें जीरो एफआईआर, ईएफआईआर का भी प्रावधान है। इससे आपराधिक मामलों में कमी आएगी। शीघ्र फैसला होने से आपराधिक प्रवृत्ति में कमी आएगी। नये तीन कानूनों ने भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लिया है। कानून की मौजूदगी समाज में आपराधिक प्रवृत्ति को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपराधियों को दंड और सजा का डर भी होता है, जिससे वे कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास करते हैं। इससे समाज में सुरक्षा और अनुशासन का माहौल बनता है।


राजेश माहेश्वरी

केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। नये कानून में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी प्रावधान हैं। वहीं किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं एफआईआर अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। साथ ही जीरो एफआईआर किसी भी थाने में दर्ज की जा सकेगी। आपराधिक कानूनों के डिजिटलीकरण और सरलीकरण से न्यायिक फैसलों में तेजी आएगी। पीड़ित व्यक्ति संचार माध्यमों के द्वारा किसी भी पुलिस थाने में आपराधिक मामला दर्ज करा सकता हैं,जिससे पुलिस अविलंब कार्रवाई कर सकती हैं। इससे पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलने में देरी नहीं होगी।

नये कानून वर्तमान चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से बनाये गये हैं। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी,1860) और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 ब्रिटिश राज की कानूनी व्यवस्थाएं थीं, जिन्हें हम आज भी ढो रहे थे। ये 'उपनिवेश की गुलामी' की याद दिलाती थीं। अब उनके स्थान पर पूर्णतः भारतीय संहिताएं होंगी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता भी 1898 की विधिक व्यवस्था थी, लेकिन अब 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' ने उसका स्थान लिया है। ये कानून राज्य के साथ नागरिक के संबंधों और समझौतों को परिभाषित करते थे। कानून का राज स्थापित करने के मद्देनजर बलपूर्वक भी व्यवस्था कार्रवाई करती थी। अर्थात कानूनों का दुरुपयोग होता था। खासकर हमारे आपराधिक न्याय को लेकर कई सवाल और ढेरों आपत्तियां की जाती रही हैं। कानून और दृष्टि अप्रासंगिक हो चुके थे। जेलों में



विचाराधीन कैदियों की संख्या असीमित हो गई है। पीडित पक्ष को इंसाफ के लिए जिंदगी भर जूतियां घिसनी पड़ती हैं, तब भी इंसाफ की उम्मीद अधूरी है। अदालतों में करोड़ों मामलों की भरमार है। यह बोझ बढ़ता जा रहा है। सब कुछ अनिश्चित और अपरिमित है, लिहाजा इन व्यवस्थाओं में सुधार की गुंजाइश लंबे अंतराल से महसूस की जा रही थी। इन तीनों नए कानूनों पर संसद की स्थायी समितियों में विमर्श किया गया होगा! केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जुलाई, 2020 में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। उसने देश के नागरिकों के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की थी और उसे जारी भी किया गया। उस सूची में आपराधिक वैवाहिक बलात्कार, यौन अपराधों को लैंगिक तौर पर निरपेक्ष बनाना, इच्छा-मृत्यु और राजद्रोह सरीखे अपराधों पर नागरिकों के अभिमत लिए जाने थे।

अभिमत कितनी संख्या में आए, कितने राज्यों के किन-किन वर्गों के लोगों ने अपने अभिमत दिए, भारत सरकार ने उनका कोई खुलासा नहीं किया है। दरअसल संसद में ये विधेयक तब पारित किए गए, जब 146 सांसद निलंबित थे और सदनों में एकतरफा बहुमत था, लिहाजा ध्वनि-मत से विधेयक पारित किए गए। बाद में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से वे कानून बन गए, लेकिन इस संदर्भ में अब भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। इन तीनों संहिताओं और अधिनियम पर देश का जनमत सामने आना भी शेष है, क्योंकि एक जुलाई से ही ये ऐतिहासिक परिवर्तन लागू किए गए हैं। अब 'प्राथमिकी' का नामकरण तक बदल दिया गया है। सजा के वैकल्पिक स्वरूप के तौर पर सामुदायिक सेवा का प्रावधान भी किया गया है। छोटे अपराधों के लिए 'समरी ट्रायल' को अनिवार्य किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ट्रायल अब सुनिश्चित होगा।

भीड़-हत्या और हिंसा, बाल विवाह बलात्कार ऐसे अपराध हैं, जिनका समयबद्ध और गतिमय ट्रायल अनिवार्य होगा। अधिकतर सलाह-मशविरा, विमर्श कोरोना महामारी के दौरान किए गए, लिहाजा संहिताओं में कुछ बड़े परिवर्तन नहीं जोड़ पाए होंगे। कुछ राज्यों ने भी आपत्तियां की हैं और मांगें भी की हैं। मसलन कानूनों के नाम अंग्रेजी में नहीं होने चाहिए। क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने में काफी वक्त लगता है। कर्नाटक सरकार ने आपत्ति की है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच के लिए पुलिस अफसर को 14 दिन का वक्त क्यों दिया जाना चाहिए? धारा 377 को बिल्कुल हटा देने पर भी सवाल किए गए हैं। यूपी कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि अंतरिम जमानत के प्रावधानों में कुछ अपवाद रखे जाएं और इस पर एक अध्यादेश लाया जाए। बहरहाल कुछ राज्यों के आग्रह तार्किक हैं और महत्वपूर्ण भी हैं। इन कानूनों की अभी समीक्षा की जानी चाहिए। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। दूसरी ओर कुछ कानून के जानकार नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से उत्पन्न कई न्यायिक परेशानियों के सामने आने की बात कह रहे हैं। वे नये प्रावधानों पर गंभीर विचार-विमर्श की जरूरत बताते हैं। तो कुछ लोग अभिव्यक्ति के अतिक्रमण की बात कर रहे हैं। सवाल उठाये जा रहे हैं कि इन कानूनों के लागू होने से पहले हुए अपराधों की न्याय प्रक्रिया में विसंगति पैदा हो सकती है। सरकार को राज्यों की आपत्तियों और जमीनी दिक्कतों को समझते हुए आवश्यक संशोधनों की दिशा में भी काम करना चाहिए। नए आपराधिक कानून में विडियो क्लिप को प्रमुख मानने, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने और त्वरित कार्रवाई को प्रमुखता दी गई है। इससे निश्चय ही अपराधियों में भय होगा और समाज में आपराधिक प्रवृत्ति कम होने की संभावना बढ़ेगी। बशर्ते कि इस कानून का पालन ईमानदारी से किया जाए। जानकारों के मुताबिक आपराधिक प्रवृत्ति तभी कम होगी जब कानून का पालन करवाने वाली एजेंसियां उन्हें ईमानदार से धरातल पर उतारने में अपने कर्तव्य का पालन करेंगी। कानून तो बहुत बन चुके हैं लेकिन मुकदमों के चलते चलते अपराधी या तो छूट जाता है या फिर जमानत पर बाहर आकर नए अपराध करने में लग जाता है। देश में नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला ऐतिहासिक है।

## दुनियां में हर वर्ष शराब सेवन से 26 लाख मौतें-भारत में चीन से दुगनी मौतें!

**किशन सनमुखदास भावनानी**

**डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट**

भारत में अभी हम पर तमिलनाडु शराब सेवन से हुई मौतों के सदमे से उबर भी नहीं पाएं है कि, वैश्विक स्तरपर दुनियां के करीब 196 सदस्यों वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिनांक 28 जून 2024 को जारी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ़ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जो 334 पुष्ठो की है, जिसमें पूरे विश्व में शराब का अत्यधिक सेवन करने से मानवीय शरीर में होने वाले दुष्टपरिणामों व मौतों के बारे में बताया गया है जो हैरान कर देने वाला है। पूरी दुनियां में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं,यह दुनियां की कुल मौतों का 4.7 प्रतिशत है। यानें हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी उसमें जोड़ा जाए तो यह संख्या 30 लाख से अधिक हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत के बारे में बताया गया है कि यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 प्रतिशत मौत हो रही है जो चीन की संख्या से दोगुनी है,जहां इससे 16.1 प्रतिशत मौतें होती है, जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन से रिपोर्ट 2024 दुनियां में हर वर्ष शराब से 26 लाख मौतें, भारत में चीन से दुगनी मौतें हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ़ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी की है, शराब व नशीली मादक चीजों केअत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं कैंसर की बीमारी से दिल की बीमारी से मौत होने की पुष्टि को गंभीरता रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 28 जून 2024 को जारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट को समझने की करें तो, शराब हर साल 26 लाख से ज्यादा लोगों की मौत का कारण बन रही है। दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं। यह दुनिया की कुल मौतों का 4.7 फीसदी है। यानी हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कीग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन ऐल्कॉहॉल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार यदि ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी इसमें जोड़ दें तो यह संख्या 30 लाख से ज्यादा है। भारत में हालात और बुरे हैं। यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 फीसदी मौतें हो रही हैं। यह संख्या चीन से दोगुनी से भी अधिक है। चीन में प्रति एक लाख मौतों में शराब से मरने वालों की संख्या 16.1 फीसदी है। कैंसर, दिल की बीमारी घेर रही है।शराब के अत्यधिक सेवन से कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। इनमें लीवर से जुड़ी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है। रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि 2019 में शराब की वजह से होने वाली 26 लाख मौतों में से 16 लाख मौतें गैर-संचारी रोगों जैसे कैंसर से 4,01000 और दिल कीबीमारियों से 4,74,000 मौतें हुई।शराब और नशीली दवाओं कासबसे ज्यादा शिकार 20 से 39 साल के युवा बन रहे हैं। शराब के 13 फीसदी शिकार इसी आयु वर्ग के लोग थे। स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 2019 में यूरोप और अफ्रीकी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। यूरोप में प्रति लाख लोगों पर शराब की वजह से होने वाली मौतों की संख्या 52.9 थी तथा अफ्रीका में 52.2 रही।भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वह लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वह हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, जबकि महिलाओं में संख्या 20.8 फीसदी है।विज्ञापन पर पाबंदी जरूरी।सेहत संबंधी इन चिंताओं को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ने अपनी नई रिपोर्ट में शराब और नशीली दवाओं की खपत को कम करने और इन मादक पदार्थों के सेवन से उपजे विकारों के लिए उपचार मुहैया कराने पर बल दिया है। शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि कई देशों ने शराब की मार्केटिंग पर कुछ हद तक पाबंदियां लागू की है, मगर वे काफी कमजोर हैं। दुनियांके अधिकांश देशों में इंटरनेट या सोशल मीडिया के लिए कोई नियम नहीं है। साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों की करें तो, भारत में भी कम नहीं पीने वालों का आंकड़ा, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों को भी साझा किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# प्लास्टिक से जानलेवा बीमारियों से जल्द मर रहे

पृथ्वी पर मानव ने अपनी सुविधा के लिए नवनवीन आविष्कार किये, परंतु जरूरत से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ, आज अपने सुख के लिए मानव प्रकृति के साथ खिलवाड़ करके पृथ्वी को नष्ट करने पर तुला है, जबकि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व के साथ ही सम्पूर्ण जीवसृष्टि के लिए भी धोखा निर्माण हो गया है, तेजी से बदलता जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित कारणों का नतीजा है। अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट ने बताया कि 2021 में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुई, भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है, मौतों का यह आंकडा बहुत ही ज्यादा है। वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ई-कचरा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, घातक रसायनों का प्रयोग, लाखों लोगों को हर साल घातक बीमारियों से जकड़कर असमायिक मौत दे रहे हैं। प्रदुषण से पशु-पक्षी, वन्यजीव, समुद्रजीव तेजी से ख़त्म हो रहे हैं। पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण इस तरह से बढ़ा है कि अगर आज पूरे विश्व में प्लास्टिक बंदी हो जाए तो भी हजार साल उसका अस्तित्व वातावरण में नजर आयेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आज के वर्तमान युग में हम रोज प्लास्टिक खा रहे हैं, पी रहे हैं और प्लास्टिक मिश्रित ऑक्सीजन ले रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति व्यक्ति संभावित रूप से 11,845 से 193,200 माइक्रोप्लास्टिक्स ग्रहण करता है,


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

दुनियाभर में जनजागृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को प्लास्टिक के अन्य स्थायी विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें यह है, प्लास्टिक के उपयोग और अपशिष्ट को कम करने के लिए नीतिगत परिवर्तनों और प्रणालीगत समाधानों पर जोर दें। प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बने होते हैं, प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते हैं, प्लास्टिक उत्पादन के दौरान जहरीले रसायन निकलते हैं। साल 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक कचरा अधिक होगा। हर साल दुनिया भर में करीब 500 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, यह बहुत ज़्यादा बैग हैं।

जो 7.7 ग्राम से 287 ग्राम प्रति व्यक्ति के बीच होता है, इसका सबसे बड़ा जरिया हमारा पीने का पानी है।

क्रिश्चियन चैरिटी समूह टियरफ़ंड द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि विकासशील देशों में हर 30 सेकंड में एक मौत के लिए प्लास्टिक कचरा जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हर साल चार लाख से दस लाख लोग कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के संपर्क में रहने के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियों से मरते हैं। प्लास्टिक कचरे से हर साल 100 मिलियन समुद्री जीव मरते हैं, हर साल 100,000 समुद्री जीव प्लास्टिक में उलझने से जान गवांते है। गर्म खाद्य पदार्थो के लिए प्लास्टिक का प्रयोग जहर जैसा है क्योंकि जैसे ही प्लास्टिक का गर्म खाद्यपदार्थो से संपर्क होता है, तो प्लास्टिक अपने जहरीले रसायनों को छोड़ता है, जो खाद्यपदार्थो में मिलता है और उस खाद्य पदार्थों को खाकर इंसान जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण के द्वारा मौतों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक में मौजूद जहरीले रसायन मानव शरीर में हार्मोन गतिविधि को बदल सकते हैं, प्लास्टिक में मौजूद विघटनकारी रसायन बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड समस्याओं, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल और कुछ प्लास्टिक को हजार साल तक लग जाते हैं। वे छोटे-छोटे जहरीले कणों में टूट



जाते हैं जो मिट्टी और जलमार्गो को प्रदूषित करते हैं और जब जानवर, पशुपक्षी या समुद्रीजीव गलती से ये प्लास्टिक खा लेते हैं, तो वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। प्लास्टिक को जलाने से उन्हें खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि जलाने पर वे वायुमंडल में जहरीली गैसें छोड़ते हैं जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं।

हर साल 3 जुलाई को दुनियाभर में जनजागृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को प्लास्टिक के अन्य स्थायी विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें यह है, प्लास्टिक के उपयोग और अपशिष्ट को कम करने के लिए नीतिगत परिवर्तनों और प्रणालीगत समाधानों पर जोर दें। प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बने होते हैं, प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते हैं, प्लास्टिक उत्पादन के दौरान जहरीले रसायन निकलते हैं। साल 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक कचरा अधिक होगा। हर साल दुनिया भर में करीब 500 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, यह बहुत ज़्यादा बैग हैं। दुनिया भर में हर सेकंड 160,000 प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है, जिनका जीवनकाल लगभग 12 से 25 मिनट है। दुनिया भर में हर मिनट लगभग दस लाख प्लास्टिक पेय की बोतलें बेची जाती हैं, प्यू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्ययन 2022 अनुसार, हर साल 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्र में प्रवेश करता है, जो पानी में मिलकर खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। ईए की रिपोर्ट के अनुसार, भारत एमडब्ल्यूआई में चौथे स्थान पर है, जहां 98.55 प्रतिशत उत्पन्न कचरे का कुप्रबंधन किया जाता है। भारत में प्लास्टिक कचरे का उत्पादन पिछले पांच वर्षो में चार गुना हो गया है। सरकार का कहना है कि देश का 60 फीसदी प्लास्टिक कचरा रिसाइकिल किया जाता है, जबकि सीपीसीबी डेटा पर आधारित सीएसई डेटा के मुताबिक, भारत अपने प्लास्टिक कचरे का केवल 12 फीसदी ही रिसाइकल कर पाता है।

भारत देश में एकल उपयोग प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध है, बहुत बार प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं महानगर पालिका या नगर निगम द्वारा दुकानों, कारखानों पर छापा मारकर प्लास्टिक थैलियों का अवैध माल जप्त किया जाता है। परंतु हम सभी जानते है कि पाबंदी के बावजूद बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का अवैध व्यापार और उपयोग धड़ल्ले से जारी है। दुकानदार के मना करने के बावजूद ग्राहक भी प्लास्टिक थैलियों की मांग करते है, ऐसे लोगों की बेवकूफी का खामियाजा अन्य लोगों और पर्यावरण को भुगतना पड़ता है, जिससे मासूमों जीवों की जान भी चली जाती है। बहुत बार हमें रास्ते, दुकान, स्ट्रीट वेंडर्स किराना दुकान, होटल, सब्जी भाजी फल वाले, खाद्यपदार्थ विक्रेता, छोटे-मोटे दुकानदार की तरफ बैन प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नजर आता है। थैलियां इस्तेमाल हो रही है मतलब, ऐसी अवैध प्लास्टिक थैलियों का उत्पाद शुरू है।

पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीवसृष्टी को बचाना है तो, प्लास्टिक का इस्तेमाल तुरंत बंद करना होगा, प्लास्टिक के अन्य पर्याय का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। लोग प्लास्टिक का अधिक उपयोग करने के आदी हो गये हैं। आलस और स्वार्थवृत्ति छोड़कर कपड़े या कागज की थैलियों का उपयोग करें, पैसे से ज्यादा प्रकृति को प्राधान्य दें। कानून और सरकारी नीति नियमों का पालन करें। कचरा निर्मित न हो या कम हो इसका ध्यान रखें। हर वस्तु के पुनर्चक्रण के बारे में सोचें। प्लास्टिक पैक खाद्य उत्पादों को खरीदने से बचें। एकल उपयोग वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक मना करें। बाहर प्लास्टिक पानी की बोतल खरीदने के बजाय घर से स्टील की बोतल लेकर निकलें। आज से 20-25 साल पहले जब खाद्य पैकेज का ट्रेंड नहीं था, किराना दुकान में खाद्य तेल खरीदने के लिए घर से केतली बर्तन लेकर जाते थे क्योंकि तब तेल के पैकेट नहीं आते थे, किराना सामान समाचार पत्रों की रद्दी के कागज में बांधकर देते थे क्योंकि तब प्लास्टिक की थैलियां नहीं मिलती थी। दूध कांच की बोतल में या घर के किसी बर्तन में लेकर आते थे।

# सामाजिक पहल से ही लिंग आधारित हिंसा ख़त्म हो सकती है

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज भी हमारे समाज में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसकी वजह से महिलाएं केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी विकास में पिछड़ जाती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी 2022 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के प्रति अपराध में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 में देश में अपराध के 58 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें महिलाओं के प्रति अपराध के करीब साढ़े चार लाख मामले थे। मतलब हर घंटे औसतन करीब 51 एफआईआर महिलाओं के साथ हुए हिंसा के दर्ज हुए। रिपोर्ट के अनुसार जहां राजधानी दिल्ली में महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा के मामले दर्ज हुए, वहीं राजस्थान की राजधानी जयपुर इस मामले देश का चौथा सबसे बड़ा असुरक्षित शहर के रूप में दर्ज किया गया था।


कविता धमेजा

एनसीआरबी के राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो राजस्थान देश का तीसरा ऐसा राज्य है जहां 2022 में महिलाओं के विरुद्ध सबसे अधिक हिंसा के मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य की बात करें तो इस मामले में राजस्थान में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देशभर में बलात्कार के 31,000 से ज्यादा मामले रिपोर्ट किए गए। इनमें सबसे अधिक 5,399 केस

500 से अधिक लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में लोहार, मिरासी, कचरा बीनने वाले, फ़कीर, शादी ब्याह में ढोल बजाने वाले, बांस से सामान बनाने वाले और दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वालों की संख्या अधिक है। इस बस्ती में साक्षरता विशेषकर महिलाओं में साक्षरता की दर काफी कम है। माता-पिता लड़कियों को सातवीं से आगे नहीं पढ़ाते हैं। इसके बाद उन्हें कचरा चुनने के काम में लगा दिया जाता है। इस बस्ती में महिलाओं के साथ लैंगिक हिंसा और भेदभाव आम बात हो

राजस्थान में दर्ज हुए थे। रिपोर्ट बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर हिंसा या भेदभाव के मामले पति या उसके करीबी रिश्तेदारों द्वारा किए जाते हैं। दरअसल महिलाओं के खिलाफ केवल शारीरिक अथवा मानसिक ही नहीं बल्कि यौनिक और आर्थिक रूप से भेदभाव भी लैंगिक हिंसा कि श्रेणी में दर्ज किए जाते हैं। इसका सबसे व्यापक स्वरूप अंतरंग साथियों द्वारा की जाने वाली हिंसा यानि इंटिमेट पार्टनर वायलेंस है, जहां एक महिला अपने जीवन में कभी न कभी अंतरंग साथी द्वारा यौन या शारीरिक हिंसा की शिकार होती है। अक्सर न केवल जागरूकता के अभाव में बल्कि कई अन्य कारणों से भी अंतरंग साथी विशेष रूप से पति द्वारा हिंसा या लैंगिक भेदभाव की शिकार महिलाएं बहुत कम इसकी शिकायत करती हैं। केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी यही प्रवृत्ति देखी जाती है। जहां एक महिला घर और परिवार की इज्जत के नाम पर पति द्वारा की जाने वाली शारीरिक अथवा मानसिक हिंसा को सहन करती रहती हैं। हालांकि कई महिलाएं हिम्मत का परिचय देते हुए अपने विरुद्ध होने वाली हिंसा के खिलाफ आवाज उठाती हैं और पुलिस में इसकी शिकायत भी दर्ज कराती हैं। इसकी एक मिसाल राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित बाबा रामदेव नगर कच्ची बस्ती है। जहां लैंगिक भेदभाव और हिंसा काफी अधिक



संख्या में देखने को मिल जाती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल यह बस्ती शहर से करीब 10 किमी दूर गुर्जर की थड़ी इलाके में आबाद है।

लगभग 500 से अधिक लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में लोहार, मिरासी, कचरा बीनने वाले, फ़कीर, शादी ब्याह में ढोल बजाने वाले, बांस से सामान बनाने वाले और दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वालों की संख्या अधिक है। इस बस्ती में साक्षरता विशेषकर महिलाओं में साक्षरता की दर काफी कम है। माता-पिता लड़कियों को सातवीं से आगे नहीं पढ़ाते हैं। इसके बाद उन्हें कचरा चुनने के काम में लगा दिया जाता है। इस बस्ती में महिलाओं के साथ लैंगिक हिंसा और भेदभाव आम बात हो गई है। इस संबंध में बस्ती की 38 वर्षीय मीना देवी (बदला हुआ नाम) बताती हैं कि मैं कचरा बीनती हूं और मेरा पति बेलदारी का काम करता है। मेरे 6 बच्चे हैं, जिनमें 4 लड़कियां हैं। घर की हालत ऐसी है कि किसी प्रकार गुजारा चल रहा है। पति को कभी कभी काम नहीं मिलता है। इसलिए घर की आमदनी के लिए मैं और मेरी दो बेटियां प्रतिदिन कचरा बीनने का काम करती हैं। इस काम में हाथ बंटाने के लिए उनका स्कूल जाना भी छुड़ा दिया है। वह बताती हैं कि मेरा पति नशा कर मेरे साथ मारपीट करता था। जिसका दुष्प्रभाव बेटियों पर भी पड़ रहा था। एक दिन हिम्मत करके मैंने पुलिस को बुला लिया, जिसके बाद अब वह काफी कम मारपीट करता है।

मीना बताती हैं कि महिलाओं का पति द्वारा हिंसा का शिकार होना इतना आम है कि इससे बस्ती में किसी को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता है। बस्ती के अधिकतर पुरुष नशा कर पत्नी के साथ अत्याचार करते हैं। हालांकि इस सिलसिले में यहां कई स्वयंसेवी संस्थाएं काम कर रही हैं। जो महिलाओं को इस हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए जागरूक कर रही हैं। लेकिन अभी भी यह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। वहीं नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अन्य महिला बताती है कि वह 8 वर्ष पूर्व पति और बच्चों के साथ कोटा से जयपुर के इस बस्ती में आई थी। उसका पति कबाड़ी का काम करता है जबकि वह घर के कामकाज में व्यस्त रहती है। वह बताती है कि उसका पति रोज नशा करके उसके साथ हिंसा करता है। उसे बस्ती में काम करने वाली संस्थाओं की कार्यकर्ताओं से मिलने भी नहीं देता है। उस महिला के हाथ कई जगह से जले हुए थे। जो उसके साथ होने वाली शारीरिक हिंसा को बयां कर रही थी वह बताती है कि अक्सर बस्ती की महिलाएं उसे पति की हिंसा से बचाती हैं। कई बार उसे पुलिस की मदद लेने की सलाह भी दी जाती है, लेकिन वह ऐसा नहीं करना चाहती है।

इस संबंध में समाजसेवी अखिलेश मिश्रा बताते हैं कि कई महिलाओं के लिए अपने पति के खिलाफ कदम उठाना बड़ी ही कठिनाई भरा काम होता है। दरअसल शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण इस बस्ती की महिलाएं अपने अधिकारों से परिचित नहीं हो पाती हैं। जबकि सरकार द्वारा महिलाओं को लैंगिक हिंसा से बचाने के लिए कई कानून बनाए गए हैं। आईपीसी की धारा के तहत वह अपने साथ होने वाली हिंसा के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस दिशा में कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी यहां काम कर रही हैं और महिलाओं को लैंगिक भेदभाव या हिंसा के विरुद्ध जागरूक कर रही हैं। जिसका असर भी नजर आने लगा है। अब बस्ती की कुछ महिलाएं अपने साथ होने वाली हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाती हैं और इसके लिए पुलिस का सहारा भी लेती हैं। लेकिन अभी भी यह जागरूकता बड़े पैमाने पर फैलाने की जरूरत है।÷ वह बताते हैं कि इस बस्ती में बालिका शिक्षा का स्तर बहुत कम है। परिवार में लड़कियों को पढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है। शिक्षा से यही दूरी उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता से भी दूर कर देता है।

# हिंदुओं पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी पर परिवाद दायर, 15 जुलाई को बिहार में होगी सुनवाई




**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है। बीते सोमवार को संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को लेकर की गई टिप्पणी से आहत हिंदूवादी नेता देवयांशु किशोर ने परिवाद दायर कराया है। कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तिथि 15 जुलाई 2024 को मुकर्रर की है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 302 और 356 (1) के तहत मामला दर्ज कराया है।

मामले में परिवादी हिंदूवादी नेता और गिरिराज सिंह फैंस क्लब के देवयांशु किशोर ने बताया कि कल कांग्रेस पार्टी के सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म को लेकर एक विवादित बयान दिया गया था। इस दौरान उन्होंने अपने बयान से देश भर के करोड़ों हिंदू समाज के लोगों की भावनाओं को आहत किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था, जिसको लेकर हम लोगों ने विचार किया कि राहुल गांधी हिंदू धर्म की भावना को ठेस पहुंचा रहे हैं। इससे आहत होकर कोर्ट में परिवाद दायर किया है, जिसे कोर्ट ने आज स्वीकार किया है। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 15 जुलाई को सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। पूरे मामले को लेकर परिवादी के अधिवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी द्वारा कल संसद में सदन की कार्यवाही के दौरान हिंदू धर्म को लेकर कथित विवादित बयान दिया गया था। उसमें उनके द्वारा हिंदू धर्म को कथित तौर पर हिंसक बताया गया था, जिससे आहत होकर परिवादी देवयांशु किशोर द्वारा कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। कोर्ट ने परिवाद स्वीकार भी कर लिया है और मामले में 15 जुलाई को सुनवाई तय की गई है। इसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।

## पेयजल परियोजना चर्दा का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम चर्दा में जल जीवन मिशन ''हर घर जल कार्यक्रम'' के तहत ग्राम चर्दा में रू. 439.71 लाख की लागत से निर्माणाधीन चर्दा पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। पेयजल परियोजना के निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि परियोजना के तहत प्रस्तावित 01 अदद ट्यूबवेल, पम्पिंग एवं क्लोरीन प्लांट, 37 किलोवाट का सोलर प्लान्ट, 400 किलो लीटर क्षमता की 14 मी. स्टेजिंग का आर.सी.सी. शिरोमणि जलाशय, 40 मी. राईज़िंग मेन 150 एमएम, 14.121 कि.मी. वितरण प्रणाली, 01 अदद पम्प हाउस एवं क्लोरीनेटिंग रूम व बाउण्ड्री वाल व गेट का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। पाईप पेयजल परियोजना के तहत लक्ष्य 1204 अदद के सापेक्ष अब तक 448 हाउस कनेक्शन निर्गत किये गये हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि पाइप लाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों का निर्माण अच्छे ढंग से किया जाय



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री, श्री जी. किशन रेड्डी ने नई दिल्ली के शास्त्री भवन में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) गैलरी का उद्घाटन किया।

## बलिदानी भूपेंद्र की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब




**पौड़ी।** लद्दाख टैंक हादसे में शहीद हुए भारतीय सेना में डीएफआर उत्तराखंड के बलिदानी शहीद भूपेंद्र नेगी मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। परिजनों के अंतिम दर्शन के बाद गांव के पैतृक बोडोली घाट पर उनका अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया।इस दौरान सेना के जवानों में उन्हें अंतिम विदाई दी। वहीं, बलिदानी की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। साथ ही गणमान्य लोगों के साथ क्षेत्रवासियों ने भी नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पाबौ व्यापार मंडल के आह्वान पर पाबौ बाजार भी पूर्ण रूप से बंद रहा। व्यापारियों ने सड़क के किनारे खड़े होकर पुष्प वर्षा कर शहीद को अंतिम विदाई दी। पाबौ ब्लॉकों के बिशल्ड गांव में बलिदानी भूपेंद्र सिंह नेगी का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह सेना के वाहन से घर पहुंचा। इस दौरान तिरंगे में लिपटे बेटे के पार्थिव शरीर को देकर परिजन बिलख पड़े। वहीं उनकी पत्नी अशी देवी पार्थिव शरीर देख बेसुध हो गई। इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों की आंखे भी नम हो गई। इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए पाबौ के बोडोली घाट पर लाया गया।

# समय से छह दिन पहले ही मानसून ने पूरे देश को ढका

**नई दिल्ली।** तय समय से करीब छह दिन पहले ही पूरे देश को मानसून ने ढंक लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके चलते आठ जुलाई की तय तारीख से पहले ही मानसून ने दो जुलाई को पूरे देश को ढंक लिया है। वहीं, केरल और पूर्वोत्तर में मानसून सामान्य से दो और छह दिन पहले 30 मई को पहुंच गया था। मौसम विभाग ने आज मंगलवार दो जुलाई के लिए भी तमाम राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कुछ राज्यों के लिए बारिश का रेड अलर्ट और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आइए जानते हैं अगले दो दिन मौसम का कैसा रुख रहने वाला है।



मौसम विभाग के अनुसार 3 जुलाई को उत्तराखंड, असम और मेघालय में भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, बिहार, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो इस समय मानसून रेखा दिल्ली के ऊपर से गुजर रही है, ऐसे में ऐसे में राजधानी में अगले दो दिन अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई के महीने में पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरे देश में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है। अगर हम कल यानी तीन जुलाई के मौसम की बात करें तो मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 10 राज्यों के लिए भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ समेत कई अन्य राज्यों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम लगातार अपना रंग बदल रहा है। कहीं गर्मी से राहत तो कहीं उमस का दौर बना हुआ है। उत्तराखंड, राजस्थान, कर्नाटक समेत कई अन्य राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा, दिल्ली के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

> गुजरात में लगातार दूसरे दिन सोमवार को भारी बारिश हुई और देवभूमि द्वारका जिले के कल्याणपुर तालुका में शाम छह बजे तक 12 घंटे की अवधि में 174 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई

मौसम विभाग के अनुसार भारत में कम और ज्यादा बारिश, ठंड और गर्मी ला नीना पर निर्भर करता है। ला नीना दुनियाभर के मौसम पर असर डालता है। ला-नीना की वजह से समुद्र का पानी तेजी से ठंडा होता है और आसमान में बादल छाने और बारिश होने की संभावनाएं बनती हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगस्त-सितंबर में ला-नीना कंडीशन प्रभावी होने की संभावना है। वहीं, गुजरात में लगातार दूसरे दिन सोमवार को भारी बारिश हुई और देवभूमि द्वारका जिले के कल्याणपुर तालुका में शाम छह बजे तक 12 घंटे की अवधि में 174 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने दो जुलाई से तीन जुलाई तक दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वानुमान में अगले सात दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। वहीं बाकी के पांच दिनों के लिए हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया गया है। इस बीच आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 32 डिग्री से 33 डिग्री के बीच रहने की संभावना है, वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री से 26 डिग्री तक पहुंच सकता है। आईएमडी ने एक बयान में कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इस प्रकार, इसने 8 जुलाई से पहले ही दो जुलाई को पूरे देश को ढंक लिया। बता दें, मानसून केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सामान्य से दो और छह दिन पहले 30 मई को पहुंच गया था। महाराष्ट्र तक तय समय ही मानसून पहुंचा था। मगर बाद में इसकी गति धीमी हो गई, जिससे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार बढ़ गया और उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी की लहर देखने को मिली।

## कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर राहुल गांधी का पुतला फूंक भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन किया गया



**लखनऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा लखनऊ महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के सामने सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ संसद में राहुल गांधी द्वारा हिन्दू विरोधी बयान पर विरोध जताते हुए राहुल गांधी के पुतले को चप्पल व जूते से पीट करके पुतला फूंक करके वहाँ लगे राहुल गांधी के बैनर पर कालिख पोत कर विरोध प्रकट किया। महानगर अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि फिरोज गांधी के पोते सोनिया गांधी (एडविग एंटोनियो अल्बीना माइनो) के पुत्र हिंदू की क्या व्याख्या करेंगे जो कोट के ऊपर जनेऊ पहनते हैं और सदैव हिंदू धर्म का अपमान करने का काम करते है ऐसे सांसद की सदस्यता खत्म कर देनी चाहिए। आज का हिंदू जागरुक हो गया है। देश में जहाँ-जहाँ प्रदेश में भाजपा की सरकार में वहाँ का हिन्दू अपने आप को सुरक्षित समझ रहा है।भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी जिस दिन हिंदू सच में हिंसक हो गया उस दिन राहुल गांधी ये बयान देने लायक़ नही बचेंगे। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री सनी अमित त्रिपाठी अभिषेक गुप्ता अभय उपाध्याय संजय शुक्ला अतुल सिंह सचिन सोनकर मनीष शुक्ला सचिन मिश्रा आयुष्मान सिंह आशुतोष तिवारी अविनाश यादव आशीष मिश्रा एवं अन्य मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेबी से नोटिस मिलने के बाद हिंडनबर्ग ने अदाणी प्रकरण में खींचा कोटक बैंक का नाम

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिसर्च, एक अमेरिकी शॉर्ट सेलर, जिसने अदाणी समूह पर शेयर बाजार में हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, एक बार फिर चर्चा में है। फर्म ने मंगलवार को बताया कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला। हिंडनबर्ग ने बताया कि उसके बाद अदाणी समूह के शेयरों में शॉर्ट सेलिंग का दांव लगाकर भारतीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोपों पर उसे भारतीय नियामक की ओर से कारण बताओ नोटिस भेजा गया। न्यूयॉर्क की कंपनी हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस को बकवास बताते हुए कहा कि यह उन लोगों को चुप कराने और डराने का प्रयास है जिन्होंने भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने की कोशिश की। हिंडनबर्ग ने कहा कि उसने खुद ही खुलासा किया था कि उसने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग की थी जिसका अर्थ है कि उसने अपने मूल्य में गिरावट की उम्मीद में शेयरों का सौदा किया था। हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए इस प्रकरण में



कोटक महिंद्रा बैंक का भी नाम घसीटा है। उसके बारे में हम आगे चर्चा करेंगे। पहले बताते हैं कि हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर क्या प्रतिक्रिया दी है? हिंडनबर्ग ने कहा है कि हमारी ओर से किए गए खुलासों के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सेबी मामले में तथ्यात्मक अशुद्धियों की पहचान करने में विफल रहा। इसके बजाय भारतीय नियामकों की ओर से धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए और इस मामले में हमारी ओर से एक व्यक्ति के हवाले यह कहने पर कि %सेबी भ्रष्ट है और नियमों को शिथिल कर अदाणी समूह को मदद कर है को स्कैंडल बता दिया। क्या हिंडनबर्ग ने अदाणी के शेयरों को शॉर्ट करने के लिए दर्जनों फर्मों के साथ काम मिलकर काम किया, जिससे सैकड़ों मिलियन डॉलर कमाए? इस सवाल का खुद जवाब देते हुए हिंडनबर्ग ने कहा कि हमारे पास एक निवेशक भागीदार था। निवेशक के नाम का खुलासा किए बिना, हिंडनबर्ग ने कहा कि निवेशक भागीदार की मदद से अदाणी समूह के शेयरों को शॉर्ट करके उसके सकल राजस्व में 4.1 मिलियन अमरीकी डालर और समूह के अमेरिकी बॉन्ड की अपनी छोटी स्थिति के माध्यम से सिर्फ 31,000 अमरीकी डालर कमाए। अदाणी समूह पर आरोप लगाते हुए शॉर्ट सेलर ने कहा, ÷आज तक, अदाणी समूह हमारी रिपोर्ट में लगे आरोपों को गलत साबित करने में विफल रहा है। इसके बजाय हमारी ओर से उठाए गए हर प्रमुख मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए मीडिया में हमपर आरोप लगाकर हमें झुठलाने की कोशिश की गई। हिंडनबर्ग ने कहा कि अपनी जनवरी 2023 की रिपोर्ट में हमनें गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी और करीबी सहयोगियों की ओर से नियंत्रित अपतटीय शेल संस्थाओं के एक विशाल नेटवर्क के सबूत प्रदान किए हैं। हमने विस्तार से बताया है कि कैसे अरबों रुपये को इन संस्थाओं के माध्यम से सार्वजनिक और निजी संस्थाओं में बाहर ले जाया गया और अक्सर इसका खुलासा भी नहीं किया गया। सेबी की आलोचना करते हुए शॉर्ट सेलर ने कहा, ÷नोटिस का अर्थ यह है कि हमारा खुलासा गुप्त या कपटी था। यह नोटिस हमारे ऊपर अधिकार क्षेत्र का दावा करने वाले कानूनी तर्कों को तलाशने के लिए डिजाइन किया गया।

## एनडीए पर भरोसे का उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा का उपहार

- भाजपा ने अपनी सीट सौंपी
- एनडीए के सभी नेताओं को हृदय से आभार देता हूं



**पटना।** काराकाट लोकसभा सीट पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के कारण चुनाव हारने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने भरोसे के काबिल माना है। एनडीए में उनके महत्व को समझते हुए कुशवाहा को राज्यसभा चुनाव के लिए नामित किया गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के लोकसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई राज्यसभा की सीट पर कुशवाहा के साथ ही एनडीए के एक और घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (राष्ट्रीय) के प्रमुख व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की नजर थी। लेकिन, लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट लेकर भी उसे जीत में नहीं बदल सके पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के लिए भाजपा ने कुर्बानी दी और एनडीए ने भरोसा जताया। सोशल मीडिया पर उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा कि राज्यसभा की सदस्यता के लिए एनडीए की ओर से मेरी उम्मीदवारी की घोषणा के लिए बिहार की आम जनता एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के कर्मठ कार्यकर्ताओं, जिन्होंने विपरित परिस्थिति में भी मेरे प्रति अपना स्नेह बनाए रखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, गृह अमित शाह जी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी जी और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित एनडीए के अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार देता हूं।

# गैर-कांग्रेसी नेता का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा : पीएम नरेंद्र मोदी

- पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज
- गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर-कांग्रेसी नेता, वह भी एक चायवाला, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। नेहरू-गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे तथा अपने दायरे से बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे। कांग्रेस के सबसे प्रमुख परिवार से बाहर से आए प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था, उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में यह सुनिश्चित किया कि उन सभी को मान्यता मिले क्योंकि प्रत्येक ने किसी न किसी तरह से देश के लिए योगदान



दिया है। एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों से वरिष्ठ सदस्यों से संसद की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में सीखने की अपील की। पीएम मोदी की यह अपील राहुल गांधी के लोकसभा में सोमवार को दिए भाषण के बाद सामने आई है, जिसे एनडीए ने सबसे गैर जिम्मेदाराना भाषण करार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा। जब किरेन रिजिजू से पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के भाषण का जिक्र किया? तो इस पर रिजिजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा, लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में भाजपा पर जोरदार हमला किया था, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं पर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया गया था।

इसका सत्ता पक्ष ने भारी विरोध किया था,

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सशक्त हो रही हैं महिलाएं: डीएम

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन परिसर स्थित गांधी सभागार में किया गया, जिसका औपचारिक शुभारम्भ जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के आर्थिक उत्थान में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय समावेशन बढ़ा है, जो जीडीपी में बढ़े योगदान के रूप में परिलक्षित हो रहा है। इससे जेंडर इक्वालिटी बढ़ रही है और महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत सीमित होती है, बैंकर्स स्वयं सहायता समूहों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लोन दें। लोगों को की गई छोटी-छोटी मदद बड़े बदलाव का वाहक बनती हैं। जनपद में हरी सब्जियों के उत्पादन का बृहद सम्भावना है, जिसको जनपद के गठित स्वयं सहायता समूह बैंक से सहयोग लेकर व्यापक स्तर पर कर सकते है। जनपद में समूह की महिलाएं टेक होम राशन यूनिट, प्रेरणा कैंटीन तथा पीडीएस की 23 दुकानों का संचालन कर रही हैं। इसके अलावा गारमेंट, आचार-मुरब्बा, सिलाई, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में समूह की महिलाएं सक्रिय हैं। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 16,166 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे 10 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं। जनपद में कार्यरत समस्त बैंकों के 134 *शाखाओं* में बैंक सखी तैनात हैं जो लोगों की सहायता करने के साथ ही वित्तीय साक्षरता को भी प्रोत्साहित कर रही हैं। कैश क्रेडिट लिंकेज में जनपद का प्रदेश में तीसरा स्थान है।

शीघ्र ही प्रत्येक पंचायत भवन में एक-एक बीसी सखी की तैनाती होगी।

# मंडी समिति में नहीं है किसानों के लिए कोई सुविधाएं

**अवधनामा संवाददाता**

■ भाकियू भानू ने कलेक्ट्रेट पर किसानों की समस्याओं के लिए प्रदर्शन किया

**मथुरा।** आज भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने जय जवान जय किसान किसानों को न्याय दो भारतीय किसान यूनियन भानू जिंदाबाद जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाते हुए मथुरा कलेक्ट्रेट पहुंचकर मथुरा मंडी समिति में किसानों किसानों की समस्याओं के हल कराने को

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानू के महानगर संयोजक विजय सिंघल ने संयुक्त रूप से कहा बरसात के मौसम में किसानों का अनाज रखने के लिए मंडी समिति में कोई भी टीन सेट खाली नहीं है। सभी टिन सेटो पर व्यापारियों ने अपने कब्जे कर रखे हैं।किसान अपना अनाज लेकर मंडी समिति में आते हैं तो उनका अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है। बारिश पड़ने पर किसानों का अनाज पानी में वह जाता है। मथुरा मंडी समिति में जल भराव की समस्या सुरसा की तरह मुंह फाडे हुए हैं पूरी मंडी समिति में किसानों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं होता मंडी समिति में आने के बाद किसान अपने पैसे से पानी खरीद कर पीने को मजबूर है रात में किसान अगर अपना माल लेकर मंडी समिति आ जाते हैं तो उनके सोने के लिए भी कोई व्यवस्था मंडी समिति द्वारा नहीं की गई किसान जव मंडी सचिव के पास जाते हैं तो उनसे गलत व्यवहार किया जाता है किसान नेताओं ने तीन बार ज्ञापन के माध्यम से मंडी सचिव को सारी समस्याओं से अवगतश कराया गया था लेकिन तीन ज्ञापन के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ इसके बाद आज कलेक्टर पर आकर प्रदर्शन किया गया है

महानगर के प्रमुख महासचिव सुनील चौधरी जनसेवक महानगर के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार किसान नेता हर्ष चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा मथुरा मंडी समिति में सफाई व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। जगह-जगह गंदगी के डेर लगे रहते हैं।

किसान नेताओं ने कहा मथुरान मंडी समिति में जितने भी टीन सेट टटिया लगी हुई है उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। चेतावनी दी कि मथुरा मंडी समिति में किसानों के हक के लिए भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता मंडी समिति के गेट पर प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर यूनियन के महानगर मीडिया प्रभारी सतेंद्र चौधरी, किसान नेता हर्ष चौधरी, किसान नेता शंकर ठाकुर, किसान नेता निशांत चौधरी, यश पंडित, गोपाल ठाकुर, राहुल ठाकुर, श्याम राजपूत, राहुल पटेल आदि उपस्थित थे।

## यारा फर्टिलाइजर की ओर से ग्राम वासियों को आर ओ प्लांट का दिया तोहफा



**सम्भल/अवधनामा संवाददाता।** यारा की ओर से चलाए जा रहे अभियान किरण के तहत ग्राम वासियों को तोहफा दिया गया है। ग्राम वासियों के ओर से लगातार पानी दूषित होने से कई बीमारियां जन्म ले रही है जैसे लीवर निकम्मी बुखार आना टाइपर मलेरिया हो ना तथा अन्य की शिकायत यारा फ़र्टिलाइज़र के कुछ अधिकारियों को दी जा रही थी जिसका प्रस्ताव पास कराके 1 साल पहले आरो प्लांट की नींद रखी गई थी जिसको आज पूरा कर लिया है आरो प्लांट पूरी तरह से तैयार हो चुका है अब सभी ग्रामवासी आरो का पानी यूज़ कर सकते हैं और बीमारियां से बस सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान यार फर्टिलाइजर के अधिकारी यूनिट हेड एम एस प्रसाद के आर दुरेजा विनय कुमार सूरज कुमार सिवान सौम्या साहू गंगा प्रसाद निरंजन आदि मौजूद रहें।

## मोबाइल चुराने के आरोप में युवक के हाथ पैर बांधे, भीड़ ने कर दी धुनाई



**सम्भल/अवधनामा संवाददाता।** हयातनगर थाना क्षेत्र की उपनगरी सरायतरीन में एक युवक के हाथ पैर बांधे जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो फोटो में युवक के हाथ पैर बांधे देखे जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार युवक ने मोबाइल चुराया था। जिसको बाद में पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार लोग खुद ही पुलिस का काम भी अंजाम दे दिए। आरोपी युवक को पकड़ कर बांध दिया गया। फोटो वीडियो में उसके हाथ पैर बांधे देखे जा सकते हैं। यदि मोबाइल चुराया भी था तब पुलिस चौकी में सूचना दी जा सकती थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या लोगों का भरोसा पुलिस से उठ गया है जो वे खुद ही आरोपी को सजा देने को उतारू हो गए। वैसे हयातनगर पुलिस इन दिनों बड़े अपराधियों पर कार्रवाई में व्यस्त है जिससे उनमें भय व्याप्त है और क्षेत्र में अवैध काम करने को कोई सिर नहीं उठा रहा है।

## विद्यालय खुलने के प्रथम दिन ही अध्यापक ने छात्र को बेरहमी से पीटा

**मथुरा।** महावन तहसील क्षेत्र में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से स्कूल खुल गए। पहले दिन पहुंचे एक छात्र की स्कूल के अध्यापक ने कमरे में बंद कर बेरहमी से पिटाई कर दी। छात्र ने घर आकर परिजन को जानकारी दी तो उनमें रोष उत्पन्न हो गया। वे छात्र को लेकर थाना जमुनापार पहुंचे। थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव हयातपुर में अलीपुर मार्ग पर एक पब्लिक स्कूल है। सोमवार सुबह कक्षा 10वीं का छात्र यश कुमार पुत्र महेश कुमार सारस्वत निवासी नगला देवकरन स्कूल पढ़ने गया था। आरोप है भोजनावकाश के बाद यश नल पर पानी पी कर अपनी कक्षा की ओर जा रहा था, तभी अध्यापक ने उसे बुलाया और एक कमरे में ले गए। किवाड़ अंदर से बंद कर उसकी पिटाई लगाई। यश ने पिटाई का कारण पूछा, बिना कारण बताए उसे बेरहमी से पीटते रहे। उसकी चीख-पुकार सुनकर कमरे के बाहर छात्र एकत्रित हो गए। अन्य अध्यापकों ने कमरा खुलवाया तो यश चीखता हुआ बाहर निकला। छात्र ने घर पहुंच कर अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी पिता को दी। पिता महेश उसे लेकर ग्रामीणों के साथ थाना जमुनापार पहुंचे और अध्यापक के खिलाफ तहरीर दी है।

# राहुल गांधी के पुतला दहन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी के चौक स्थित कार्यालय में अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में समस्त पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन करने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभि भाषण का उत्तर देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदू धर्म के एक संदेश की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को मानने वाले यह मानते हैं कि ना डरो ना डराओ। हिंसा असत्य और डर पर विजय को हिंदू धर्म अपना मुख्य संदेश मानता है। उन्होंने यह कहा की भारतीय जनता पार्टी के लोग जो अपने को हिंदू कहते हैं वह हमेशा असत्य डर और हिंसा फैलाने की बात करते हैं, जो हिंदू होने का लक्षण नहीं। उनका पूरा का पूरा आशय भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली पर था।

श्री मिश्र ने कहा कि हिंदू धर्म के वह प्रशंसक हैं और शिव की तस्वीर नानक की तस्वीर लिए सदन में नजर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### डीबीए में मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिन सोमवार को कचहरी स्थित डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के हॉल में अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एडवोकेट ने केक काटकर बड़ी धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर महामंत्री देवेंद्र पाल, अवनीश यादव, राहुल शाक्य, मनोज शाक्य कार्तिकेय यादव, ब्रजेश दुबे, पदमा मिश्रा, राजू यादव अनिल वर्मा, मैराज अली खान, सोनू यादव , अभिनय यादव, भुवनेश यादव, अनिल कश्यप, अमित चौरसिया, सुबोध यादव, जीशान राम शरण यादव आदि अधिवक्ता के अलावा समाजसेवी राम नाथ यादव भी रहे मौजूद।

### एस एस पी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित को तत्काल निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये।

### मौलाना आज़ाद नैशनल उर्दू विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई

**लखनऊ।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के प्रवेश निदेशालय की घोषणा के अनुसार, सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश की तारीखें बढ़ा दी गई हैं। अब पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार 7 जुलाई तक फॉर्म भर सकते हैं। लखनऊ परिसर की प्रभारी डॉ हुमा याकूब ने बताया कि एमए कार्यक्रम (उर्दू, अरबी, अंग्रेजी, फारसी) में अब 7 जुलाई, 2024 तक जो छात्र प्रवेश लेना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट (manuu.edu.in) पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। डॉ. हुमा याकूब ने कहा कि डालीगंज स्थित लखनऊ कैंपस में छात्रों के लिए लाइब्रेरी, रीडिंग हॉल और कंप्यूटर लैब की सुविधा मौजूद है। पहली मेरिट सूची 15 जुलाई को जारी की जाएगी। किसी भी जानकारी के लिए 0522-4628865/8650245813 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में फैसला पांच जुलाई को

**प्रयागराज।** सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में मंगलवार को फैसला आना था, मगर अब इसका फैसला पांच जुलाई को सुनाया जाएगा। गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत में मंगलवार को डान बबलू श्रीवास्तव को छोड़ सभी नौ आरोपितों को पेश किया गया। इनके खिलाफ अपहरण और फिरौती मांगने का आरोप है। आज इस प्रकरण में फैसला सुनाया जाना था, मगर अब अदालत ने पांच जुलाई को फैसला सुनाने का निर्णय लिया है। अभियोजन द्वारा विचाराधीन मुकदमे की गवाही 30 सितंबर 2023 को पूरी कर ली गई थी। वर्तमान में बबलू श्रीवास्तव बरेली जेल में निरुद्ध है।

### धर्मान्तरण कर किया निकाह, 10 साल बाद घर से निकाला

**प्रयागराज।** शहर में रहने वाली एक महिला का धर्मान्तरण कर निकाह करने और फिर 10 साल बाद मारपीट कर घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। इससे परेशान पीड़िता ने पुरामुफ्ती थाने में शौहर मोहम्मद अकरम, देवर समेत अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मतांतरण सहित कई धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोंगहटपुल मुहल्ला निवासी अर्चना सोनकर का आरोप है कि 10 वर्ष पूर्व उसका निकाह अकरम के साथ हुआ था। निकाह के दो माह बाद अकरम एक मामले में जेल चला गया। उसके बाद देवर सहित अन्य लोग मारपीट और उत्पीड़न करने लगे। वह कई साल तक सहती रही मगर बाद में घर से निकाल दिया गया। अकरम के जेल से छूटने के बाद जब वह घर पहुंची तो उसने भीतर नहीं घुसने दिया। दूसरा निकाह करने की बात करते हुए भगा दिया।

### गरुण ध्वज नंदी घोष पर सवार होंगे भगवान जगन्नाथ

**प्रयागराज।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय दिवस 7 जुलाई को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ जी की विश्व विख्यात रथ यात्रा की तैयारी में श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के सभी भक्तगण पूर्ण रूप से जुट गए हैं। रथ यात्रा के सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी भक्तों को दर्शन देने के लिए गरुड़ध्वज नंदी घोष रथ पर सवार होकर अपने भ्राता बलभद्र और देवी सुभद्रा के संग नगर भ्रमण को निकलेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी का रथ तैयार किया जा रहा है। इस रथ की ऊंचाई 18 फीट और चौड़ाई 12 फीट की होगी जो 16 पहियों का होगा। रथ के आगे चार अश्व होंगे और रथ के पीछे हनुमान जी एवं भगवान नरसिंह का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। रथ लाल और पीले रंग से सुसज्जित होगा। रथ के ऊपर भगवान जगन्नाथ जी का प्रतीक स्वरूप नील चक्र और तोता विराजित होगा। भक्तों के द्वारा रथ खींचने को लेकर 100 फीट की नागवासुकी रस्सी लगाई जाएगी इसके अलावा रथ यात्रा मार्ग चौक , घंटाघर, बहादुरगंज, राम भवन, मुट्ठीगंज, कटघर पर भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन और स्वागत हेतु भक्तों के द्वारा स्वागत द्वार बनाने की और पुष्प वर्षा और भगवान जगन्नाथ जी आरती की तैयारी की जा रही है। रथ यात्रा मार्ग की साफ सफाई के लिए नगर निगम प्रशासन और रथ यात्रा मार्ग पर लटके हुए विद्युत के तारों को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। जो यात्रा की पूर्व ठीक कर लिए जाएंगे।

# प्रिंसिपल ने नियम विरुद्ध लिपिक को बना दिया था चपरासी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कॉलेज में कार्यरत लिपिक को उसके प्रिंसिपल ने चपरासी बना दिया। पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने लिपिक पद के आदेश दिए। प्रिंसिपल ने अपनी तोहीन जान उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अपील दायर की। अपील को खारिज कर दिया। मामला शहर के चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज का है इस कॉलेज में वृंदावन से अपना ट्रांसफर करा कर आए राकेश महेश्वरी ने कॉलेज के लिपिक गिरधारी लाल को चपरासी जिला विधालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा से मेलजोल कर डिमोशन करा दिया। पीड़ित कर्मचारी ने अपने डिमोशन के खिलाफ शासन प्रशासन हर जगह प्रत्यावेदन दिया जब किसी ने छोटे कर्मचारी की सुनवाई नहीं की तो उसने उच्च न्यायालय की शरण ली जहा उसे न्याय मिला और गिरधारी लाल को लिपिक पद पर बने रहने के आदेश दिए। अहंकारी प्रिंसिपल राकेश महेश्वरी ने इस आदेश को अपनी नाक कटने का सवाल बनाते हुए उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अपील दायर की। उच्च न्यायालय ने राकेश महेश्वरी की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया। राकेश महेश्वरी की तरफ से पैरवी अधिवक्ता वशिष्ठ तिवारी ने एवं गिरधारी लाल की पैरवी अधिवक्ता कमल किशोर केसरवानी ने की। श्री केसरवानी ने बताया कि प्रत्यावेदन को जिला विधालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा द्वारा सुना जाता तो छोटे कर्मचारी को उच्च न्यायालय की शरण नहीं लेनी पड़ती। छोटे कर्मचारी पावरफुल लोगो द्वारा नियम विरुद्ध किए जाने वाले उत्पीड़न को सहन करते है यदि छोटे कर्मचारी सही है तो उन्हें डरने उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

# सूचनायें भरकर अपलोड, प्रमाणित कर 10 जुलाई से 02 सितम्बर 2024 तक किया जाना है: प्रिया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रिया शर्मा ने अवगत कराया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10)छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, समाज कल्याण अनुभाग-3 के द्वारा आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय सारिणी निर्गत की गयी है, जिसमें प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर/अपलोड करके प्रमाणित करने का कार्य दिनांक 10 जुलाई 2024 से 02 सितम्बर 2024 तक किया जाना है। सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता एवं स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को आनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित करने का कार्य दिनांक 11 जुलाई 2024 से 06 सितम्बर 2024 तक किया जाना है। छात्र/छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करने का कार्य दिनांक 01 जुलाई 2024 से 21 अक्टूबर 2024 तक किया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने का कार्य दिनांक 10 जुलाई 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सबमिट दिनांक-04 नवम्बर 2024 तक किया जायेगा। जिसके उपरान्त छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में दिनांक-08 नवम्बर 2024 तक जमा किया जाना है। छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना एवं अपात्र छात्रों का डाटा निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य दिनांक 11 जुलाई 2024 से 18 नवम्बर 2024 तक किया जायेगा। सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 9-10 हेतु) द्वारा वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता को आनलाइन सत्यापित करने का कार्य दिनांक 19 नवम्बर 2024 से 06 दिसम्बर 2024 तक किया जाना है।

## सनातनियों ने राहुल गांधी का पुतला फूंक विरोध जताया

**मथुरा।**अखिल भारत हिंदू महासभा एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास एवं सनातनियों ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक बताने के बयान पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का मथुरा के हृदय स्थल होली गेट पर आज उसका पुतला फूंका। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने ने कहा कि राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद नेता प्रतिपक्ष के रूप में बोलते हुए जिस प्रकार से विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है यह बहुत ही गलत है यह मानसिकता दर्शाती है। एक पक्ष को खुश करने कितना नीचे गिर सकते हैं। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। अब राष्ट्रपति तत्काल प्रभाव से उन्हें संसद सदस्यता से निलंबित कर कठोर कार्रवाई करें। इस अवसर पर प्रिंस पांडे,विनोद पांडे,पवन बाबा, नरेश सिंह, राहुल गौतम, नीतू सक्सेना,नीरज गौतम,राकेश बघेल, बाबा,पंकज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# एसएमजीआई के एमबीए में इशिका बनी टॉपर

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत् एमबीए के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने शानदार परिणाम से संस्थान की श्रेष्ठता साबित की।

संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने बताया कि, एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित एम.बी.ए.प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। एम.बी.ए.प्रथम सेमेस्टर में इशिका जैन ने 73.66 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, आशू प्रताप सिंह ने 69.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सचिन पाल ने 68.75 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, निधि पाण्डेय ने 67.66 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं प्रांजल शर्मा ने 67.41 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। एम.बी.ए.तृतीय सेमेस्टर में अंकिता सिंह ने 74.41 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, इबरत परवीन ने 74.08 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अंशिल यादव ने 72.58 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, विंकल पाल ने 70.33 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं सुनीता ने 69.83 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। एस एम जी आई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पानी की टंकी हादसा: पीड़ितों के लिए समाजसेवियों ने हाथ बढ़ाया

**मथुरा।** कृष्णा विहार मथुरा में पानी की टंकी हादसे के एक दिन बाद लोगों को भोजन और पानी की समस्या की सूचना पर प्रमोद कसेरे ने पीने का पानी के टैंकर भेजें साथ ही राम कथा आचार्य पंडित अखिलेश गौड़ केशव गौड़, पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी, समाजसेवी विनोद दीक्षित, नरेंद्र दीक्षित दीपक बंसल जितेंद्र अगवाल के द्वारा पीड़ित लोगों की मदद करने के साथ आज भूखे लोगों को भोजन के पैकेट का वितरण किया गया। राम कथा आचार्य अखिलेश गौड़ ने कहा आपदाके समय एक दूसरे की लोगों को मदद करनी चाहिए आज इसके अंतर्गत पीड़ित व्यक्तियों के लिए भोजन के पैकेट लेकर आए हैं। समाजसेवी विनोद दीक्षित ने कहा हम सब पड़ोसी घटना वाले दिन से ही अपने पड़ोसियों की मदद कर रहे हैं इस समय यहां पर रहने वाले लोगों को सभी की मदद की सख्त जरूरत है।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर वित्त लेखा अधिकारी को ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई राया का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मीडिया प्रमुख ब्लॉक अध्यक्ष राया गोवर्धन दास गुप्ता के नेतृत्व में शैलेंद्र कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी मथुरा से शिक्षकों की समस्याओं को लेकर मिलाकर विभिन्न मांगों के सन्दर्भ में ज्ञापन दिया। काफी देर तक चर्चा कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। शिक्षक नेता ने कहा कि शासन द्वारा वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा विभाग 30 मई 2024 के पत्र के आधार पर जिले के सभी बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों के भविष्य निधि खाते की लेखा पर्ची उपलब्ध कराई जाए। शिक्षक कर्मचारियों को अपनी जी पी एफ की धनराशि का पता नहीं होता है। जब शिक्षक सेवानिवृत होता है।जब ही जीएफ का भुगतान की धनराधि का पता चलता हैं। माह का वेतन एक तारीख तक भेजने का आश्वासन दिया था।परन्तु फिर भी वेतन नहीं आ रहा है, अन्य जनपदों में एक या दो तारीख को वेतन भुगतान हो जाता है। मथुरा जिले में एक या दो तारीख को वेतन भुगतान कभी नहीं हो पाता है।एक तारीख को शिक्षकों का वेतन भुगतान करवाने की मांग की है। शिक्षकों के अन्य भुगतान एरिएयर आपके कार्यालय में काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं। उनका भुगतान किया जाएं शिक्षकों के आयकर संबंधी 16 नंबर फॉर्म शिक्षकों को अभी तक प्राप्त नहीं कराए गए हैं उनको शीघ्र शिक्षकों को प्राप्त कराए जाएं शीघ्र शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण कर करने की मांग की है।

# दो निर्माण खंडों के बीच झूली कृष्ण विहार की पानी की टंकी

**अवधनामा संवाददाता**

■ निर्माण संबंधी दस्तावेज भी हुए गायब

**मथुरा।** मथुरा के कृष्ण विहार कॉलोनी में तीन साल पहले करोड़ों की लागत से बनीं पानी की टंकी रविवार शाम को गिर गई। तीन साल में बनकर तैयार हुई भ्रष्टाचार की यह टंकी जल निगम के दो खंडों के बीच झूली। इस टंकी के गिरने के बाद जलनिगम में अफरा-तफरी मची हुई है। सूत्रों से पता चला है कि टंकी निर्माण से संबंधित दस्तावेज भी गुम हो गए हैं, जिनकी तलाश जल निगम के अधिकारी करने में जुटे हैं।

कृष्ण विहार कॉलोनी में 2500 किलोलीटर पानी की क्षमता की करोड़ों की लागत से बनीं टंकी मथुरा पुनर्गठन पेयज पार्ट प्रथम के तहत अमृत 1.0 कार्यक्रम योजना में बनाई गई। यह पूर्ण योजना 36 करोड़ की थी। 30 साल के लिए बनाई गई पानी की टंकी भ्रष्टाचार के कारण तीन साल में ही गिर गई। इंटज टाइप की चार साल में बनकर तैयार हुई टंकी का निर्माण भी जल निगम के दो खंडों में बीच झूला।

पहले जलनिगम की अतिरिक्त निर्माण इकाई को टंकी बनाने का कार्य मिला। इसके बाद यह कार्य जल निगम की निर्माण इकाई नगरीय द्वारा किया गया। कृष्ण विहार कॉलोनी की टंकी गिरने के बाद जल निगम निर्माण इकाई नगरीय कार्यालय में हड़कंप मचा है। उच्चाधिकारियों ने टंकी के निर्माण एवं सोइल टेंस्टिंग की दस्तावेज गुम हो गए हैं। विभाग के अधिकारी टंकी के दस्तावेजों की तलाश में जुटे हैं।

जल निगम के निर्माण इकाई नगरीय के एई अद्वितीय शर्मा ने बताया कि टंकी जलनिगम के दो खंडों द्वारा बनाई गई है। किस खंड ने कितने प्रतिशत टंकी का निर्माण किया। इसकी जानकारी दस्तावेजों से ही संभव होगी। इसके लिए कृष्ण विहार पानी की टंकी के दस्तावेज तलाश किए जा रहे हैं।


## खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड बेरोजगार एवं कारीगरो को बांटेगा हनी बॉक्स

**बहजोई (सम्भल)।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना हनी मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 20 बेरोजगारों एवं कारीगरों को हनी बॉक्स एवं सम्बन्धित टूलकिट्स वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। जिसमें जनपद का कोई भी बेरोजगार युवक एवं युवति इस क्षेत्र में अनुभव / प्रशिक्षित स्वरोजगार करने हेतु आवेदन कर सकता है।

इस योजना में कोई भी कारीगर या बेरोजगार महिला या पुरुष अपना आवेदन पत्र इस योजना में ऑन लाइन कर सकता है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष एवं साक्षर होना अनिवार्य है। ऑन लाईन हेतु विभागीय पोर्टल www.upkvib.gov.in पर 10 दिन के अन्दर आवेदन कर सकता है। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज- आधार कार्ड, राशन कार्ड,उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित उत्पाद विकारा गानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 20 बेरोजगारों एवं कारीगरों को हनी बॉक्स एवं सम्बन्धित टूलकिट्स वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को दिखाई हरी झंडी

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रचार वाहन को आज दिनांक 02.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे हरी झंडी दिखायी गयी। उक्त अवसर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रचार वाहन को समस्त आवासीय क्षेत्रों में घुमाया गया जिससे विभिन्न क्षेत्रों में दिनांक 13.07.2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हो सके तथा आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के संबंध में एवं लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु पूर्व तैयारियों के अवलोकन के संबंध में बैठक मंगलवार को जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल, सम्भल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें जनपद न्यायाधीश, कमलेश कच्छल, सम्भल स्थित चंदौसी अशोक यादव-1, नोडल अधिकारी लोक अदालत / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, सम्भल स्थित चंदौसी, आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश, चंदौसी, रागिनी, अपर सत्र न्यायाधीश, एस.सी.एस.टी. एक्ट, सम्भल स्थित चंदौसी, श्री आदित्य सिंह, सिविल जज (सी.डि.) / ए.सी.जे.एम., संभल स्थित चंदौसी, श्री मनोज यादव, सिविल जज (सी.डि.)/ ए.सी.जे.एम., चंदौसी, तुषारिका सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चंदौसी, सिविल जज (जू.डि.) सम्भल स्थित चंदौसी, अक्षिता मिश्रा, व सिविल जज (जू.डि.)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल स्थित चंदौसी, दिव्या गर्ग श्री कृष्ण मोहन पाण्डेय, सिविल जज (जू.डि.)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय, सुश्री व्योमा गौड़, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, श्री हिमांशु वर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, श्री विजय प्रकाश, सिविल जज (जू.डि.)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्चना सिंह द्वारा दी गयी।

## सपा मुखिया के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मथुरा महानगर के के तत्वावधान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51 वें जन्म दिवस की श्रृंखला में पर्यावरण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता, समता की प्राणवायु हेतु मसानी रोड़ पर पीडीए पौधा रोपण कर व मिठाई बांटकर माननीय अखिलेश यादव जी की समाजवादियों ने दीर्घायु की मंगल कामनाएं की। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि वर्तमान में हर तरह के फैले हुए तरह तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए पेड़ों की आवश्यकता है। शाखाओं की नही जब पोधों की जड़ जमीन पकड़ लेती है। तो शाखाएं पत्तियां फल फूल तो सब अपने आप को प्राप्त होता है। वो शाखाएं अप्राकृतिक होती है। जिनकी न तो जड़ों का पता होता है। न उस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है। इस लिए आवश्यकता है। जमीन से जुड़े पेड़ों की और मथुरा-वृंदावन विधानसभा अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद लोधी व प्रभारी देवकीनंदन कश्यप ने संयुक्त रूप से संकल्प लेते हुए कहा कि पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 2027 पेड़ हर क्षेत्र में रोपे जाएंगे।

# सैमसन, जायसवाल और शिवम दुबे की जगह इन तीन खिलाड़ियों को मिला मौका, पहले 2 टी20 मैच के लिए भारतीय टीम में हुए शामिल

भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे के लिए पुरुष चयन समिति ने पहले दो टी20आई के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर कर दिया है। अब इन तीन खिलाड़ियों की जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को टीम में पहले दो टी20 मैच के लिए शामिल किया गया है। दरअसल, मौजूदा समय में सैमसन, जायसवाल और दुबे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के साथ बारबाडोस में ही हैं। मौसम खराब होने के कारण ये खिलाड़ी स्वदेश नहीं लौट पाए, जिस कारण इन तीनों की जगह बोर्ड ने साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को मौका दिया है।

22 वर्षीय बल्लेबाज सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे खेल चुके हैं, जिसमें 63.50 की औसत से 127 रन बनाए। उन्होंने दिसंबर 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं 30 वर्षीय जितेश शर्मा ने 9 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 100 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू किया था। वहीं, 22 वर्षीय हर्षित राणा पहली बार भारतीय टीम में चुने गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में जबर्दस्त छाप छोड़ी थी।

बता दें कि, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल बारबाडोस से स्वदेश लौटेंगे और फिर जिम्बाब्वे सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों के लिए रवाना होंगे। सैसमन और यशस्वी को टी20 वर्ल्ड कप में एक भी मैच खेलने



का मौका नहीं मिला। दुबे को जिम्बाब्वे सीरीज के लिए नितीश रेड्डी के रिप्लेसमेंट के तौर पर जगह मिली। नितीश चोटिल होने के कारण दौरे से बाहर हो गए। एनसीए के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में जिम्बाब्वे दौरे के लिए अन्य भारतीय खिलाड़ी रवाना हो चुके हैं। वहीं टीम की अगुवाई शुभमन गिल के हाथों में होगी। टी20 वर्ल्ड कप के लिए रिजर्व रहे गिल ब्रेक पर थे। वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे। युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज युवाओं को भविष्य की सीरीज के खिलाफ टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका देगी।

***जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 मैच के लिए भारतीय स्क्वॉड***

शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।

# सुमित नागल पहले दौर से हुए बाहर, सर्बिया के खिलाड़ी ने दी मात

टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 137वें एडिशन का आगाज हो चुका है। इस बार भारत की तरफ से पुरुषों के सिंगल इवेंट में स्टार खिलाड़ी सुमित नागल को भी खेलने का मौका मिला। मेन ड्रॉ में जगह बनाने वाले नागल को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्हें सर्बिया के खिलाड़ी मिओमिर केकेमनोविक ने मात दी। 48 मिनट तक चले इस मुकाबले में कुल 4 सेट का खेल हुआ जिसमें नागल को तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा। सुमित नागल जिन्होंने पिछले महीने ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया था उनके खेल में इस मैच में बिलकुल भी निरंतरता देखने को नहीं मिली।

इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो सुमित नागल को सर्बिया के खिलाड़ी मिओमिर केकेमनोविक से



पहले सेट में 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद नागल ने दूसरे सेट में शानदार तरीके से वापसी करने के साथ उसे 6-3 से अपने नाम किया और मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में सुमित नागल ने बेहतर खेल तो दिखाया लेकिन उन्हें 3-6 से मात मिली तो अंतिम सेट भी काफी रोमांचक रहा हालांकि नागल इसे 4-6 से गंवा बैठे और उन्हें विम्बलडन 2023 में पुरुषों के सिंगल इवेंट के पहले राउंड से ही बाहर होना पड़ा।

सुमित नागल जिनका घास के कोर्ट पर बेहतर प्रदर्शन देखने को नहीं मिलता वह विम्बलडन 2024 में बेहतर प्रदर्शन के लिए काफी पहले ही वहां पर पहुंच गए थे। वहीं अब सिंगल्स के इवेंट से बाहर होने वाले नागल विम्बलडन 2024 में डबल्स इवेंट में खेलते हुए दिखाई देंगे जिसमें उनका साथ सर्बिया के खिलाड़ी डुसान लाजोविक देंगे। नागल और डुसान की इस जोड़ी का डबल्स के पहले राउंड में मुकाबला स्पेन की जोड़ी पेड्रो और जामुआ से होगा।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हार के बाद पद छोड़ना चाहते थे राहुल द्रविड़, रोहित के एक फोन कॉल से बदल...

भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब 29 जून को अपने नाम र दिया है। लेकिन अभी तक इसकी खुशी टीम इंडिया के साथ-साथ पूरे देशवासियों के चेहरे पर नजर आ रही है। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी इस टूर्नामेंट के साथ खत्म हो गया है। अब वह भारतीय टीम के हेड कोच नहीं रहे हैं। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि, पिछले साल ऑस्ट्रेलिया से वनडे वर्ल्ड कप 2023 हारने के बाद वो अपना पद छोड़ना चाहते थे, लेकिन रोहित शर्मा की एक कॉल ने सबकुछ बदल दिया।

बीसीसीआई टीवी पर राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा को लेकर कहा कि, थैंकू यू रो, मुझे नवंबर में वो कॉल करने के लिए और मुझे रुकने के लिए कहने के लिए। मुझे लगता है कि टीम इंडिया में हर एक शख्स के साथ काम करना गर्व की बात है, मैं हर एक शख्स के लिए शुक्रगुजार हूं लेकिन रो तुमको शुक्रिया अपना इतना समय देने के लिए



एक कप्तान के तौर पर। कई बार हमने बात की, हमनें कई चीजों पर चर्चा की, कई बातों पर हम सहमत थे, कई बातों पर हम एक-दूसरे से सहमत नहीं थे, लेकिन इन सबके बाद तुमको बहुत-बहुत शुक्रिया। इस ग्रुप में हर शख्स को जानना काफी शानदार रहा।

राहुल द्रविड़ खिलाड़ी के तौर पर वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए हैं, लेकिन क्रिकेटर के तौर पर उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो कुछ किया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। टीम इंडिया ने ये जीत अपने हेड कोच को भी डेडिकेट की। टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जीत पर जिस तरह से राहुल द्रविड़ ने एग्रेशन दिखाया था, उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया था। राहुल द्रविड़ आमतौर पर शांत रहना पंद करते हैं, लेकिन इस जीत ने उनके अंदर के बच्चे को भी जगा दिया था। और वो किसी 5 साल के बच्चे के तरह की चिल्लाते हुए और खुशी मनाते हुए दिखे थे।

## बारबाडोस से आई अच्छी खबर! टी 20 चैंपियन भारतीय टीम इस दिन पहुंचेगी दिल्ली

साउथ अफ्रीका को फाइनल में मात देकर भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया है। लेकिन वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम अभी तक स्वदेश नहीं लौटी है। दरअसल, बारबाडोस के तूफान ने उनकी उम्मीदों और फैंस के इंतजार पर पानी फेर दिया है। जिस कारण से टीम को अभी भी वहीं रुकना पड़ा है। हालांकि, अब एक अच्छी खबर है कि टीम इंडिया जल्द ही दिल्ली पहुंचेगी। बारबाडोस में रविवार की रात को काफी तेज बारिश हुई, जिस कारण सोमवार को तेज तूफान के कारण सरकार ने पूरे बारबाडोस में सभी एयरपोर्ट बंद कर दिए और कर्फ्यू का ऐलान कर दिया। रात आठ बजे तक टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को होटल के कमरों में बंद होना पड़ा। लेकिन अब दैनिक जागरण के पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 3 जुलाई शाम 7.30 बजे तक टीम इंडिया दिल्ली पहुंच जाएगी।

# रोहित शर्मा के बारबाडोस की पिच की मिट्टी खाने के पीछे का क्या है राज

बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेले गए भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल का मुकाबला भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता। इसके साथ ही पिछले 17 साल का सूखा खत्म कर टीम इंडिया वर्ल्ड चैंपियन बना। वहीं इस खिताब को जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बारबाडोस की पिच की मुट्टी खाई जिसके बाद चारों तरफ इसकी चर्चा थी। वहीं अब खुद रोहित शर्मा ने इसका खुलासा किया है कि आखिरकार उन्होंने मिट्टी खाई क्यों?

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद रोहित शर्मा की दो तस्वीरें सामने आई। इन तस्वीरों में एक तो वो थी जिसमें एनरिक नॉर्खिया ने मैच की आखिरी गेंद पर डीप मिडविकेट पर सिंगल के लिए शॉट मारा, तो रोहित जमीन पर लेट गए और कई बार गेंद को पटक दिया।



रोहित का दुनिया को ये बताने का तरीका था कि उनका और भारत का 13 साल का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया।

भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद गले मिलना, खुशी के आंसू बहाना, चीखना-चिल्लाना, थपथपाना और डांस मूव्य ये सब कुछ करने के बाद रोहित शर्मा चुपचाप पिच के बीच की ओर चले गए, उसमें से एक टुकड़ा तोड़ा और अपने मुंह में डाल लिया। उन्हें ये सब फिर से करना बहुत अच्छा लगा, मानो मिट्टी का स्वाद उन्हें बेहद पसंद आ रहा हो।

इस पर रोहित ने अपना राज़ खोला है। रोहित ने मंगलवार को बीसीसीआई के वीडियो में कहा कि, आप जानते हैं... मैं उस पल को महसूस कर रहा था। जब मैं पिच पर गया क्योंकि उस पिच ने हमें ये दिया। हमने उस विशेष पिच पर खेला और हमने गेम जीता, वह विशेष मैदान भी। मैं अपने डीवन में उस मैदान और उस पिच को हमेशा याद रखूंगा। इसलिए मैं इसका एक हिस्सा अपने पास रखना चाहता था। तो वहां, वे पल बहुत बहुत खास हैं। वह जगह जहां हमारे सपने पूरे हुए, मैं उसका कुछ हिस्सा चाहता था इसके पीछे यही भावना थी।

# सुपरबेट क्लासिक शतरंज के आखिरी चार दौर में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगायेंगे शीर्ष पर पहुंचने का जोर

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के अपने-अपने मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा। नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के



नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है। छठे दौर में उनके सामने रोमानिया के बोगदान-डेनियल की चुनौती होगी। प्रज्ञानानंदा को इस मुकाबले में जीत का दावेदार माना जा रहा है क्योंकि वह सफेद मोहरों के साथ खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश के सामने छठे दौर में वाचिएर-लाग्रेव की चुनौती होगी। इस दौर में गुकेश काले मोहरों से खेलेंगे।

# शादी के लिए तैयार हैं सुष्मिता, बोलीं- सही वक्त पर सही इंसान मिल जाए तो शादी भी हो जाएगी!

सुष्मिता सेन अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बिंदास रवैया रखती हैं। चाहे बात उनकी डेटिंग लाइफ की हो या शादी की वे खुलकर हर सवाल का जवाब देती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, देखिए मुझे कभी भी शादी से इनकार नहीं था। मैं शादी करने के लिए तैयार हूं, लेकिन सामाजिक दवाब या किसी दूसरे कारणों की वजह से नहीं।

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सुष्मिता सेन जो भी करती हैं डंके की चोट पर करती हैं। वे जिंदगी को अपने शर्तों पर जीती हैं। सुष्मिता जितनी शानदार अभिनेत्री हैं उतनी ही खूबसूरत इंसान भी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे अपनी निजी जिंदगी से जुड़े कई सवालों का जवाब देती नजर आई। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया है कि वे कब शादी के बंधन में बंधने वाली हैं।

सुष्मिता सेन अपनी निजी जिंदगी को



लेकर एक बिंदास रवैया रखती हैं। चाहे बात उनकी डेटिंग लाइफ की हो या शादी की वे खुलकर हर सवाल का जवाब देती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, देखिए मुझे कभी भी शादी से इनकार नहीं था। मैं शादी करने के लिए तैयार हूं, लेकिन सामाजिक दवाब या किसी दूसरे कारणों की वजह से नहीं। मैं शादी तब करूंगी जब मुझे सामने वाला इंसान सही लगेगा और वह मेरे शादी के लिए सभी बॉक्स में फिट बैठेगा।

सुष्मिता सेन से जब पूछा गया कि क्या वे अपने पूर्व-साथियों के साथ दोस्ती का रिश्ता शेयर करती हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, यह थोड़ा जटिल मामला है। कुछ लोग अपने एक्स के साथ दोस्ती का रिश्ता रखते हैं, लेकिन फिर मुझे लगता है कि आप लाइन कहां खीचेंगे। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मेरे कई पूर्व-साथी आज भी मेरे दोस्त हैं।

सुष्मिता सेन अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रणदीप हुड्डा और ललित मोदी के संग रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। कहा जा रहा है कि इन दिनों वे एक बार फिर से रोहमन शॉल को डेट कर रही हैं। बीच में दोनों की ब्रेकअप की खबरें खूब वायरल हुई थीं। वहीं अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे पिछले दिनों आर्या में नजर आई थीं। दर्शकों को इस शो में उनका निडर किरदार काफी पसंद आया था।

# हम अपने साथियों से बहुत कुछ सीखते हैं, मिर्जापुर 2 में श्वेता त्रिपाठी के साथ के अंतरंग दृश्य पर विजय वर्मा ने की खुलकर चर्चा

मिर्जापुर का तीसरा सीजन 5 जुलाई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है, जिसको देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। मशहूर सीरीज के नए सीजन में बहुत कुछ नया देखने को मिलने वाला है। इन नयी चीजों में विजय वर्मा और श्वेता त्रिपाठी की केमिस्ट्री भी शामिल है, जिसे पिछले सीजन में अंतरंग दृश्य के साथ अधूरा छोड़ दिया गया था। अब अभिनेता ने छोटे त्यागी और गोलू के अंतरंग दृश्य के बारे में खुलकर बात की।



न्यूज़18 को दिए एक इंटरव्यू में विजय वर्मा ने सीन की शूटिंग को याद करते हुए कहा, इस किरदार के लिए गोलू के साथ इस तरह के दिलचस्प प्रयोग से गुजरना दिलचस्प था। सतह पर, वह एक बहुत ही सामान्य और प्यारी लड़की के रूप में सामने आती है। लेकिन लोग यह भूल जाते हैं कि अपने पहले दृश्य में, वह एक पुस्तकालय में एक निश्चित प्रकृति की इरोटिका पढ़ती हुई दिखाई देती है। वह अलग तरह से झुकी हुई है और वह उसे इससे परिचित कराती है।

वर्मा ने आगे कहा, हम अपने पार्टनर से बहुत कुछ सीखते हैं। शुरुआती दौर में, खास तौर पर यौन रूप से, ऐसा नहीं है कि आप सब कुछ खुद ही जान लेते हैं। जब आप एक खास तरह की ऊर्जा से मिलते हैं, तो आप एक लड़के से एक आदमी में बदल जाते हैं। जब गोलू उसे बेल्ट देती है और मारो कहती है, तो वह खुद को पीटना शुरू कर देता है। जब मुझे यह विचार आया, तो गुरु (गुरमीत सिंह, निर्देशक) हंसने लगे। मैंने उनसे कहा कि यह लड़का नहीं जानता कि उसका क्या मतलब है। पिछले महीने विरासत चीन ली गई है, पर दहशत कायम है कैप्शन के साथ मिर्जापुर का ट्रेलर साझा किया गया। रविवार को मिर्जापुर के निर्माताओं ने सीरीज का एक रैप ट्रैक गंदी बीमारी लॉन्च किया। इस ट्रैक में गुड्डू पंडित के सिंहासन पर पहुंचने की यात्रा को दर्शाया गया है।

# राखी सावंत ने पायल मलिक को चुड़ैल कृतिका के साथ अपने पति, अरमान मलिक को साझा न करने की नसीहत

बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बेघर हो चुकी पायल मलिक को बॉलीवुड की नामी हस्ती राखी सावंत ने एक खास एडवाइस दी है। राखी ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने पायल के बिग बॉस के घर से बेघर होने पर प्रतिक्रिया दी। इतना ही नहीं अभिनेत्री ने पायल को बेवकूफ और कृतिका को चुडैल तक कह दिया। इसके अलावा राखी ने बिग बॉस से खुद को घर के अंदर भेजने की मांग की है।

पायल से राखी ने कहा, तुम थोड़ी बेवकूफ हो, तुमको लड़ना चाहिए थे बिग बॉस से कि तुमको क्यों निकाला। तुम्हारी जो सौतन है, वो तुम्हारे पति से चिपक रही है, उसे गर्मी दे रही है और तुम बगल में बैठकर सब देख रही हो। उन्होंने आगे कहा, पायल तुम्हारा पहला पति है वो, तुम्हारा काम है उसे (अरमान) को उससे (कृतिका) से



छीनना। वो हर दो मिनट में खुद चिपक रही है और तुमको छिपकली बनाकर बाजू में हटा रही है।

राखी ने अपने वीडियो में यह भी दावा किया कि पायल को अरमान और कृतिका ने घर से निकलवाया है। राखी ने कहा, इन लोगों ने बिग बॉस से कहकर तुम्हें घर निकाला, कबाब में से हड्डी की तरह अब ये खुद अंदर गुल खिलाएंगे। अभिनेत्री ने आगे कहा, पायल तुम अपना विश्वास हार रही हो, तुम्हारी लापरवाही की वजह से तुम्हारी दोस्त तुम्हारा घर तोड़ी। तुम्हारे पति के मजे लिए, शादी करी और बच्चे पैदा किए।

राखी ने कृतिका की बात का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह नेचुरल तरीके से प्रेग्नेंट हुई और पायल को इसके लिए आईवीएफ का सहारा लेना पड़ा था। अभिनेत्री ने इसपर कहा, ये एक निजी मामला था, बोलने की जरुरत नहीं थी।

# भारत-थाईलैंड का संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री शुरू, भारतीय टुकड़ी में 76 कर्मी

**नई दिल्ली।**(हि.स.)। भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में शुरू हो गया है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। अभ्यास के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड रवाना हुई थी। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर, 2019 में मेघालय के उमरोई में हुआ था।

इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने गई भारतीय सेना की टुकड़ी में 76 कर्मी हैं। इनमें मुख्य रूप से लद्दाख स्काउट्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी भाग ले रहे हैं। रॉयल थाईलैंड आर्मी की टुकड़ी में भी 76 कर्मी शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से 4 डिवीजन की 14 इन्फेंट्री रेजिमेंट की पहली बटालियन से हैं। मैत्री अभ्यास का उद्देश्य भारत और



थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देना है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अन्तर्गत जंगल और शहरी वातावरण में संयुक्त उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए अभियानों को अंजाम देने में संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा। इस दौरान किए जाने वाले सामरिक अभ्यासों में संयुक्त ऑपरेशन केंद्र का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, छोटी टीम का प्रवेश और निकासी, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन, कॉर्डन और तलाशी अभियान, रूम इंटरवेंशन ड्रिल और अवैध संरचनाओं को नष्ट करना शामिल होगा। मैत्री अभ्यास से दोनों पक्षों को संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपने सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने का अवसर मिलेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन और आपसी सौहार्द विकसित करने में सहायक होगा।

## हाथरस में बड़ा हादसा, सत्संग खत्म होने के बाद मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत, कई घायल

**हाथरस(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार को सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित रतिभानपुर में सत्संग समापन के बाद मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ में कई लोग घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। बताया जा रहा है कि सत्संग खत्म होने के बाद भीड़ के निकलने के दौरान भगदड़ मच गई जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 23 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मौके पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं।

# राज्य सभा में विपक्ष के नेता खरगे के बयान पर नाराज हुए सभापति धनखड़

**नई दिल्ली(हि.स.)** राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कार्यवाही के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर उस समय बहुत नाराज हो गए, जब राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे अध्यक्ष की तरफ उंगली उठाकर यह कहने लगे कि ना तो आपने उन्हें बनाया और न जयराम रमेश और न कोई और। उन्होंने समीप के सीट पर बैठी सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा कि उन्हें सोनिया गांधी और जनता ने बनाया है। राज्य सभा में कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे पर प्रतिक्रिया देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आपको किसने बनाया है, यह तो आप समझिए। लेकिन आप हर बार कुर्सी के समीप आ जाते हैं। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना सोचे कुछ भी बोल देते हैं। सभापति धनखड़ ने यह भी कहा कि इस देश, संसदीय लोकतंत्र और राज्य सभा की कार्यवाही के इतिहास में कभी भी अध्यक्ष की इतनी अवमानना नहीं हुई है। उन्होंने यह भी



कहा कि मेरे में बहुत सहन शक्ति है और मैं खून का घूंट पीकर रह सकता हूं। मैंने क्या क्या किया और कितना बर्दाश्त किया। आपके लिए विचार करने का समय है। उन्होंने कहा कि आपकी (मल्लिकार्जुन खरगे) गरिमा पर कई बार हमला किया गया। मैंने हमेशा और कई बार आपकी गरिमा की रक्षा करने की कोशिश की है फिर भी आप मेरी तरफ उंगली उठा रहे हैं। दरअसल, राज्य सभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी बोल रहे थे, तभी बीच में मल्लिकार्जुन खड़े हो गए। इस बीच पीछे से कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कुछ बोल दिया। तब सभापति ने कहा कि प्रथम पंक्ति में आप जैसा व्यक्ति है जिसके पास 56 साल का अनुभव है। उस व्यक्ति को जयराम रमेश टोकते हैं और मदद करने की कोशिश करते हैं। इस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति पर टिप्पणी कर दी थी।

## करनाल में रेलवे ट्रैक पर गिरे कंटेनर, तीन किलोमीटर ट्रैक डैमेज



**चंडीगढ(हि.स.)।** अमृतसर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर करनाल के निकट मंगलवार की सुबह चलती हुई मालगाड़ी से करीब आठ कंटेनर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इससे रेलवे ट्रैक व बिजली की लाइन को काफी नुकसान पहुंचा है। करनाल के तरावड़ी के निकट यह हादसा होने के बाद दिल्ली-अमृतसर के बीच चलने वाली दो ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया जबकि कई यात्री व मालगाड़ियों को रद्द करना पड़ा। रेलवे की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आज सुबह चार बजे डाउन ट्रैक अंबाला से दिल्ली की ओर खाली कंटेनरों से लदी मालगाड़ी जा रही थी। जब मालगाड़ी तरावड़ी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी तो उसकी पिछली बोगी के पहिए ट्रैक से नीचे उतर गए। मालगाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रैक से पहिए उतरने के बाद भी ट्रेन करीब डेढ़ किलोमीटर बाद रुकी। सूचना पाकर जीआरपी तथा रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कंटेनरों को ट्रैक से हटाने का काम किया जा रहा है। सूचना यह भी है कि मालगाड़ी के ह्यह्यह्यपिछले पहिये डिरेल हुए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एक्सल टूटने के कारण यह हादसा हुआ है।

# झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत : हिमंत बिस्वा सरमा

**रांची(हि.स.)।** राज्य सरकार के द्वारा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत है। अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर कहा कि नियुक्तियां फ्री और फेयर की जाएं। साथ ही मामले की जांच सीबीआई करे।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक्स पर कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं, सीबीआई जांच व कड़ी कार्रवाई जरूरी है। युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-



राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जायेगा। राज्य के लाखों युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाला झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

बाउरी ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखंड के लाखों छात्रों की जीत है। इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआई से करवानी ही होगी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और किसी भी तरह की नियुक्ति में घोटाला भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से नहीं करवाई तो आने वाले समय में राज्य के छात्रों के साथ भारतीय जनता पार्टी सड़क से सदन तक की लड़ाई चरणबद्ध तरीके से लड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम तीन जुलाई को निर्धारित किया था। इसमें 1500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना था लेकिन इस परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर एक तरफ छात्र धरना पर बैठे हैं तो दूसरी तरफ भाजपा ने इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए स्व-नामांकन 15 जुलाई तक : शिक्षा मंत्रालय




**नई दिल्ली(हि.स.)।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए पात्र शिक्षकों से शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर 27 जून से ऑनलाइन स्व-नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 50 शिक्षकों का चयन तीन चरणों वाली चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। यह पुरस्कार 5 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित करता है, जिसमें कठोर, पारदर्शी और ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अद्वितीय योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है।

## पंजाब सरकार ने नवनिर्वाचित सांसद अमृतपाल को शपथ दिलवाने के लिए लोकसभा स्पीकर को भेजा पत्र

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से सांसद बने कट्टरपंथी अमृतपाल को शपथ दिलवाने के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र भेजा है। अमृतपाल के परिवार की ओर से डीसी अमृतसर को पैरोल के लिए आवेदन भेजा गया था, जिस पर पंजाब सरकार की ओर से यह कार्रवाई की गई है। अमृतपाल सिंह के वकील और पूर्व सांसद राजदेव सिंह खालसा ने बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ अमृतसर में एनएसए के तहत मामला दर्ज है। इसलिए पैरोल के लिए अमृतसर डीसी को आवेदन दिया गया था। ह्यह्यइसके बाद यह आवेदन पंजाब गृह विभाग को भेजा गया, जिन्होंने इस पर कार्रवाई करते हुए आवेदन को लोकसभा स्पीकर को भेज दिया। इसके बाद अमृतपाल सिंह के परिवार ने लोकसभा स्पीकर से मिलने का समय मांगा है।

## ढाका में जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने भटक रहे बीमार कस्तूरी बिलाव को बचाया

**ढाका (हि.स.)।** जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने सोमवार देर रात मीर मोशर्रफ हुसैन हॉल क्षेत्र में भटक रहे एक बीमार कस्तूरी बिलाव (सिवेट) को बचा लिया। इसके बाद उसे विश्वविद्यालय के वन्यजीव बचाव केंद्र में रखा गया। कुछ छात्रों ने घूम रहे इस बिलाव का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। प्राणीशास्त्र के छात्र रबीउल इस्लाम रोबी ने सोशल मीडिया पर लिखा, रविवार रात से यह सिवेट परिसर के चारों ओर असामान्य रूप से घूम रहा है। लार टपका रहा है। बहुत थका हुआ लग रहा है। आमतौर पर एक सिवेट इस तरह से व्यवहार नहीं करता। यह ऐसा व्यवहार तभी करता है, जब बीमार हो या परिसर में इसका आवास नष्ट कर दिया गया हो।दरअसल, हाल ही में विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में नई इमारतों के निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई की है, जिससे इससे परिसर की जैव विविधता और जानवरों के आवास को नुकसान पहुंचा है। इसलिए इस कस्तूरी



बिलाव (सिवेट) के भटकने की संभावना जताई गई। इसके बाद प्राणी शास्त्र विभाग के प्रो. डॉ. कमरुल हसन और 46वें बैच के छात्र रिपन रेहान व अन्य छात्रों ने इस बचाया। प्रो. हसन का कहना है कि कस्तूरी बिलाव शर्मीला होता है। यह मुख्य रूप से भोजन के लिए रात में बाहर आते हैं, लेकिन इंसानों के पास कम ही देखे जाते हैं। कस्तूरी बिलाव को गंधमार्जार और गंध बिलाव भी कहा जाता है। यह एशिया और अफ्रीका के ऊष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों (विशेषकर वनों) में रहते हैं। यह आसानी से वृक्षों में चढ़ जाते हैं और आमतौर पर रात्रि में ही बाहर निकलते हैं। इनकी वैसी तो कई प्रजातियां हैं, जिनमें से एक भारतीय कस्तूरी बिलाव है। यह ऑस्ट्रेलिया से लेकर भारत और चीन तक पाए जाते हैं। इसका कद लगभग तीन फीट लंबा और 10 इंच ऊंचा होता है।

# डोनाल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी प्रक्रिया में नहीं दी छूट

**वॉशिंगटन(हि.स.)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी प्रक्रिया में किसी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब वह देश में राष्ट्रपति पद पर थे तब इस छूट के हकदार थे लेकिन पद से हटने के बाद उन्हें ऐसी कोई सुविधा नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट में नौ न्यायाधीशों की पीठ ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है।

पीठ ने अपने फैसले में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति को कुछ ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया में छूट हासिल है जिनसे संबंधित फैसले उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यकाल में लिए हों लेकिन आपराधिक मामलों में छूट का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए ट्रंप को 2020 का चुनाव हारने के बाद किए कृत्यों पर छूट नहीं मिल सकती है। इस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमा चलाए जाने से छूट की ट्रंप की अर्जी को खारिज कर दिया है। अमेरिका में 18वीं सदी में देश की स्थापना के बाद यह पहला मौका है जब सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामलों में कानूनी प्रक्रिया में किसी तरह की छूट देने से



स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट ने बहुमत के आधार पर लिए गए इस फैसले का एलान किया। विदित हो कि ट्रंप को निचली अदालत ने प्रक्रिया में किसी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया था। इसी के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। ट्रंप आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से संभावित प्रत्याशी हैं। कोर्ट में सुनवाई में ट्रंप के वकील ने कहा था चुनाव में मुकाबले से हटाने के लिए प्रतिद्वंद्वी पक्ष ने उनके मुवक्किल को मामले में झूठा फंसाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया है। इसलिए उनके खिलाफ चल रही कानूनी प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए।

विदित हो कि ट्रंप अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक मामले में आरोपित किया गया और दोषी ठहराया गया है। ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी न्यायालयों में कई मुकदमे चल रहे हैं। इनमें सबसे चर्चित मुक़दमा पोर्न फिल्मों की स्टार

## पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपित ईसाई व्यक्ति को मौत की सजा, 80 घर जलाने वाले दोष मुक्त

**लाहौर(हि. स.)।** पाकिस्तान की अदालत ने ईशनिंदा करने पर एक ईसाई व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। आरोपित व्यक्ति ने इंटरनेट मीडिया पर ईशनिंद संबंधी पोस्ट किया था। आरोप है कि पिछले वर्ष इस पोस्ट के कारण भीड़ भड़क उठी थी। भीड़ ने फैसलाबाद की जरांवाला तहसील में 24 चर्च और ईसाइयों के 80 से अधिक घरों को आग के हवाले कर दिया था।घटना के बाद, पुलिस ने 200 से अधिक मुसलमानों को हिरासत में लिया था। हालांकि, उनमें से किसी को भी अब तक दोषी नहीं ठहराया गया है। उनमें से 188 को अदालत ने या तो उनके खिलाफ सुबूत के अभाव में या जमानत पर रिहा कर दिया हैं। आतंकवाद निरोधक अदालत के विशेष न्यायाधीश (साहिवाल) जियाउल्लाह खान ने शनिवार को अहसान राजा मसीह के खिलाफ मौत की सजा सुनाई और उस पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पाकिस्तान की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने सोमवार को खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन और अन्य को चेतावनी दी कि अगर वे आठ जुलाई को सुनवाई पर पेश होने में विफल रहे तो उन्हें भगोड़ा घोषित किया जाएगा।

# इजराइल पर गाजा से रॉकेटों की बौछार, रफाह पर टैंकों से जवाबी हमला

**यरुशलम (हि.स.)।** इजराइल पर गाजा के फलस्तीनी सशस्त्र संगठन इस्लामिक जिहाद ने रॉकेटों से हमला किया। हालांकि इस हमले में हुए नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं गाजा सिटी के उपनगर शेजया और रफाह पर इजराइली सेना ने टैंकों से जवाबी बड़े हमले किए हैं।ईरान समर्थित इस्लामिक जिहाद ने कहा कि फलस्तीनी लोगों पर इजराइल के अत्याचार के जवाब में लड़ाकों ने रॉकेट हमले किए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि गाजा से इजराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे गए लेकिन उनसे कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इस हमले ने यह जता दिया है कि लड़ाकों के पास अभी भी इजराइल पर हमले की क्षमता है सेना ने कहा कि हम फलस्तीनी आतंकियों की इसी क्षमता को खत्म करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच इजराइली टैंक गाजा सिटी के उपनगर शेजया में और भीतर तक घुस गए हैं और वहां पर गोलाबारी कर रहे हैं। वहां पर पांच दिनों से इजराइली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच लड़ाई जारी है। इजराइली सेना ने कहा है कि शेजया में बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए हैं और काफी हथियार बरामद किए गए हैं। मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह में भी इजराइली सेना टैंकों से गोलाबारी कर रही है। हमास ने दावा किया है कि वहां पर इजराइली सैनिकों को एक मकान में फंसाकर उस मकान को विस्फोट से ध्वस्त कर दिया गया। इस घटना में कई इजराइली सैनिक मारे गए हैं लेकिन इजराइली सेना ने रफाह में एक सैनिक के मारे जाने की जानकारी दी है। लगभग दो महीनों से जारी लड़ाई में इजरायली सेना इस शहर पर कब्जा नहीं कर पाई है। लेकिन गाजा



में सात अक्टूबर, 2023 से मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 38 हजार के करीब पहुंच गई है। इस बीच वेस्ट बैंक में इजरायल की कार्रवाई में एक महिला और उसके बेटे के मारे जाने की सूचना है।

## पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकवादी मार गिराए

**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर और लक्की मारवत जिलों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया। यह जानकारी इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने विज्ञप्ति में दी। मुल्क में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को आतंकवादियों का गढ़ माना जाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को खैबर के तिराह इलाके में खुफिया अभियान में खूंखार आतंकवादी कमांडर नजीब उर्फ अब्दुर रहमान और आतंकवादी कमांडर इशफाक उर्फ मुआविया सहित सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद हुआ है। इसके अलावा लक्की मारवत जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

## नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड का इस्तीफा देने से इंकार, विश्वास मत हासिल करने की बात कही

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल सरकार के अल्पमत में आने के बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने मंगलवार को इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। उन्होंने बहुमत खोने के बाद सत्ता छोड़ने के बजाय संसद में विश्वास मत हासिल करने की बात कही है। दरअसल, सोमवार रात को सरकार के प्रमुख दल नेकपा एमाले और प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के हाथ मिलाने के बाद अल्पमत में आ गए प्रचंड ने आज कहा कि वो अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में प्रचंड ने माओवादी पार्टी की सचिवालय बैठक बुलाई थी। इसी बैठक में प्रधानमंत्री ने पद से इस्तीफा नहीं देने का निर्णय लिया। इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पार्टी महासचिव देव गुरूंग ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक प्रचंड संसद में विश्वास का मत हासिल करेंगे।

# केन्या में नए कर कानून के खिलाफ नागरिक सड़कों पर, 39 की मौत

**नैरोबी(हि.स.)।** केन्या में नए कर कानून के खिलाफ हो रहे देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में कम से कम 39 लोग



मारे गए हैं। स्थानीय समाचार पत्र पीपल डेली की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की चेतावनी का नागरिकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। नागरिक नए सिरे से सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं।

केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स के के मुताबिक केन्या में कर कानून के विरोध हुए देशव्यापी प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 घायल हुए हैं। इसके अलावा 32 लोग लापता हैं। इस दौरान 627 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। उधर, बिगड़ती कानून व्यवस्था से चिंतित केन्या के सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को तैनात करने का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि केन्या में मई में फाइनेंस विधेयक 2024 पेश किया गया था। रोजमर्रा के उपयोग की चीजों पर भारी-भरकम टैक्स लगाने का प्रस्ताव है। इस विधेयक को लेकर संसद में वोटिंग हुई। करीब 195 सांसदों में से 106 ने इसके पक्ष में वोट किया। इसकी भनक लगते ही सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गया। आक्रोशित भीड़ ने संसद में आग लगा दी। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने कहा है कि हिंसा और अराजकता के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। केन्या में जारी उपद्रव से भारत चिंतित है। केन्या में 80 हजार से एक लाख तक भारतीय रहते हैं।

# मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर समाप्त कराया जाम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर गाड़ियावा चौराहा के पास मंगलवार को करीब तीन बजे अनियंत्रित कार की चपेट में आने से जहा एक बाइक चालक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। अक्रोशित ग्रामीणों ने जौनपुर रायबरेली हाईवे किया चक्का जाम, मौके पर घटना की सूचना पर भारी पुलिस बल पहुंची।

जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी सुभाष गौतम पुत्र नन्हू राम 32 वर्ष तथा सुजानगंज थाना क्षेत्र के गांव तरखांव निवासी दो सगे भाई सुजीत पटेल 19 वर्ष व सुनील पटेल 21 वर्ष पुत्रगण संतोष कुमार पटेल तीनों लोग हाईवे के किनारे आम खा ही रहे थे कि अचानक रायबरेली की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित आई ट्वेंटी कार के अनियंत्रित हो जाने से हाईवे के किनारे खड़े तीनों लोगों को रौंद डाला। जिससे सुभाष गौतम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनो सगे भाई सुजीत व सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए, मौके पर पुलिस ने इलाज हेतु सीएचसी सतहरिया लाया गया। जहां पर दोनो की हालत नाजुक होने के नाते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि दोनों सगे भाई उक्त थाना क्षेत्र के गांव गाड़ियावा निवासी अपने मामा सुभाष पटेल के यहां रह रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में अक्रोशित ग्रामीण इकट्ठा होकर जौनपुर रायबरेली हाईवे जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची थाना मुंगराबादशाहपुर व पांवरा भारी पुलिस बल और ग्रामीणों के बीच घंटो नोक झोंक चला। पुलिस की घंटो कड़ी मशक्कत के बाद थाना प्रभारी पवारा राज नारायण चौरसिया व चौकी इंचार्ज गंगा प्रसाद मिश्र के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। जाम से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गंगा प्रसाद मिश्र ने बताया कि कार और चालक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# छात्रों को बताया गया जल संरक्षण का महत्व, चलाया जल संरक्षण जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण एवं पौधारोपण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की शपथ ली। मंगलवार को कक्षा 9वीं व दसवीं की छात्र-छात्राओं ने हाथों में चार्ट पेपर में जल संरक्षण को दर्शाते हुए जल बचाओ के नारे लगाकर सभी को जागरूक करते हुए जल संरक्षण के महत्व को बताया। छात्रों में वन्या

**वर्षा के पानी को बचाने की गई अपील**

त्रिपाठी, एकाग्र मौर्य, अल्फिया मंसूरी, कशिश श्रेजल, आतिया फातिमा, एंजेल कुमार व करिश्मा ने कहा कि जल संरक्षण का अर्थ पानी की बर्बादी तथा प्रदूषण को रोकने से है। जल संरक्षण एक अनिवार्य आवश्यक है क्योंकि वर्षा जल हर समय उपलब्ध नहीं होता। जल की कमी को पूरा करने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल संरक्षित एवं वृक्षारोपण के लिए संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्य रमेश चंद मिश्रा ने बताया कि कई दशकों के बाद इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ने का कारण पर्यावरण व जल का नष्ट होने से है। कार्यक्रम का संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। इस आवर पर प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा, मुस्कान, सुभाष मिश्रा, पल्लवी जायसवाल, आदित्य गुप्ता, सुमन पांडेय व सतीश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट आने से बाइक सावर की मौत

**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा चौराहे से पहले खुटहन रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सावर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुजक्कीरपुर पूर्व के भटपुरवा गांव निवासी जाहिद 32 वर्ष पुत्र नजीर बाइक से झोले में मोबाइल लेकर रिपेयर करवाने के लिए गौसपुर बाजार में आया हुआ था, कुछ अन्य काम से खुटहन बाज़ार से होकर घर की तरह निकला ही था जैसे ही तिघरा बाजार से 200 मीटर पहले पहुँचे ही थे कि तिघरा की तरफ से आ रहा ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और दर्दनाशक मौत हो गई। उधर मौत की खबर सुनते ही पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जाहिद के दो पुत्र है जो रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहते है । जाहिद सऊदी कंट्री में रहते थे छुट्टी पर घर आये हुए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सेमिनार में 151 विभूतियों को किया गया सम्मानित



**प्रयागराज।** दरियाबाद स्थित दरगाह हज़रत अब्बास में अल्लामा अमजद हुसैन की याद में मानव गौ सेवा संस्थान व फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजक शफक़त अब्बास पाशा द्वारा एक सौ इक्यावन विभूतियों को शॉल मोमेन्टो व गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। डॉ. क़मर आब्दी व शिक्षक रज़ा अब्बास जैदी के संचालन में मौलाना आमिरुर रिज़वी ने मकाला में स्व. अल्लामा इकबाल अमजद हुसैन को याद किया तो मौलाना मोहम्मद अली गौहर व डॉ. रिज़वान हैदर रिज़वी ने अल्लामा अमजद हुसैन की हयात व ज़िन्दगी के दिनों की तफसीली तक़रीर की। नायाब बलियावी रुस्तम साबरी, रौनक़ सफीपुरी, नजीब इलाहाबादी व शहंशाह सोनवी ने नज़्म पढ़कर खेराजे अक़ीदत पेश की। कार्यक्रम में सरदार चरनजीत सिंह, समाजसेवी विकलांग अधिवक्ता आफताब बाबा, साबिर हुसैन, हसन नक़वी, अच्छे भाई, ज़हीर अब्बास, मास्टर ज़फ़र, अरशद दावर, फखफूर सिब्तैन, दानिश नवाज़, फितरुस, अज़्मत, जैनुल सहित शहर की तक़रीबन बीस अन्जुमनों के सेक्रेटरी, शायर, समाजसेवी व अन्य विभूतियों को सम्मानित किया गया।

## पूर्व सांसद जंगबहादुर पटेल के पुत्र ने ली सपा की सदस्यता



**प्रयागराज।** फूलपुर के पूर्व सांसद स्व.जंग बहादुर पटेल के सुपुत्र अलोक रंजन ने आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। स्व जंगबहादुर पटेल बसपा के संस्थापक सदस्यों में से थे। उन्होंने बसपा का दामन छोड़ सपा की सदस्यता ले ली थी और फूलपुर संसदीय क्षेत्र से अपने गुरु रहे स्व कांसीराम के खिलाफ चुनाव लड़े और जीत हासिल की थी। उनके छोटे बेटे जो उच्च न्यायालय में वकालत भी करते हैं आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, जगदीश यादव, राम अवध पाल, रतन कुमार पटेल एडवोकेट, अभय नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट, मुकेश कुमार राव एडवोकेट, राघवेंद्र यादव एडवोकेट, जीतराज जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता: प्रो. वत्सला मिश्रा

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो. वत्सला मिश्र ने किया। इस अवसर पर डा0 अर्चना, डा0 सुबिया, डा0 कविता, डा0 बीनू, डा खुर्शीद, डा0 बादल, डाश सन्तोष और कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रो. वत्सला मिश्र ने वृक्षारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों ने मिलकर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय ने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई, बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

## वीर अब्दुल हमीद व अब्दुल कय्यूम अंसारी जयंती पर नमन



**आजमगढ़।** बाबा ए कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं परमवीर चक्र विजेता कैप्टन वीर अब्दुल हमीद साहब की जयंती समारोह ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज आजमगढ़ इकाई के तत्वावधान में नगर के रिक्शा स्टैंड पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अंसार अहमद पसमांदा व संचालन कवि, शायर व साहित्यकार नामी चिरैयाकोटी द्वारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज आजमगढ़ इकाई अध्यक्ष व जिला योजना समिति के सदस्य, सभासद मोहम्मद अफ़ज़ल इदरीसी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सोच है दलित पिछड़ा एक समान चाहे हो हिन्दू या मुसलमान। साथ ही कहा कि बाबा ए कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी साहब अपने पूरे जीवन देश की सेवा करने एवं समाज में हाशिए पर खड़े पिछड़ों को मुख्य धारा में लाने के लिए संघर्षरत रहे। इसी प्रकार पिछड़े समाज से आने वाले कैप्टन वीर अब्दुल हमीद साहब अपनी जीवन की बाजी लगाकर दुश्मन देश के टैंकों को भेदने का काम किया। आज के युवाओं को इनके नक्शे कदम पर चलने का आह्वान किया। समारोह के मुख्य अतिथि परवेज राइनी ने बाबा ए कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी साहब की जीवनगाथा पर प्रकाश डाला एवं पिछड़े समाज गरीब संसाधन से महरूम लोगों के लिए किस तरह लड़ाई लड़ी इन्होंने बताया। साथ ही कैप्टन वीर अब्दुल हमीद साहब अपने जीवन को दांव पर लगाकर दुश्मन देश के टैंकों को उड़ानें का काम किया एवं देश को दुश्मन से रक्षा की।

## कीर्तन दीवान के साथ आरंभ हुआ खालसा गर्ल्स कॉलेज का नया सत्र

**प्रयागराज।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा गर्ल्स इन्टर कालेज प्रयागराज का आज नये रात्र 2024-25 का आरम्भ कीर्तन दीवान के साथ हुआ। आज श्री गुरु सिंह राभा खुल्दाबाद के दरबार हाल में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा गर्ला इण्टर कालेज प्रयागराज के नये सत्र 21024-25 का आरम्भ हुआ। जिसमे सर्वप्रथम सहज पाठ की समाप्ति की गयी। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रागी जत्थे द्वारा विशेष कीर्तन दरबार लगाया गया जिसमे गुरु की गहिगा बखानी गयी। त??दुपरान्त गतवर्ष की मेधावी छात्राओं को विशेष स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से एक बच्चे के इलाज में विशेष सहयोग देने की लिए श्री गुरु सिंह सभा की अध्यक्ष सरदारनी गोविन्द कौर एवं कॉलेज के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह नरुला के द्वारा डॉ0 अभिषेक राचनेगा, संजय पाण्डेय एवं शिवेन्द्र प्रताप सिंह को विशेष स्मृति चिन्ह एवं शाल पेटकर आभार व्यक्त किया गया एवं सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नये रात्र के आरम्भ की घोषणा की गयी। विद्यालय की वार्षिक आख्या एवं सभा का संचालन प्रबन्धक सरदार परनजीत सिंह सचदेवा द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के त्वाधान में प्रथम बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के त्वाधान में आज मोहम्मद हसन इण्टर कॉलेज के निकट एक निजी स्थान पर बैठक हुई जिसमें ज़िला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू का भव्य स्वागत किया गया। जब इस सम्बन्ध में ज़िला अध्यक्ष ने तामीर हसन शीबू से पूछा गया कि आप किस उद्देश से इस संगठन को जनपद में खड़ा करना चाहते है।तब अध्यक्ष का कहना था कि पत्रकारों पर होने वाले उत्पीड़न और उनके दुख सुख में शिरकत करना हमारा पहला उद्देश होगा संगठन हमारा हर समय अपने पत्रकार भाईयो के साथ खड़ा रहेगा चाहे वह दिन हो या रात हो मैं हमेशा पूरी ईमानदारी के साथ खड़ा रहूंगा।सभी ज़िला उपाध्यक्ष ने अपने अपने विचार रखे एवं सभी पत्रकार बन्धु का स्वागत किया गया

जिसमे ज़िला उपाध्यक्ष संजय सिंह, डॉ.इम्तियाज अहमद सिद्दीकी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, महासचिव राहुल गुप्ता, महासचिव अनवर हुसैन, सचिव अमित तिवारी, संगठन महामंत्री मोश दानिश, मीडिया प्रभारी पंकज प्रजापति, तहसील अध्यक्ष शिवेंद कुमार सिंह, तहसील उपाध्यक्ष महरोज अहमद, रजनी सोनी, गुड़िया बिंद, पंकज प्रजापति, रवि केसरी, आनंद कुमार, अशोक यादव, जितेंद्र कन्नौजिया, स्वतंत्र कुमार, अविनाश कश्यप, मनीष पाठक, कौशलेंद्र गिरी, योगेंद्र यादव, राम नारायण, मिथलेश गुप्ता, संजय दुबे, कृष्ण कुमार यादव, प्रियेश गुप्ता, मोहम्मद अशरफ आदि पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-कोटा विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक /मेमो/ग्राम पंचायत टेण्डर/कोटेशन सूचना-2024-25 दिनांक : 07.02.2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोटा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त द्वारा धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फार्म पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 10.07.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे समिति टेण्डर बताओ जो उपस्थित रहना चाहते है एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कोटा कार्यालय पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 को 12 बजे तक 1000 रूपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | इण्टर लाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 3 | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 5 | गिट्टी सोलिंग 40-90mm/40-90mm 40-60mm | घनमीटर | |
| 6 | डाला गिट्टी | सभी साइज प्रति घनमीटर | |
| 7 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 8 | बोल्डर | प्रतिनग | |
| 9 | ह्यूम पाईप | प्रति रन मीटर | |
| 10 | शौचायल दरवाजा, सीट पत्थर | प्रति नग | |
| 11 | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर, प्राइमर, डी.पी.सी., पाउडर आदि। | प्रति पेटी/नग | |
| 12 | पानी का टैंकर/समरसेबुल | प्रतिनग | |
| 13 | लोहे का दरवाजा/एल्युमिनियम का दरवाजा | प्रति नग | |
| 14 | स्टोन ड्रस्ट | प्रति घनमीटर | |
| 15 | बोल्डर, पटिया, गाटर | प्रति घनमीटर/नग | |
| 16 | बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | पानी वायरिंग व रनिंग वाटर सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | हैण्डपम्प रीबोर | प्रति फीट | |
| 19 | हैण्डपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 20 | स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 21 | सोलर लाइट, सोलर वाटर पम्प व अन्य सोलर सामग्री | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें-**

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जाएगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त के आदेश पर की जाएगी अन्यथा नहीं।
3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है।
4. आपूर्तिकर्ता को 100 रु0 स्टाम्प पेपर पर बांड भरना होगा इसी के साथ 2.00 लाख की प्रतिभूति एनएससी/एफडी के रूप में जमा करना होगा। जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एमबी होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा निहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. आपूर्तिकता को सेल टैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए जीएसटी प्रपत्र व पैन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
7. आपूर्ति पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- कोटा**
**विकास खण्ड- चोपन, जनपद- सोनभद्र।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-हर्रा विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक /मेमो/ग्राम पंचायत टेण्डर/कोटेशन सूचना-2024-25 दिनांक : 07.02.2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हर्रा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त द्वारा धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फार्म पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 10.07.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे समिति टेण्डर बताओ जो उपस्थित रहना चाहते है एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत हर्रा कार्यालय पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 को 12 बजे तक 1000 रूपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | इण्टर लाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 3 | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 5 | गिट्टी सोलिंग 40-90mm/40-90mm 40-60mm | घनमीटर | |
| 6 | डाला गिट्टी | सभी साइज प्रति घनमीटर | |
| 7 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 8 | बोल्डर | प्रतिनग | |
| 9 | ह्यूम पाईप | प्रति रन मीटर | |
| 10 | शौचायल दरवाजा, सीट पत्थर | प्रति नग | |
| 11 | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर, प्राइमर, डी.पी.सी., पाउडर आदि। | प्रति पेटी/नग | |
| 12 | पानी का टैंकर/समरसेबुल | प्रतिनग | |
| 13 | लोहे का दरवाजा/एल्युमिनियम का दरवाजा | प्रति नग | |
| 14 | स्टोन ड्रस्ट | प्रति घनमीटर | |
| 15 | बोल्डर, पटिया, गाटर | प्रति घनमीटर/नग | |
| 16 | बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | पानी वायरिंग व रनिंग वाटर सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | हैण्डपम्प रीबोर | प्रति फीट | |
| 19 | हैण्डपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 20 | स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 21 | सोलर लाइट, सोलर वाटर पम्प व अन्य सोलर सामग्री | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें-**

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जाएगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त के आदेश पर की जाएगी अन्यथा नहीं।
3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है।
4. आपूर्तिकर्ता को 100 रु0 स्टाम्प पेपर पर बांड भरना होगा इसी के साथ 2.00 लाख की प्रतिभूति एनएससी/एफडी के रूप में जमा करना होगा। जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एमबी होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा निहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. आपूर्तिकता को सेल टैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए जीएसटी प्रपत्र व पैन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
7. आपूर्ति पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- हर्रा**
**विकास खण्ड- चोपन, जनपद- सोनभद्र।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-पड़रछ विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक /मेमो/ग्राम पंचायत टेण्डर/कोटेशन सूचना-2024-25 दिनांक : 07.02.2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पड़रछ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त द्वारा धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फार्म पर दिनांक 02.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 10.07.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे समिति टेण्डर बताओ जो उपस्थित रहना चाहते है एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत पड़रछ कार्यालय पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 को 12 बजे तक 1000 रूपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | इण्टर लाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 3 | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 5 | गिट्टी सोलिंग 40-90mm/40-90mm 40-60mm | घनमीटर | |
| 6 | डाला गिट्टी | सभी साइज प्रति घनमीटर | |
| 7 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 8 | बोल्डर | प्रतिनग | |
| 9 | ह्यूम पाईप | प्रति रन मीटर | |
| 10 | शौचायल दरवाजा, सीट पत्थर | प्रति नग | |
| 11 | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर, प्राइमर, डी.पी.सी., पाउडर आदि। | प्रति पेटी/नग | |
| 12 | पानी का टैंकर/समरसेबुल | प्रतिनग | |
| 13 | लोहे का दरवाजा/एल्युमिनियम का दरवाजा | प्रति नग | |
| 14 | स्टोन ड्रस्ट | प्रति घनमीटर | |
| 15 | बोल्डर, पटिया, गाटर | प्रति घनमीटर/नग | |
| 16 | बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | पानी वायरिंग व रनिंग वाटर सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | हैण्डपम्प रीबोर | प्रति फीट | |
| 19 | हैण्डपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 20 | स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 21 | सोलर लाइट, सोलर वाटर पम्प व अन्य सोलर सामग्री | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें-**

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जाएगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त के आदेश पर की जाएगी अन्यथा नहीं।
3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है।
4. आपूर्तिकर्ता को 100 रु0 स्टाम्प पेपर पर बांड भरना होगा इसी के साथ 2.00 लाख की प्रतिभूति एनएससी/एफडी के रूप में जमा करना होगा। जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एमबी होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा निहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. आपूर्तिकता को सेल टैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए जीएसटी प्रपत्र व पैन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
7. आपूर्ति पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- पड़रछ**
**विकास खण्ड- चोपन, जनपद- सोनभद्र।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-वैरपुर विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक /मेमो/ग्राम पंचायत टेण्डर/कोटेशन सूचना-2024-25 दिनांक : 07.02.2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वैरपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त द्वारा धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फार्म पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 10.07.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे समिति टेण्डर बताओ जो उपस्थित रहना चाहते है एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत वैरपुर कार्यालय पर दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 को 12 बजे तक 1000 रूपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | इण्टर लाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 3 | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 5 | गिट्टी सोलिंग 40-90mm/40-90mm 40-60mm | घनमीटर | |
| 6 | डाला गिट्टी | सभी साइज प्रति घनमीटर | |
| 7 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 8 | बोल्डर | प्रतिनग | |
| 9 | ह्यूम पाईप | प्रति रन मीटर | |
| 10 | शौचायल दरवाजा, सीट पत्थर | प्रति नग | |
| 11 | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर, प्राइमर, डी.पी.सी., पाउडर आदि। | प्रति पेटी/नग | |
| 12 | पानी का टैंकर/समरसेबुल | प्रतिनग | |
| 13 | लोहे का दरवाजा/एल्युमिनियम का दरवाजा | प्रति नग | |
| 14 | स्टोन ड्रस्ट | प्रति घनमीटर | |
| 15 | बोल्डर, पटिया, गाटर | प्रति घनमीटर/नग | |
| 16 | बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | पानी वायरिंग व रनिंग वाटर सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | हैण्डपम्प रीबोर | प्रति फीट | |
| 19 | हैण्डपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 20 | स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 21 | सोलर लाइट, सोलर वाटर पम्प व अन्य सोलर सामग्री | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें-**

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जाएगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त के आदेश पर की जाएगी अन्यथा नहीं।
3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है।
4. आपूर्तिकर्ता को 100 रु0 स्टाम्प पेपर पर बांड भरना होगा इसी के साथ 2.00 लाख की प्रतिभूति एनएससी/एफडी के रूप में जमा करना होगा। जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एमबी होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा निहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. आपूर्तिकता को सेल टैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए जीएसटी प्रपत्र व पैन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
7. आपूर्ति पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- वैरपुर**
**विकास खण्ड- चोपन, जनपद- सोनभद्र।**

# डॉयट्स ने भारत के अग्रणी कृषि समूह टैफे मोटर्स के साथ सहयोग पर हस्ताक्षर किए

व्यापक आपूर्तिकर्ता आधार के कारण जर्मनी के उत्पादन स्थलों के लिए लाभकारी

ग्रीन ड्राइव में सहयोग विस्तारित किया जाएगा डॉयट्स अपनी डुअल+ रणनीति में एक और आधारशिला जोड़ रहा है, जिसमें अल्टरनेटिव ड्राइव सिस्टम का आगे विकास एवं इंटरनल कॉम्बसन इंजन व्यवसाय का विस्तार दोनों शामिल हैं। भारतीय कृषि समूह टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने आज डॉयट्स के साथ अपने सहयोग की घोषणा की जिससे डॉयट्स को भारत में अपने व्यवसाय का विस्तार करने की अनुमति मिलेगी एवं वह विश्व में सबसे तेज़ी से बढ़ते भारतीय बाज़ार का लाभ उठा सकेगा। टैफे मोटर्स, टैफे की सहायक कंपनी है - जो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी है। 2023 में, भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 6 से 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उम्मीद है कि 2050 तक भारत की जीडीपी चौगुनी हो जाएगी। इस मजबूत वृद्धि को प्राप्त करने में कृषि और निर्माण क्षेत्र की प्रमुख भूमिका होगी।



दीर्घकालिक सहयोग की शुरुआत के रूप में, टैफे मोटर्स डॉयट्स के लिए 2.2रु (50-75 hp) और 2.9 रु (75-100 hp) में लगभग 30,000 इंजनों का निर्माण करेगा, ताकि उत्सर्जन मानकों के आधार पर समूह द्वारा बनाए गए इंजनों की विस्तृत श्रृंखला को बढ़ाया और अनुपूरक बनाया जा सके। टैफे मोटर्स भारतीय बाजार की नई आवश्यकताओं के साथ-साथ डॉयट्स की आवश्यकता के अनुरूप इंजन का उत्पादन करेगा। इंजनों का उत्पादन भारत में राजस्थान के अलवर में स्थित टैफे मोटर्स की विश्व स्तरीय विनिर्माण सुविधा में किए जाएंगे।

डॉयट्स भारतीय विनिर्माण आधार का उपयोग पड़ोसी बाजारों (विशेष रूप से एशिया प्रशांत क्षेत्र) में शेष इंजनों को बढ़ावा देने के लिए करेगा, जिससे उत्पादन और रसद में लागत लाभ का फायदा मिल सकेगा।

डॉयट्स के सीईओ डॉ. सेबेस्टियन सी. शूल्टी बताते हैं, टैफे मोटर्स के साथ रणनीतिक सहयोग से छोटे कॉम्बसन इंजनों के बढ़ते बाजारों में डॉयट्स की पहुँच और दीर्घकालिक संभावनाएँ मजबूत होती हैं। यह हमें भविष्य में प्रतिस्पर्धी लागतों पर उत्पादन जारी रखने में सक्षम बनाता है और हमें मौजूदा आपूर्तिकर्ता परिदृश्य पर कम निर्भर बनाता है, जो प्रौद्योगिकीय बदलाव और भूराजनीति के कारण लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

यह सहयोग डॉयट्स को कुशल और प्रतिस्कंदी उत्पादन सुनिश्चित करने में अपने आपूर्तिकर्ता आधार का विस्तार करने का अवसर प्रदान करता है। यह भू-राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखलाओं पर अपनी निर्भरता को भी कम करेगा - संबंधित लागत लाभों का त्याग किए बिना।

# वर्तना लखनऊ के वंचित समुदायों में शिक्षा परिवर्तन की दिशा में सहायता करती है

**लखनऊ।** सस्ती शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी गैर-बैंकिंग फ़ाइनैंस कंपनी (एनबीएफ़सी) वर्तना लखनऊ में निजी स्कूलों के उत्थान की दिशा में काम कर रही है - सेंट बिलाल कॉन्वेंट इंटर कॉलेज उनमें से एक है। यह अहम जुड़ाव वंचित समुदायों के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव दिखाता है। एक समर्पित और दूरदर्शी शिक्षक, अशरफ़ बिलाल की लंबे समय से लखनऊ के बच्चों के लिए सीखने का माहौल तैयार करने की इच्छा रही है। सेंट बिलाल कॉन्वेंट इंटर कॉलेज बाधाओं को तोड़ने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहयोग की शक्ति के प्रमाण के रूप में खड़ा है और वर्तना इस आकांक्षा को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होने के लिए सम्मानित है। सफलता पर टिप्पणी करते हुए, 'वर्तना' के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री स्टीव हार्डग्रेव ने कहा, वर्तना में, हम एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के लिए शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। लखनऊ में हमारी भागीदारी वंचित बच्चों की आकांक्षाओं का पालन-पोषण करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारा लक्ष्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना और शिक्षकों को सफल होने के लिए आवश्यक औज़ारों से लैस करना है। सेंट बिलाल कॉन्वेंट इंटर कॉलेज सभी के लिए सस्ती और गुणवत्ता से भरपूर शिक्षा के लिए वर्तना के लोकाचार का उदाहरण है। सेंट बिलाल कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के प्रबंधक अशरफ़ बिलाल ने कहा, एक बच्चे के रूप में मैंने जिन चुनौतियों का सामना किया, उनकी वजह से मैं अपने समुदाय के लिए शिक्षा में बदलाव लाने के लिए मज़बूत, अधिक दृढ़ संकल्पित बना हूँ। वर्तना ने मुझे अपने सपनों को उनकी आसान लोन प्रक्रिया के साथ वास्तविकता में बदलने में मदद की है, जिससे सरल दस्तावेज़ और क्विकअप्रूवल के साथ फ़ंड का इस्तेमाल करना आसान हो गया है।

वर्तना न केवल ऋण बल्कि और भी बहुत कुछ प्रदान कर रहा है; उन्होंने हमारे स्कूल का विकास करने में सहयोगी भागीदारों के रूप में हमारे साथ मिलकर काम किया, इस प्रक्रिया में हमारे छात्रों और शिक्षकों दोनों को सशक्त बनाया। सेंट बिलाल कॉन्वेंट इंटर कॉलेज न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है, बल्कि समग्र विकास के केंद्र के रूप में भी कार्य करता है। यह स्कूलों के ज़रिए 250 से ज़्यादा परिवारों की सहायता करता है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान यह पक्का करता है कि शिक्षक युवा दिमागों को प्रभावी ढंग से पोषित करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शैक्षिक सुविधाओं के साथ-साथ एक नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान और एक 150 बेड का अस्पताल भी तैयार किया है जो छात्रों और निवासियों की भलाई करने में समुदाय के कल्याण में योगदान करता है।

# भारत और म्यांमार के बीच रुपया-क्यात व्यापार तंत्र की हुई शुरुआत



**ढाका/नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत और म्यांमार के बीच रुपया-क्यात व्यापार तंत्र की शुरुआत हो गई है। भारत ने रुपया-क्यात व्यापार समझौते के तहत म्यांमार को पहली बार एक करोड़ रुपये से अधिक की दालों का निर्यात किया है। ये कदम दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा और स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाएगा।

यंगून में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट जारी एक बयान में बताया कि रुपया-क्यात व्यापार समझौते की व्यवस्था अब चालू है। बयान में कहा गया है कि पंजाब नेशनल बैंक के यंगून कार्यालय ने आज एक करोड़ रुपये से अधिक की दाल निर्यात के पहले लेन-देन को सफलतापूर्वक पूरा किया। हम दोनों पक्षों के व्यवसायों को इस व्यवस्था से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय दूतावास ने भारत-म्यांमार चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएमसीसी) के सहयोग से फरवरी में रुपया-क्यात व्यापार समझौते के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया था। इससे पहले म्यांमार के केंद्रीय बैंक ने 26 जनवरी, 2024 को स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। यह नया तंत्र समुद्री और सीमा व्यापार दोनों के लिए स्थानीय मुद्राओं में सीधे भुगतान करके वस्तुओं और सेवाओं के लिए लागू होगा।

## ग्रैंड शॉप्सी मेला' पूरे भारत में लाखों विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए खुशी लेकर आया

# साल के मध्य में ही इसने मजबूत वृद्धि दर्ज की

**लखनऊ।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी के फ्लिपकार्ट ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग कार्निवल - ग्रैंड शॉप्सी मेला के पांचवें संस्करण का समापन किया। 11-16 जून तक चलने वाले छह दिवसीय कार्यक्रम में शॉपसी पर ग्राहकों में 50% की वृद्धि देखी गई, जिनमें से 43% पहली बार ई-कॉमर्स खरीदार थे। बिक्री के दौरान, शॉप्सी ने भारत में रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी दर्ज की, जिसमें देश भर के विक्रेता लाखों ग्राहकों को सेवा देने के लिए एक साथ आए।

टियर 2 और टियर 3 ग्राहकों की विविध ज़रूरतों को पुरा करना

मूल्य-सचेत उपभोक्ताओं के लगातार बदल रहे मार्केट की जरूरतों को पूरा करने के लिए, ग्रैंड शॉप्सी मेला ने सभी भारतीय घरेलू जरूरतों के लिए पेशकशों की एक श्रृंखला शुरू की है, जिसमें 16 करोड़ से अधिक उत्पादों को मुफ्त डिलीवरी के साथ पेश किया गया है।

shopsy by Flipkart

टियर 2 और टियर 3 मार्केट्स में ग्राहकों ने फैशन, , हाऊसहोल्ड आइटम्स, किड्स कलेक्शन और बजट मोबाइल की जमकर खरीदारी की, जिससे बिक्री में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। पुरुषों के लिए शॉर्ट्स, स्पोर्ट्स जूते और फ्लिप-फ्लॉप और महिलाओं के लिए एथनिक सेट, साड़ी और झुमके सबसे अधिक बिकने वाले उत्पाद थे। इस बिक्री में लखनऊ, पटना, नागपुर, कानपुर और विशाखापत्तनम ने सबसे अधिक योगदान दिया। कटक, गुवाहाटी, भागलपुर और बांकुरा जैसे टियर 2 और टियर 3 मार्केट्स में ग्राहकों की मांग में वृद्धि देखी गई, जिसमें 43% नए उपयोगकर्ता पहली बार खरीदार थे और 60% से अधिक टियर 3+ शहरों से थे।

आकर्षक डील्स और आसन खरीदारी ग्राहंको को आकर्षित करती हैं

ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए, हर घंटे आकर्षक डील की पेशकश की गई। इनमें झटपट डील, प्राइस क्रैश डील और ग्रैंड लूट अवर्स शामिल थे, जो सभी श्रेणियों में आकर्षक कीमतों के साथ लाइव थे - जिससे ग्राहकों को 79 रुपये से शुरू होने वाली ट्रेंडी टी-शर्ट, 80 रुपये से आकर्षक कुर्तियां और 129 रुपये से पुरुषों के जूते जैसे बेहतरीन ऑफर का लाभ उठाने का मौका मिला। शॉपिंग कार्निवल में नए उपयोगकर्ताओं के लिए पहली बार खरीदारी करने पर कूपन सहित कई बेहतरीन डील भी पेश की गईं। इससे नए उपयोगकर्ताओं को प्लेटफ़ॉर्म पर लाने में मदद मिली। आकर्षक ऑफ़र से परे, शॉपसी ने वॉयस सर्च, इमेज सर्च और-द्व चैटबॉट सहित तकनीक में नवाचार के माध्यम से अपने प्लेटफ़ॉर्म और ऐप पर खरीदारी के अनुभव को भी बढ़ाया।

# पीएनबी मेटलाइफ ने 99.2 प्रतिशत का सर्वोच्च क्लेम सेटलमेंट रेश्यो प्राप्त किया

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ ने वित्त वर्ष 2024 में व्यक्तिगत क्लेम्स के लिए 99.2 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो पिछले वर्ष के 99.06 प्रतिशत की तुलना में बढ़ा है। यह उपलब्धि पीएनबी मेटलाइफ द्वारा ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा एवं उनका ख्याल रखने की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाती है। इस वित्त वर्ष में पीएनबी मेटलाइफ ने कुल 462.20 करोड़ रूपये के 5679 क्लेम्स का भुगतान किया है। इस प्रकार पॉलिसीधारकों एवं उनके परिवारों को ज़रूरत के समय तत्काल प्रभावी सहायता प्रदान करने का वादा पूरा किया है। पिछले पांच वर्षों में पीएनबी मेटलाइफ ने 28737 लाइफ पॉलिसियों पर व्यक्तिगत क्लेम्स के लिए 2106.03 करोड़ रूपये का भुगतान किया है, जिससे वित्तीय सुरक्षा समाधानों की एक भरोसेमंद कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मज़बूत हुई है। समीर बंसल, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा, ÷पीएनबी मेटलाइफ में हम यह जानते हैं कि हमारे ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा एवं मन की शांति के लिए इंश्योरेंस कितना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हमने उनके लिए अपने कस्टमर सर्विस ऐप - न्पि पर ऑनलाइल साइन अप करने और अपनी पॉलिसी का संचालन करने की प्रक्रिया को आसान बनाया है। यहां सिर्फ तीन घंटे में क्लेम्स का फैसला हो जाता है। हमारा 99.2 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट रेश्यो ग्राहक संतुष्टि एवं उत्कृष्ट संचालन के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। पीएनबी मेटलाइफ ने क्लेम प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिजिटल संसाधनों एवं ऑटोमेशन में काफी अधिक निवेश किया है, जिससे इसमें लगने वाला समय कम होता है और क्लेम का निपटारा कुशलतापूर्वक तुरंत हो जाता है। इससे ग्राहक का संपूर्ण अनुभव बेहतर बनता है।

## जेके ग्रुप की कंपनियों का पूरे भारत में व्यापक रक्तदान अभियान



**नई दिल्ली।** 138 साल पुरानी विरासत वाले एक प्रसिद्ध औद्योगिक समूह जेके ऑर्गनाइजेशन ने अपने पूर्व अध्यक्ष और 4 बिलियन अमेरिकन डॉलर वाले समूह के प्रमुख वास्तुकारों में से एक स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया की 91वीं जयंती मनाने के लिए अपने समूह की कंपनियों में पूरे भारत में रक्तदान शिविर आयोजित किए। समूह की कंपनियों के विभिन्न संयंत्रों और बिक्री कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 7,500 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। सामाजिक सेवाओं में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाने वाला जेके ऑर्गनाइजेशन स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया को विशेष श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल समूह की कंपनियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करता है। पद्म भूषण से सम्मानित श्री हरि शंकर सिंघानिया ने जेके ऑर्गनाइजेशन के विकास और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कई नए उद्यम स्थापित किए और अनेक कंपनियों को समूह में एकीकृत किया। इस पहल के बारे में बात करते हुए, जेके ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन श्री भरत हरि सिंघानिया ने कहा, जेके ऑर्गनाइजेशन में, सामाजिक योगदान हमारे मूल्यों में गहराई से समाहित है। इस वार्षिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य श्री हरि शंकर सिंघानिया की विरासत का सम्मान करना और वंचितों के जीवन और कल्याण में सुधार करना है। हमें इस रक्तदान अभियान में अपने कर्मचारियों की जबरदस्त भागीदारी पर बेहद गर्व है, जो सकारात्मक प्रभाव डालने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस रक्तदान अभियान में जेके टायर, जेके पेपर, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जेके एग्री जेनेटिक्स, जेके फेनर, जेके फूड्स, जेके इंश्योरेंस, पीएसआरआई हॉस्पिटल और जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी सहित जेके समूह की अनेकों कंपनियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आयुष्मान खुराना ने सीजी फूड्स के 3 टेस्टी चीज़ रेंज लॉन्च किये

**नई दिल्ली।** नेपाल के एकमात्र डॉलर बिलियनेयर डॉ. बिनोद चौधरी की कंपनी सीजी फूड्स (छ्व स्नश्शस्त्रह्य) भारत के 1.88 अरब डॉलर वाले इंस्टेंट नूडल्स मार्केट में धूम मचाने के लिए तैयार है। चौधरी ग्रुप (छ्व) कई तरह के प्रोडक्ट बनाने वाली एक बड़ी इंटरनेशनल कंपनी है। कंपनी ने तीन नए तरह के नूडल्स लॉन्च करने की घोषणा की है। यह तीन नूडल्स हैं- एसएमएन (सीजन्ड मसाला नूडल्स), डायनामाइट (कोरियन सुपर स्पाइसी रेंज) और एकदम नई एक्स-प्रेस चीज रेंज।

सीजी फूड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण चौधरी भारत और अन्य देशों में वाई वाई (वाई वाई) के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं और वह नए प्रोडक्ट्स को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि, हमें अपने लेटेस्ट नूडल इनोवेशन - एसएमएन, डायनामाइट और एक्स-प्रेस चीज़ रेंज को पेश करने की बेहद खुशी है। हम अपने कस्टमर्स को हमेशा बेहतरीन और लाजवाब नूडल्स देना चाहते हैं। मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना इन नए फ्लेवर का सपोर्ट कर रहे हैं, जो खासतौर पर युवाओं को पसंद आएंगे। ये नए नूडल्स वाई वाई को और भी ज्यादा इनोवेटिव और कस्टमर की पसंद का ब्रांड बनाएंगे। ये हर उम्र के लोगों के टेस्ट और लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। अभिनेता आयुष्मान खुराना WAI WAI के नए नूडल्स के लॉन्च से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, मुझे वाई वाई के साथ जुड़कर बहुत खुशी हो रही है। यह ब्रांड अपने अलग-अलग तरह के टेस्टी नूडल्स के लिए जाना जाता है। वाई वाई कई तरह के फ्लेवर देती है, जो हर किसी के टेस्ट और पसंद को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। इतना शानदार कलेक्शन पेश करने के लिए वाई वाई की वाकई में तारीफ करनी होगी। सीजन्ड मसाला नूडल्स को मिला सुपरस्टार आयुष्मान खुराना का साथ युवाओं के बीच फेमस बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना मसाले पे मसाला सीजन्ड मसाला नूडल्स को सपोर्ट कर रहे हैं। यह क्लासिक रेडी-टू-ईट ब्राउन नूडल्स का नया ऑप्शन है।




एसएमएन नूडल्स जायकेदार मसाले और डिहाइड्रेटेड सब्जियों से भरपूर है और सबसे अच्छी बात यह है की इसकी कीमत भी बहुत ज्यादा नहीं है। यह तीन किफायती दामों में उपलब्ध है - 15 रुपये, 20 रुपये और 90 रुपये का छह का पैक। हल्का मसालेदार होने के कारण एसएमएन हर तरह के खाने वाले को पसंद आएगा।

**डायनामाइट** कोरियन फ्लेवर का एक मसालेदार ऑप्शन डायनामाइट रेंज को स्पाइस ब्लिट्ज नूडल्स के नाम से जाना जाता है। यह कोरियाई व्यंजनों की तरह एक तीखी नूडल्स है, जिसे भारत में देसी ट्विस्ट के साथ पेश किया गया है। इसमें वेजीटेरियन ऑप्शन सिचुआन पेपर और कोरियाई चिल्ली मिर्च मिक्स हैं, जबकि नॉन-वेजिटेरियन ऑप्शन में एक्सट्रा स्पाइसी चिकन और द हिमालयन हॉट चिकन शामिल हैं।

## रियलमी ने 8,999 रुपये मूल्य में अपने सेगमेंट के एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ रियलमी सी 63 पेश किया




**गोरखपुर।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके। रियलमी सी63 इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और किफायती मूल्य में अनेक आधुनिक फीचर्स प्रदान करता है। हमारा मानना है कि रियलमी सी63 अपने अद्वितीय स्टाईल, ड्यूरेबिलिटी और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देगा।''

# पूंजीगत व्यय में वृद्धि से अगले दशक में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

**मुम्बई।** भारत का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अगले दशक में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2034 तक विनिर्माण क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है । चालू वित्त वर्ष 2024 में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का बाजार मूल्य 459 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1.66 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है । यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है । इसके अतिरिक्त, कम माल ढुलाई लागत और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण सकल घरेलू उत्पाद में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है ।

बुनियादी ढांचे में निवेश वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद के 33 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2029 तक 36 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे अर्थव्यवस्था में विकास की कई लहरें देखने को मिलेंगी । आरबीआई सर्वेक्षण के अनुसार, उद्योग क्षमता उपयोग पहले ही 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। देश के शीर्ष तीन इस्पात उत्पादक 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर काम कर रहे हैं । आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि स्टील, सीमेंट और एल्युमीनियम जैसी वस्तुओं की मांग में वृद्धि का संकेत देती है और इसके पीछे मुख्य वजह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में आई तेजी है । हालाँकि, मुद्रास्फीति में वृद्धि या परियोजना में देरी जैसी बाधाओं से बचने के लिए, इन क्षेत्रों के लिए अपनी क्षमता बढ़ाना महत्वपूर्ण है । विशेष रूप से, डेटा सेंटर, विनिर्माण प्रोत्साहन, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और एयर कंडीशनर के बढ़ते उपयोग जैसे कारकों ने बिजली की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है, इस प्रकार बिजली क्षेत्र को बढ़ती पूंजी व्यय आवश्यकताओं का सामना करना पड़ रहा है । डीएसपी फंड ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि भारत की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में महत्वपूर्ण पूंजी व्यय क्षमता है । वित्तीय वर्ष 2024 और 2026 के बीच विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में 39 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक खर्च होने का अनुमान है । वर्तमान पीएलआई निवेश फार्मास्यूटिकल्स, मोबाइल फोन और सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण पर केंद्रित है, जबकि सेमीकंडक्टर, विशेष इस्पात, कपड़ा और ऑटोमोबाइल विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भी वित्त वर्ष 2025 में पूंजी निवेश में वृद्धि देखी जाएगी । ऊर्जा, रक्षा, जल और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में वृद्धि मुख्य रूप से सरकारी नीतियों के कारण नहीं बल्कि मांग में वृद्धि के कारण देखी जा रही है । जहां भारत में कुल सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 14 प्रतिशत के आसपास है, वहीं अन्य एशियाई देशों मे यह योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है । हालाँकि, हम विनिर्माण क्षेत्र को लेकर सकारात्मक हैं, क्योंकि हमारा मानना है कि अधिकांश विनिर्माण क्षेत्र विकास के शिखर पर हैं और मांग में उल्लेखनीय वृद्धि से कंपनियों के राजस्व में पर्याप्त वृद्धि होगी।

## एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड ने दाखिल किया डीआरएचपी

एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड (कंपनी, ईआईईएल) ने 26 जून, 2024 को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सरकारी अथॉरटी / विभाग के लिए वाटर एंड वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूडब्ल्यू टीपीएस) और वाटर सप्लाई स्कीम प्रोजेक्ट (डब्ल्यूएसएसपीएस) के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के व्यवसाय में है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 /- प्रत्येक) के माध्यम से धन जुटाने का प्रस्ताव करती है, जिसमें 4,42,32,000 इक्विटी शेयरों तक के नए निर्गम और 52,68,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इस सार्वजनिक निर्गम के एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर हेम सिक्योरिटीज हैं।

# निसान मोटर इंडिया ने 11 लाख कारें निर्यात करने का आंकड़ा पार किया, जून में घरेलू होल सेल में 2107 कारों की बिक्री दर्ज हुई

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने आज 11 लाख कारों के निर्यात का आंकड़ा पार करने का एलान किया। यह आंकड़ा कंपनी का निर्यात परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक का है। यह कंपनी के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है और साथ ही निसान की फिलॉसफी 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' की सफलता का भी प्रतीक है। कंपनी ने 29 जून, 2024 को तमिलनाडु के एन्नोर कामराजार पोर्ट पर निसान मैग्नाइट की बिक्री के साथ 11 लाख कारें निर्यात करने का आंकड़ा पार किया। इसके अतिरिक्त, जून, 2024 में कंपनी ने कुल 10,284 कारों की होलसेल बिक्री की जानकारी दी। इसमें सालाना आधार पर 76.3 प्रतिशत और मासिक आधार पर 65.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून, 2024 में कुल 8177 कारों का निर्यात हुआ, जो सालाना आधार पर 149 प्रतिशत और मासिक आधार पर 104 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। घरेलू होलसेल बिक्री जून, 2024 में



2107 कारों की रही।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'इस शानदार और उल्लेखनीय पड़ाव को पार करने पर मैं पूरी टीम को बधाई देना चाहता हूं और साथ ही धन्यवाद भी करता हूं। हमारे निर्यात कारोबार में मैग्नाइट और सन्नी का अहम योगदान रहा, जो प्रमुख बाजारों में भारत में बनी निसान कारों की मांग को दर्शाता है। हमारी निर्यात रणनीति और क्षमता को मैग्नाइट की मजबूत मांग से भी समर्थन मिला, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में हमारे फोकस का प्रमाण है।'

'जून में देशभर में भीषण गर्मी की चुनौतियों के बावजूद हम दृढ़ता के साथ बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुरूप ढलने में सक्षम रहे। निसान भारत में नई ग्लोबल एसयूवी को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है और हम आगे भी भारत में एवं निर्यात बाजारों में ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप कदम उठाते रहेंगे। हमारी टीम दृढ़ता, क्षमता एवं लचीलेपन के साथ इनोवेशन पर फोकस करती रहेगी।' निसान मैग्नाइट के साथ निसान मोटर इंडिया लगातार विकास की राह पर बढ़ रही है। यह मॉडल देश एवं दुनिया में ग्राहकों को लगातार लुभा रहा है। दिसंबर, 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से मैग्नाइट को जबर्दस्त लोकप्रियता मिली है। घरेलू एवं विदेशी बाजार में इसकी 1,40,000 से ज्यादा कारें बिक चुकी हैं।

अवधनामा



## पहली बरसात में ही धंस गया ठोकर का आठ मीटर हिस्सा, बांध पर खतरा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नारायणी नदी पर स्थित अमवाखास तटबंध के रामपुर बरहन परोरही गांव के सामने बना ठोकर नंबर-चार का आठ मीटर हिस्सा पहली बरसात में ही धंस गया। इसके चलते बांध पर खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते ठोकर की मरम्मत नहीं कराई गई तो मानसून के समय नदी के बढ़ते जलस्तर में बांध को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, विभागीय जिम्मेदार बांध को सुरक्षित किए जाने का दावा कर रहे हैं। अमवाखास तटबंध के परोरही गांव के सामने बड़ी गंडक नदी बंधे से काफी नजदीक बह रही है। बंधे को बचाने और पानी की धारा को दूसरी दिशा में मोड़ने के लिए ठोकर नंबर-चार बनाया गया है। नदी में जलस्तर की वृद्धि होने के बाद सोमवार को हल्की बारिश में ठोकर का आठ मीटर हिस्सा धंस गया। ठोकर धंसने के बाद नदी का दबाव अब



मुख्य तटबंध पर बढ़ गया है। ठोकर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होते ही नदी बांध के करीब से सटकर बह रही है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बाढ़ खंड विभाग को दे दी है। बावजूद इसके देर शाम तक विभागीय जिम्मेदार मौके पर पहुंच ही नहीं सके। गांव के राजकुमार पाल, शुभ नारायन, अशोक यादव, अर्जुन, राम क्षत्रिय यादव, सतेंद्र यादव आदि का कहना है कि नदी बंधे की काफी नजदीक से होकर बह रही है। इससे मुख्य बांध पर संकट मंडराने लगा है। अगर यही हाल रहा तो बढ़ते जलस्तर में बांध को भी नदी नुकसान पहुंचा सकती है। बंधा टूटने के बाद कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे।

## ईट के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 127 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप बरामद

### तीन अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, वाहन समेत 30 लाख सामान बरामद



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** शराब तस्करों ने अब तस्करी के लिए नया हथकंडा अपनाया है। ईट के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 127 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप बरामद करते हुए पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को दबोचने में कामयाब रही। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री, परिवहन, निष्कर्षण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. विनय कुमार सिंह थाना रामकोला पुलिस टीम द्वारा माघी मठिया पुल के पास से दो ट्रैक्टर व दो ट्राली में ईट के नीचे छिपा कर तस्करी कर ले जा रहे कुल 127 पेटी अंग्रेजी शराब मात्रा 180 एम.एल. कुल 6096 फ्रूटी 1097.28 ली. अवैध अंग्रेजी शराब आफिसर वाईस फ्रूटी वाहन सहित कुल कीमत लगभग 30 लाख रुपए के साथ तीन शराब तस्करों मिथिलेश कुमार पुत्र संजय राय निवासी रऊजा छपरा जिला छपरा सारण राज्य बिहार, झरिमन पुत्र रवीन्द्र राय निवासी रऊजा निवासी छपरा जिला छपरा सारक्षण राज्य बिहार व सुभाष यादव पुत्र झिंगुर यादव निवासी माधोपुर गौजही थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। **अपराध का तरीका–** अभियुक्तों द्वारा पहले स्थान का रेकी कर लेते थे उसके बाद रात में सून सान होने पर ट्रैक्टर से ट्राली के ऊपर ईट रखकर नीचे अवैध शराब रखकर बिहार में ले जाकर अधिक दाम पर बेचते है।

## डीएम ने आश्रम पद्धति विद्यालय और पालीटेक्निक विद्यालय का किए निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डा कृष्णा करुणेश ने सहजनवा ब्लाक के हरदी में स्थित पालीटेक्निक कालेज और अनंतपुर सिसवा में स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दिशा निर्देश दिए कि जो भी कार्य होने है। उसे समय से पूरा कर लिया जाय। 5 जुलाई को मुख्यमंत्री का आगमन होना है।

सभी तैयारियां पूरी कर ले। मंच स्थल की जानकारी लिए। बरसात को देखते हुए जहां पांडाल लगना है। वहा जल जमाव नही होना चाहिए सभी व्यवस्था समय से पूर्ण करा ली जाय। किसी तरह की कमी बर्दास्त नही की जायेगी। इस दौरान एसडीएम कुंवर सचिन सिंह,तहसीलदार राकेश कन्नौजिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आने के ही साथ जगत में कहलाया जाने वाला



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** आने के ही साथ जगत में कहलाया जाने वाला। हरिवंश राय बच्चन की यह मशहूर पंक्तियां उस समय प्रासंगिक हो गई जब श्रद्धांजलि समारोह में बाबा मनोहर सिंह ने जीवन के रहस्य को बताते हुए इन पंक्तियों का उच्चारण किया।नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में सोमवार की शाम पंडित राम निरंजन मिश्र की स्मृति में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सेवादार और नगर के संभ्रांत लोग शामिल हुए। गत दिनों दिवंगत हुए पंडित राम निरंजन मिश्र के चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जन्म और मृत्यु इस पृथ्वी पर शाश्वत सत्य है। न जाने वह कौन सा पल आए कि हम बिछड़ जाए। कुछ दिन पूर्व इसी स्थान पर एक सम्मान समारोह को संबोधित करने के लिए पंडित राम निरंजन मिश्र अतिथि के रूप में पधारे थे। आज लोग उनकी श्रद्धांजलि में पधारे हैं। समारोह के आयोजक बाबा मनोहर सिंह ने उनके साथ गुजरे पलों को याद किया और कहा कि मनुष्य का प्रत्येक पल भगवत भजन में लगना चाहिए। पंडित राम निरंजन मिश्र को इसका बोध था। उन्होंने उनकी सेवाओं का भी बखान किया।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर प्रभावी रोकथाम हेतु बैठक संपन्न

### आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाएं : एमओआईसी

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर मंगलवार को सीएचसी मोतीचक सभागार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी में रहे।

उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस पूरे विशेष अभियान में आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें तथा प्रत्येक ग्राम में दस्तक अभियान के अंतर्गत डेंगू बुखार, डायरिया आदि रोगों की सूचनाएं एकत्र कर की ई कवच पोर्टल पर अवश्य फीड करें। उन्होंने कहा कि मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन, फॉगिंग करने, स्कूलों, कॉलेज, नाले नालियों तथा अन्य जलजमाव वाले स्थानों का विशेष तौर पर सफाई अवश्य कराएं। इस अवसर पर डॉ सुधीर तिवारी, राकेश कुमार मद्धेशिया, सुनील कुमार, मॉनिटर वशिष्ठ गिरी, राजेश भारती, प्रवीण गोविंद राव के साथ सभी एएनएम व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सशक्त हो रही हैं महिलाएंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन परिसर स्थित गांधी सभागार में किया गया, जिसका औपचारिक शुभारम्भ जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के द्वारा किया गया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के आर्थिक उत्थान में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय समावेशन बढ़ा है, जो जीडीपी में बढ़े योगदान के रूप में परिलक्षित हो रहा है। इससे जेंडर इक्वालिटी बढ़ रही है और महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत सीमित होती है, बैंकर्स स्वयं सहायता समूहों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लोन दें। लोगों को की गई छोटी-छोटी मदद बड़े बदलाव का वाहक बनती हैं। जनपद में हरी सब्जियों के उत्पादन का बृहद सम्भावना है, जिसको जनपद के गठित स्वयं सहायता समूह बैंक से सहयोग लेकर व्यापक स्तर पर कर सकते है। जनपद में समूह की महिलाएं टेक होम राशन यूनिट, प्रेरणा कैंटीन तथा पीडीएस की 23 दुकानों का संचालन कर रही हैं। इसके अलावा गारमेंट, आचार-मुरब्बा, सिलाई, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में समूह की महिलाएं सक्रिय हैं। मुख्य विकास

**जेंडर इक्वालिटी को बढ़ा रहा है एनआरएलएम**

अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 16,166 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे 10 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं। जनपद में कार्यरत समस्त बैंकों के 134 *शाखाओं* में बैंक सखी तैनात हैं जो लोगों की सहायता करने के साथ ही वित्तीय साक्षरता को भी प्रोत्साहित कर रही हैं। कैश क्रेडिट लिंकेज में जनपद का प्रदेश में तीसरा स्थान है। शीघ्र ही प्रत्येक पंचायत भवन में एक-एक बीसी सखी की तैनाती होगी। इस कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2024-25 का रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के द्वारा जारी मास्टर सरकुलर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बैंक से सम्बन्धित प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उसके आधार पर स्वयं सहायता सदस्यों एवं बैंक शाखा प्रबन्धकगण के आने वाले समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद के नेशनल रिसोर्स पर्सन नन्द किशोर सिंह एवं केवी दीक्षित के द्वारा उक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का निस्तारण किया गया। इस कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2023-24 में वित्तीय समावेशन में अच्छा कार्य करने वाली बैंक सखी, बैंक शाखा प्रबंधक एवं मिशन स्टॉफ को सम्मानित किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा कार्यशाला के प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यशाला की समाप्ति की घोषणा की गयी।

## टैक्स चोरी कर रहे ईट भट्ठा, जीएसटी के छापेमारी में हुआ खुलासा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में ईट भट्ठा मालिक खुलेआम जीएसटी चोरी कर रहे है। हालांकि विभाग की ओर से कर चोरी रोकने का प्रयास शुरू किया गया है किन्तु इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि विभाग की लापरवाही के कारण ही ईट भट्ठा संचालक सरकार का चुना लगा रहे है। बीते दिनो जीएसटी विभाग के छापेमारी में सपा नेता द्वारा कोइलसवा बुजुर्ग गांव संचालित ईट भट्ठा से करोड़ों रुपये के टैक्स चोरी के मामले का खुलासा एक बानगी है। हकीकत यह है कि जिले में अधिकांश ईट भट्ठे की कहानी यही है। सूत्रों का दावा है कि इन ईट भट्ठो के खिलाफ ठीक से जांच हो जाए तो टैक्स चोरी का बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है। जानकारों की माने तो ईट भट्ठा मालिकों द्वारा टर्न ओवर छुपाते हुए कम बिक्री दिखाकर बेखौफ टैक्स चोरी की जा रही है। सूत्र बताते है कि भट्ठा मालिक कोयले के खरीद-फरोख्त और निर्मित ईट के बिक्री में घपलेबाजी करके न सिर्फ टैक्स चोरी कर अपना तिजोरी भर रहे है बल्कि हर साल लाखो रुपए सरकार का चूना लगा रहे है। विभाग की माने तो नियमतः 18 टन कोयले से एक लाख ईट का निर्माण होता है। ऐसे में यदि भट्ठा मालिक जितना कोयला खरीद रहे हैं उसके सापेक्ष निर्मित ईट का ट्रैक्स नहीं जमा कर रहे हैं तो यह टैक्स चोरी है। कहना ना होगा कि बीते शनिवार को गोरखपुर जीएसटी टीम ने जनपद के चौराखास थाना क्षेत्र के कोइलसवा बुजुर्ग में संचालित ईट भट्ठा पर छापेमारी कर 50 लाख रुपए से अधिक की टैक्स चोरी का मामला पकड़ा है। जांच टीम ने अभिलेखों के आधार पर पाया कि सपा नेता उपेन्द्र यादव द्वारा संचालित आशुतोष कुमार यादव ईट उद्योग विगत सात वर्षों में 2320 मीट्रिक टन कोयले की खरीदारी की है। इसमें लगभग नौ करोड़ रूपए की ईट निर्मित होने का अनुमान है लेकिन भट्ठा मालिक ने पांच करोड़ रुपए की ईट की बिक्री दिखाया है। **और जांच टीम के सामने नही आए भट्ठा मालिक** –ऐसी चर्चा है कि शनिवार को जीएसटी टीम द्वारा सपा नेता उपेन्द्र यादव के ईट भट्ठा पर की गई। छापेमारी के दौरान चार करोड़ रुपए की गड़बड़ी उजागर होने के बावजूद भट्ठा मालिक उपेन्द्र यादव जीएसटी टीम के सामने नही आए। टीम तकरीबन चार घंटे तक वहा मौजूद रही, भट्ठा मालिक का इंतजार भी की किन्तु भट्ठा मालिक मौके पर उपस्थित होने के बजाय जुगाड़ लगाने मे जुटे रहे ऐसी चर्चा है। मौके पर जीएसटी टीम को फर्म के मुंशी और अधिवक्ता ने जांच टीम को दाखिल होने वाले रिटर्न से संबंधित कुछ अभिलेख उपलब्ध कराए हैं, जिसकी टीम जांच कर रही है।

**चार करोड़ रूपए बिक्री की ट्रैक्स चोरी**

बताया जाता है कि जीएसटी गोरखपुर की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने अभिलेखों के आधार पर पाया कि सपा नेता उपेन्द्र यादव द्वारा संचालित आशुतोष कुमार यादव ईट उद्योग द्वारा वर्ष 2017 से अब तक 2320 मीट्रिक टन कोयला खरीदा गया है। निर्धारित मानकों के अनुसार 2320 मीट्रिक टन कोयले में 1.29 करोड़ ईंटों का निर्माण होना चाहिए जिसका बाजार मूल्य (ईंटों की बिक्री) नौ करोड़ रुपए होगी। किन्तु फर्म मालिक द्वारा पांच करोड़ रुपए दिखाया गया है। इससे स्पष्ट है कि चार करोड़ रुपए की बिक्री कम दिखाकर टैक्स चोरी की गई है।

**पिछले दिनों चौराखास थाना क्षेत्र के कोइलसवा बुजुर्ग में संचालित एक ईट भट्ठा पर गोरखपुर जीएसटी टीम ने की थी छापेमारी**

### नही मिला पर्यावरण लाइसेंस

टीम की जांच में उपेन्द्र यादव के ईट-भट्ठे का पर्यावरण का लाइसेंस भी नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता कि बिना पर्यावरण लाइसेंस के यह ईट भट्ठा संचालित कैसे हो रहा था? डिप्टी कमिश्नर सुनील कुमार वर्मा का कहना है कि अभी तक हुए जांच में 50 लाख से अधिक का टैक्स चोरी का मामला सामने आ रहा है। ईट-भट्ठे पर अर्थदंड की कार्रवाई चल रही है। बिना पर्यावरण मानक पूरा किए संचालित हो रहे ईट-भट्ठे के खिलाफ प्रदूषण विभाग को भी पत्र लिखा जाएगा।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने वृद्धाश्रम वन स्टाफ सेंटर जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने मंगलवार को जनपद में वृद्धाश्रम जिला अस्पताल वन स्टाफ सेंटर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज अमेठी का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण भवन गौरीगंज में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वृद्धाश्रम के निरीक्षण पर उन्होंने वृद्ध जनों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं वृद्ध जनों के आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बने हैं या नहीं की जानकारी ली एवं वृद्ध जनों को दी जा रही सुविधाओं यथा पेंशन आदि की स्थिति के बारे में भी पूछा एवं वृद्ध जनों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल गौरीगंज में महिला वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वन स्टाफ सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं को दिए जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने छात्राओं के लिए खेलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्टाफ बढ़ाने के निर्देश दिए तथा कॉलेज परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसको उपरांत उन्होंने निरीक्षण भवन गौरीगंज में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक किया।

## विदेशी कोख से जन्मा कभी राष्ट्रभक्त हो ही नहीं सकता : निखिल गुप्ता

**रुद्रपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राहुल गाँधी एक चौथाई हिन्दू है जो



हिन्दुओं के नाम पर वोट मांग कर माथे पर त्रिपुन्द लगा कर चुनावो के दौरान प्रपंच करते रहे और सांसद भवन पहुँचते ही सारे हिन्दू हिंसक होते है कह रहे है। उनका यह बयान अक्षम्य है। उक्त बातें छात्र संघ के पूर्व महामंत्री एवं भाजपा कार्यकर्तता निखिल गुप्ता ने कही। निखिल ने कहा की अपने इस बयान पर राहुल गाँधी को तत्काल देश के विशाल हिन्दू जनमानस से माफ़ी मांगनी चाहिए। निखिल ने कहा की चाणक्य ने कहा था विदेशी कोख से जन्मा हुआ कभी राष्टभक्त हो ही नहीं सकता। राहुल गांधी इसको चरितार्थ कर रहे है! कांग्रेस का मतलब हिन्दुओं को दमन है जिन्हे आजकल आंतकवादियों का धर्म समझ नहीं आया उन्हें आज करोडो हिन्दू हिंसा करने वाले नजर आ रहे है। अगर राहुल गाँधी तत्काल अपने बयान पर माफ़ी नहीं मांगते है तो भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ देश मे राहुल गाँधी का प्रतीकात्मक पुतला दहन करेगा।

### नकली स्टाम्प बिक्री करने वाले दो गिरफ्तार

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लेकर बिहार तक फैले नकली स्टांप पेपर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित संलिप्त सभी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया। स्टांप पेपर रैकेट के सिलसिले में 85 वर्षीय मास्टरमाइंड और उसके पोते सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें कुशीनगर के रवीन्द्र दीक्षित व नंदू उर्फ नन्दलाल का सामिल होना बताया गया है। इनकी संलिप्तता पाए जाने पर स्टाम्प विक्री लाइसेंस सख्या 54 व 47 को कुशीनगर जिला प्रशासन ने निरस्त करते हुए निबंधन कार्यालयों सहित सभी अधिकारियों को सुचित किया गया है कि ये स्टाम्प विक्रेता दिवानी न्यायालय पडरौना में स्टाम्प बिक्री करते थें।

## नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए मंगलवार को नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में हाथों में बैनर लिए कर्मचारी जागरूकता संबंधित नारे लगाते हुए कतारबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे थे।

रैली में सभी नागरिकों, दुकानदारों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की जा रही थी। यह रैली हरिओम चौक से मेन चौराहा, किसान इंटर कालेज सहित मथौली कस्बा का भ्रमण करने के बाद चेयरमैन नवरंग सिंह द्वारा नागरीको से अपील किया गया की प्लास्टिक का उपयोग नही करें। तथा वही व्यापारियों से अपील किया गया कि आप लोग भी ग्राहकों से कपड़े का थैला साथ में लाने का आग्रह करें। कोई भी दुकानदार प्लास्टिक में सामग्री की बिक्री न करें। अंत में चेयरमैन, सभासदों तथा नागरिकों ने प्लास्टिक के प्रयोग न करने के लिए शपथ लिया। इस दौरान लिपिक हरे राम शर्मा, श्रीराम कुशवाहा, विजय सिंह, त्रिलोकी जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जन्मदिन पर चेयरमैन ने मरीजों में फल वितरण किया

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अपने जन्मदिन के अवशार पर मंगलवार को चेयरमैन नवरंग सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली बाजार में पहुंचकर भर्ती मरीजों में मौसमी फल का वितरण किया। उधर सोशल मिडिया पर सैकड़ो लोगों ने बधाई देकर लंबी उम्र की कामना किए। उन्होंने सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सजग है। इसलिए स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को बेहतर इलाज के लिए निःशुल्क दवा, जांच आदि सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल के लिए अस्पताल में मिनी वाटर एटीएम मशीन लगवाया गया है जिससे मरीजों को शुद्ध पेयजल के किए अब भटकना नही पड़ रहा है। जन्मदिन पर मरीजों में फल वितरित कर मन को संतुष्टि मिल रही है।

### प्रा. विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमियां व आंगनबाड़ी केंद्र तथा ग्राम पंचायत अरगवां में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पठन-पाठन सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया एवं संबंधित शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा मिड डे मील एवं हाट कुक्ड योजना में दिए जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम पंचायत अरगवां में कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर किया। इस दौरान ग्राम पंचायत में नालियों सड़कों की साफ सफाई होती पाई गई।

## दिखावा अधिक और वास्तविकता कम जैसे दुश्वारियों से गुजर रही है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**नाम बड़े और दर्शन छोटे**

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** आज वीरान अपना घर देखा, तो कई बार झांक कर देखा, पांव टूटे हुए नजर आए एक ठहरा हुआ खंडहर देखा। दुष्यंत कुमार की उक्त पक्तियां आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर सटीक बैठती है। महिलाओं व बच्चो के स्वास्थ्य एव पोषण के स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ सरकार के विभिन्न योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री अकुशल मजदूरों से भी कम आमदनी पर जीवन यापन करने पर मजबूर है। कर्मियों को सरकारी कर्मचारी नही मानने वाली सरकार इनके साथ छलावा के अलावा कुछ नही किया है। पहले से ही बेहद कम मानदेय पर गुजारा करने पर मजबूर कर्मियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। परिवार का खर्च चलाने एव बच्चो का पालन पोषण करने के लिए उन्हें नाकों चने चबाना पड़ता है। नाम न छापने के शर्त पर कई आंगनबाड़ी कहती है ÷हम लोगो का छः हजार के आस पास मासिक मानदेय है। इतने पैसे में दाल रोटी कैसे चलता है यह सोचनीय विषय है। कोरोना महामारी की पहली , दूसरी और तीसरी लहर में कर्मियों ने घर घर जाकर लोगो को जरूरी सेवाएं मुहैया करवाई जब कि लोग अपने परिजनों को छूने से भी परहेज करते थे। आंगनबाड़ी खुद को खतरे में डालकर लोगो की मदद की लेकिन उस मद का पैसा अधिकांश को नही मिला। सरकार ने उन्हें कोरोना योद्धा कहकर सम्मान दिया, जैसे ही मुश्किल दौर बीत गया तो राज्य व केंद्र सरकार ने इनसे मुंह मोड़ लिया।

**बदहाल आंगनबाड़ी केंद्र**

नीव मजबूत होगी तो इमारत की मजबूती की अपेक्षा होती है लेकिन जब नीव की सुरक्षा और व्यवस्था के प्रति उदासीन रवैया होगा तो उसकी मजबूती की उम्मीद करना बेमानी ही होगी। बच्चे कल के भविष्य होते है और उनकी परवरिश पर हर मां बाप अपना सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहते है। सरकारी स्तर पर भी योजनाएं बनाई जाती है लेकिन धरातल पर कितनी सार्थक होती है उनकी असलियत कुशीनगर में देखने को मिल जाती है। आंगनबाड़ी में अभावों के कांटे जब नुकीले नश्तर की तरह होंगे वहां पर फूलों को किस तरह सहेजा जा सकता है। सामाजिक न्याय एव अधिकारिता जैसे विभाग के मूल दायित्वों में से एक आंगनबाड़ी से भी शुरू होता है लेकिन तमाम दुश्वारियों के चलते तमाम केंद्र किराए के भवन में चलते है और चिंता का विषय यह है कि कई आंगनबाड़ी भवन असुरक्षित है। कही खिड़की नही है तो कही फर्श तक नसीब नही है। बच्चो को शुद्ध जल, बैठने के लिए व्यवस्था तो हवा के लिए कोई उपाय नही किए गए है। उक्त समस्याओं से संबंध में जब उपजिलाधिकारी तमकुहीराज से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जल्द विभाग से संबंध स्थापित कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

# बुन्देलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब ने सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन देते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनपद के कई इलाकों में खासकर नगर क्षेत्र और नगर के आसपास की ग्राम पंचायतों में अंदर हद और हद बाहर कई भू कारोबारी और भू माफिया सक्रिय है। वे आम भूस्वामी की जमीनों को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। यह पूरा अवैध कारोबार राजस्व कर्मियों एवं पुलिसकर्मियों की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकता है। ज्ञापन में बताया गया कि आजकल हर भू कारोबारी कोई भी विवादित भूमि खरीदने के पहले क्षेत्र के लेखपाल से सम्पर्क कर, उसे बेनामी पार्टनर बनाता है और फिर पुलिस को पूरा मामला समझा कर भूस्वामियों को अपनी दबंगई और गुंडई के बल पर दबाना शुरू कर देता है। मौके पर पुलिस और राजस्वकर्मी भूमाफिया को सहायता करते हैं, जिससे जनपद में भू विवाद और भूमि संबंधित अपराध बढ़ रहे हैं। जो गंभीर अपराधों की वजह बन रहे हैं। इन कुकुरमुत्तों की तरह उग रहे भू माफियाओं, भू कारोबारियों पर अंकुश लगाया जाना अति आवश्यक है। यदि लेखपालों और पुलिसकर्मियों को भूमि से संबंधित न्यायालयों जैसे तहसीलदार महोदय, परगनाधिकारी महोदय, श्रीमान जिलाधिकारी महोदय और दीवानी न्यायालयों में चल रहे लंबित वादों को किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और भ्रष्ट कर्मियों को चिन्हित कर अलग कर दिया जाये तो निश्चित तौर पर भू माफियाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। न्यायालय में चल रहे वादों वाली भूमि को खरीदने वाले और जबरन कब्जा करने वाले भूमाफिया हैं और सिस्टम को लालच देकर भ्रष्ट बना रहे हैं और क्रेता सावधान नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजिस्टर्ड ने मांग की कि जहाँ भी भूमि विवाद न्यायालयों में विचाराधीन है, वहाँ भूमि की यथास्थिति बहाल रखी जाये और राजस्व कर्मियों व पुलिसकर्मियों को न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों में हस्तक्षेप करने से रोका जाये, जिससे न्यायालयों के सम्मान को बरकरार रखा जा सके। न्यायालयों में लंबित वादों में न्यायालयों के आदेश के बिना मौके पर नाप कराने और कब्जा दिलाने की अनुमति कतई न दी जाये ताकि आम भूस्वामियों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

## रक्षा भूमि के कार्य में बाधा उत्पन्न कर सेना गार्ड से अभद्रता का आरोप

**ललितपुर।** रक्षा भूमि से सम्बंधित कार्य कर रहे लांस नायक ने कुछ लोगों पर सेना के कार्य मे बाधा उत्पन्न करने, अपशब्द गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा होने का आरोप लगाया गया है। लांस नायक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला फिरोजाबाद के थाना नारखी अंतर्गत ग्राम टुडला निवासी अभिषेक दीक्षित पुत्र अरुन प्रताप दीक्षित ने बताया कि वह तालबेहट में 90 एफडी रेजिमेंट में बतौर लांस नायक पद पर तैनात हैं। बताया कि 1 जुलाई को सुबह करीब 8.30 बजे वह गस्त लगाते हुए अपना रक्षा भूमि से सम्बंधित कार्य कर रहे थे। इसी बीच वहां पहले से मौजूद गल्ला मंडी पेट्रोल पंप के पास रहने वाले अरविन्द व रविन्द्र पुत्रगण लालसिंह सेना के कार्य में बाधा उत्पन्न की, जिस पर उनको रोका तो अपशब्द गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने बताया कि यह कृत्य न्यायालय के आदेश के खिलाफ है और सेना गार्ड की सुरक्षा को लेकर यह गंभीर मामला है। लांस नायक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 व 352 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# डॉ. बीसी राय के जीवन शैली से प्रेरणा लेते हुए हमारे चिकित्सक समाज सेवा करें: डॉ. एके सिंह




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के दुबेपुर परिसर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमीनार को संबोधित करते हुए आई एम ए अध्यक्ष व विभाग संघ चालक डॉ ए के सिंह ने डॉक्टर बिधानचंद्र राय के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को डॉक्टर विधान चंद्र राय के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज सेवा करनी चाहिए। चिकित्सा जगत एक ऐसा क्षेत्र है जिसके माध्यम से हम समाज सेवा के हर क्षेत्र में अपना नाम पैदा कर सकते हैं। साथ ही साथ डॉक्टर बी सी राय चिकित्सा के साथ-साथ राजनीति भी करते थे और दोनों क्षेत्र में उच्च स्तर पर विद्यमान रहे। मुख्यमंत्री रहते राज्य को भी संभाला और अपने मरीज को भी देखते थे।

**सेमिनार में सी ए संतोष सिंह व सौरभ कांत हुए सम्मानित**

ऐसे में हम सभी लोगों को उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने कार्यो को करते हुए समाज सेवा भी करते रहना चाहिए। बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश ने उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ विधान चंद्र राय के सपनों को साकार करते हुए हमारे जो नए और युवा चिकित्सक इनसे प्रेरणा लेते हुए कम से कम पैसे में किस तरह से आए हुए मरीजों का इलाज हो, इस पर कार्य करें, तो मरीजों की सच्ची सेवा होगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के गोयल ने कहा कि हमारे जो युवा चिकित्सक हैं, प्रांतीय मेडिकल सेवा के चिकित्सकों के साथ एक बॉन्ड बनाकर कार्य करें और वे लोग आई एम का सदस्य अवश्य बने, उनसे कुछ सीखने को मिलेगा।वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर जेपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जनपद में कोई ऐसी संस्था नहीं है, जिसका मुखिया चिकित्सक न हो। यही नहीं सभी संस्थाओ में चिकित्सक अग्रणी भूमिका निभा रहा है।सुल्तानपुर जनपद का मेडिकल कॉलेज पूरे देश में अपना एक कीर्तिमान स्थापित करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं प्रारंभ हो जायेंगी।

## प्रकृति रक्षक निधि कंपनी के एजेंट पर गंभीर आरोप



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रकृति रक्षक निधि नामक कंपनी में रुपये जमा करने व समय अवधि समाप्त होने पर जमा धनराशि वापस करने में हीलाहवाली करने का आरोप लगाते हुए शहर के मोहल्ला पिसनारी निवासी महिलाओं ने एक राय होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने रुपये वापस दिलाये जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि प्रकृति रक्षक निधि नामक कंपनी की एजेंसी का संचालन मोहल्ला चौबयाना निवासी हरिओम कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है। इस कंपनी में सभी महिलाओं ने अपने रुपये जमा किये थे। धनराशि जमा करने की अवधि पूर्ण होने के पश्चात जमा धनराशि वापस मांगने पर अब हरिओम कुशवाहा द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। जमा धनराशि मांगने पर गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकियां भी दी गयी। महिलाओं ने जिलाधिकारी से मामले में जांच कराकर जमा धनराशि वापस दिलाये जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन देते समय प्रीति, रामदेवी, भागवती, रेखा, सुखवती, रामभरत, राजेन्द्र के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने वृहद गोसंरक्षण केन्द्र चर्दा का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत संचालित गो संरक्षण केन्द्र चर्दा का निरीक्षण किया। संरक्षण केन्द्र की पंजीका का अवलोकन करने पर पाया गया कि यहां पर 380 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें नर 193 व मादा गोवंश की संख्या 87 हैं। डीएम ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चन्द्र को निर्देश दिया कि संरक्षित शत-प्रतिशत गोवंशों की ईयर टैगिंग की जाय। डीएम ने कहा कि दुर्बल, वृद्ध एवं बीमार गोवंशों की विशेष देखभाल की जाय। किसी गोवंश की मृत्यु होने पर सम्मानजनक ढंग से उनको दफनाया जाय। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना का कोई लाभार्थी ने होने की जानकारी दी गई। डीएम ने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि इच्छुक परिवारों को सहभागिता योजना से जोड़ा जाय। गोसंरक्षण केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं चोकर उपलब्ध है। गोसंरक्षण में सोलर पैनल तथा बोरिंग स्थापित है जो क्रियाशील अवस्था में है। डीएम ने डिप्टी सीवीओ को निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंशों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवा इत्यादि का प्रबन्ध किया जाय।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चर्दा का किया निरीक्षण

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चर्दा का निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, मुख्यमंत्री पोषण घर, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी इत्यादि का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का भी जायजा लिया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने भर्ती मरीज़ों तथा उनके साथ मौजूद तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में फीड बैक भी प्राप्त किया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान निरिक्षण के दौरान समुचित साफ सफाई न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया की तत्काल समुचित साफ सफाई के साथ-साथ खराब पड़े बिजली के उपकरणो क़ो भी दुरस्त कराया जाय।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- बर्दिया वि.ख.- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक -मेमो/सा.आ./2024-25 | दिनांक : 02-07-2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बर्दिया विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र में मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/एस.बी.एम. एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
| 3 | टेण्डर फार्म बिक्री | दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक |
| 4 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 09.07.2024 को सायं 12.00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 10.07.2024 को 1.00 बजे |
| 6 | निविदा फार्म बिक्री, जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय |
| 7 | निविदा प्रपत्र की मूल्य | 1000/- रू. नकद |
| 8 | जमानत हेतु धरोहर की राशि | 10000/- रू. के एफ.डी.आर./बैक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

नोट :- निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-बर्दिया**
**जनपद-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कन्हौरा वि.ख.- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक -मेमो/सा.आ./2024-25 | दिनांक : 02-07-2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कन्हौरा विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र में मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/एस.बी.एम. एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
| 3 | टेण्डर फार्म बिक्री | दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक |
| 4 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 09.07.2024 को सायं 12.00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 10.07.2024 को 4.00 बजे |
| 6 | निविदा फार्म बिक्री, जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय |
| 7 | निविदा प्रपत्र की मूल्य | 1000/- रू. नकद |
| 8 | जमानत हेतु धरोहर की राशि | 10000/- रू. के एफ.डी.आर./बैक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

नोट :- निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-बर्दिया**
**जनपद-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कनछ वि.ख.- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक -मेमो/सा.आ./2024-25 | दिनांक : 02-07-2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनछ विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र में मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/एस.बी.एम. एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
| 3 | टेण्डर फार्म बिक्री | दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक |
| 4 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 09.07.2024 को सायं 12.00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 11.07.2024 को 10.00 बजे |
| 6 | निविदा फार्म बिक्री, जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय |
| 7 | निविदा प्रपत्र की मूल्य | 1000/- रू. नकद |
| 8 | जमानत हेतु धरोहर की राशि | 10000/- रू. के एफ.डी.आर./बैक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

नोट :- निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-कनछ**
**जनपद-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- सिन्दूरिया वि.ख.- चोपन, सोनभद्र

पत्रांक -मेमो/सा.आ./2024-25 | दिनांक : 02-07-2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिन्दूरिया विकास खण्ड- चोपन, सोनभद्र में मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/एस.बी.एम. एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
| 3 | टेण्डर फार्म बिक्री | दिनांक 03.07.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक |
| 4 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 09.07.2024 को सायं 12.00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 10.07.2024 को 10.00 बजे |
| 6 | निविदा फार्म बिक्री, जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय |
| 7 | निविदा प्रपत्र की मूल्य | 1000/- रू. नकद |
| 8 | जमानत हेतु धरोहर की राशि | 10000/- रू. के एफ.डी.आर./बैक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

नोट :- निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-सिन्दूरिया**
**जनपद-सोनभद्र**

# मानकविहीन पैथालॉजी एवं अल्ट्रॉसाउण्ड का संचालन न हो: जिलाधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद में मानक विरुद्ध चल रहे अस्पतालों व पैथालॉजी आदि को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। इससे अब किसी भी अस्पताल के मालिक अधिकारियों से सेटिंग बैठाकर पंजीकरण नहीं करा सकेंगे अब अस्पताल संचालकों को केंद्र द्वारा द क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट (The Clinical Establishment) (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट 2010 के तय सभी मानकों का पालन करना होगा। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें जुर्माना भी भुगतान पड़ सकता है।इसी समबन्ध में दिनॉक 02.07.2024 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्लीनिकल स्टैब लिशमेन्ट एवं पी.सी.पी.एन.डी. टी. की बैठक डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में आयोजित की गयी बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मेहरवान हॉस्पिटल (100 बेड) जराखर राठ हमीरपुर के पंजीकरण हेतु मेहरवान हॉस्पिटल का मानक के अनुसार समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु एवं मानक के अनुसार संसाधनों का विश्लेषण कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में अवैध चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथालॉजी एवं अल्ट्रसाउण्ड सेंटरों का निरीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा इस बात के स्पष्ट निर्देश किये गये हैं कि कहीं पर मानकविहीन पैथालॉजी एवं अल्ट्रॉसाउण्ड का संचालन न हो एवं उनका संचालन शासन की गाईडलाइन के अनुसार सक्षम स्तर के चिकित्सक द्वारा ही किया जाय। जिले में आयुष केन्द्रों की स्थिति की भी जॉच की जाय यदि इसके प्रतिकूल कोई भी तथ्य संज्ञान में आता है तो कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** एक ओर जहां सरकार स्वच्छता अभियान का ढिंढोरा पीटते हुए नहीं थक रही है और संचारी रोग अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं तो दूसरी ओर क्षेत्र के मजरों और गावों में सड़कें नहीं होने के कारण अक्सर समाजसेवियों को अनशन करना पड़ता है लेकिन अब तो छात्राओं ने सड़क निर्माण और जल भराव से मुक्ति दिलाने के लिए हुंकार भरते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मकरांव के मौजा तिंदुही किशनचंद की लगभग दो दर्जन से अधिक छात्राओं ने स्कूल जाने के बजाय तहसील पहुंच कर तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में सड़क की दशा इतनी जर्जर है कि लगभग सड़क विलुप्त हो चुकी है उसी से बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है और ई रिक्शा आदि निकलने के कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती हैं जिससे कभी भी बड़ी जनहानि होने की संभावना है।वहीं छात्राओं की मांग को देखते हुए तहसीलदार बलराम गुप्ता ने सडक़ निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। बताते चलें कि उक्त मौजा में गंदगी का भी अंबार लगा रहता है जो सरकार के स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने के लिए काफी है।

## श्रद्धा के साथ मना स्वामी जी का 40वां परिनिर्वाण दिवस हवन पूजन के उपरांत हुआ भंडारा

**भरुआ सुमेरपुर।** उत्तर भारत के ख्यातिलब्ध ब्रम्हलीन संत नागा स्वामी रोटीराम महाराज का 40वां परिनिर्वाण दिवस भक्तों ने श्रद्धा के साथ मनाते हुए हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरित किया गया। श्रीगायत्री तपोभूमि प्रांगण में विरक्त आश्रम में ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी जी का 40वां परिनिर्वाण दिवस उनके भक्तों ने हवन पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन करके प्रसाद वितरित कराया। इस अवसर पर संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री ने विधि विधान के साथ हवन कराकर उनकी समाधि पर पूजन अर्चन कराया। इस मौके पर इटरा आश्रम के महंत वेदानन्द सरस्वती, स्वामी सुखानंद महाराज, स्वामी जगन्नाथ महाराज, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी पप्पू भैया, अजय द्विवेदी, मुन्नीलाल अवस्थी, बालगोपाल गुप्ता, संतोष सिंह, जितेंद्र सिंह तोमर, राकेश गुप्ता, रामविलास गुप्ता, सोनू गुप्ता, संजय बाबू ओमर, राधे शुक्ला, अज्जू मिश्रा, अमित शिवहरे, अशोक सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मकान से 45 लाख रुपए के जेवर व नगदी गायब

**अवधनामा संवाददाता**

- पीड़ित ने मकान की देखरेख करने वाले दो केयर टेकर पर मुकदमा दर्ज कराया

**राठ,हमीरपुर।** राठ कस्बे के मियांपुरा में एक मकान से 45 लाख रुपए के जेवर व नगदी गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मकान की देखरेख करने वाले दो केयर टेकर पर मुकदमा दर्ज कराया है।

राठ कस्बे के मियांपुरा इलाके के निवासी संजय सिंह पुत्र रमन पाल सिंह ने बताया कि उसका एक मकान देहरादून में है। काम के सिलसिले में वह देहरादून में रहता है। कभी कभी पत्नी व बच्चों के साथ राठ अपने मकान में आता जाता रहता है। बताया कि उसने अपनी बेची हुई जमीन का 25 लाख रुपए मियांपुरा वाले मकान में रख दिए थे। साथ में पत्नी का 20 लाख रुपए की कीमत के जेवरात रखे हुए थे। मकान की चाभी सुनील कुमार शर्मा निवासी दीवानपुरा व चरखारी रोड निवासी अभय सिंह भदौरिया के पास रहती थी। दोनों का मकान में आना जाना लगा रहता था। दोनों लोग उसके मकान की देखरेख करते थे।

बताया कि 12 मई को सुनील शर्मा ने मोबाइल पर सूचना दी कि उनके मकान में आग लग गई है। उस समय वह देहरादून में था। बताया कि जब वह घर आया तो अलमारी में रखा 25 लाख की नकदी व 20 लाख रुपए के जेवरात गायब थे। जब उसने रुपए व जेवरात की मांग की तो दोनों ने बताने से मना कर दिया। बार बार पूछने पर दोनों बहाने बनाने लगे और दोनों गायब हो गए। पीड़ित ने राठ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तथा आवश्यक कार्यवाही कराई जा रही है।

## अल्पसंख्यक समाज ने की राहुल की टिप्पणी की निंदा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह के नेतृत्व में सिविल लाइन चौराहे में अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने प्ले कार्ड में विभिन्न सूक्ति वाक्य लिखे व राहुल गांधी के ब्लैक मार्कर से कट किए हुए चित्र लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्ले कार्ड पर विभिन्न सूक्ति वाक्य हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। अल्पसंख्यक समाज राहुल की टिप्पणियों से आहत है। अल्पसंख्यक समाज राहुल की टिप्पणी की निंदा करता है और क्षमा याचना की मांग है करता है। कई अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी की निंदा की और क्षमा याचना की मांग की। मो.जुबैर ने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज को अपमानित किया है। महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों द्वारा हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी ने टकराव और कलह पैदा करने का काम किया सख्त विरोध करता है।

# इटरा में उमड़े श्रद्धालुओं के चलते चंद्रपुरवा के रेलवे गेट में लगा जाम

- जाम के चलते गेट के पूर्व रोकी गई मेमू ट्रेन




**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के इटरा आश्रम के बजरंगबली मंदिर में मंगलवार को दर्शन पूजन के लिए श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ होने के कारण रेलवे के चंद्रपुरवा गेट में जाम लग गया। जाम लगने से कानपुर से चलकर मानिकपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन को गेट के पूर्व ही रोकना पड़ा। बाद में किसी तरह से गेटमैन ने पटरी के मध्य फंसे वाहनों को आगे पीछे कराकर फाटक बंद करके ट्रेन को निकाला। इस घटना में ट्रेन के यात्री परेशान रहे।

आषाढ़ मास में इटरा के बजरंग बली मंदिर के दर्शन पूजन के लिए प्रत्येक मंगलवार को भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है। आज भी ऐसा ही नजारा रहा। सुबह से वाहनों का रेला लग गया। मंदिर प्रांगण में मेले जैसा नजारा था। सुबह करीब 9 बजे रेलवे के चंद्रपुरवा गेट में भीषण जाम लग गया। इसी जाम के मध्य कानपुर से चलकर मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन आ गयी जिस पर गेट में वाहनों का जाम होने के कारण इस यात्री ट्रेन को गेट के पूर्व ही रोका गया। गेटमैन ने कड़ी मशक्कत के बाद पटरी में फंसे वाहनों को हटवाकर गेट बंद किया और ट्रेन को आगे के लिए निकाला। इस दौरान करीब 5 मिनट तक ट्रेन गेट के पूर्व ही रुकी रही। ट्रेन के गुजरने के बाद रेलवे कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# नेशनल डाक्टर्स-डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** समाज के प्रति डाक्टरों का समर्पण और योगदान का सम्मान करने हेतु हिण्डाल्को प्रमुख एन. नागेश के मार्गदर्शन एवं सी.एस.आर. प्रमुख अविजित के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोमवार दिनांक 1 जुलाई को नेशनल डाक्टर्स-डे मनाया गया। इस अवसर पर दुद्धी एवं बभनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलाजी पार्क, म्योरपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर डाक्टरों को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में दुद्धी, बभनी एवं म्योरपुर सामुदायिक केन्द्र के अधीक्षक डा. शाह आलम अंसारी, डा. पी.एन. सिंह एवं डा. अंकित कुमार तथा अन्य डाक्टरों की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

आयोजित कार्यक्रम में हिण्डाल्को सी.एस.आर. हास्पिटल, म्योरपुर के डा. डी.पी. सक्सेना ने उपस्थित सभी डाक्टरों को शुभकामनायें देते हुए बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री एवं महान चिकित्सक डा. विधान चन्द्र राय के योगदान को सम्मान देने हेतु उनके जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को नेशनल डाक्टर्स-डे मनाया जाता है। डा. सक्सेना एवं हिण्डाल्को सी.एस.आर. के अधिकारियों ने इस अवसर पर उपस्थित समस्त डाक्टरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## पिता पुत्र सहित तीन छह माह के लिए जिलाबदर

**भरुआ सुमेरपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर पिता पुत्र सहित तीन को जिलाधिकारी के आदेश पर 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है। अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने इंगोहटा निवासी सूरज बली पुत्र गोला तथा सुभाष पुत्र सूरज बली एवं राकेश वर्मा पुत्र रामा निवासी कुंडौरा को 6 माह के लिए जिलाबदर किया है। इस दौरान यह जिला की सीमा से बाहर रहेंगे तथा जहां रहेंगे वहां रहने की सूचना पुलिस को देंगे।

## 4 जुलाई को अमरनाथ यात्री होगें रवाना

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे से अमरनाथ यात्रा के लिये पहला जत्था 4 जुलाई गुरुवार को सुबह खजुराहो मेमू ट्रेन से कानपुर रवाना होगा। अमरनाथ यात्री नरेश शर्मा, अमित कुमार, सन्दीप कुमार साहू, अक्षय गुप्ता, ज्ञानेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, पप्पू, दिलीप आदि भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन से खजुराहो पैसेंजर द्वारा कानपुर पंहुचेगें। कानपुर से लखनऊ होते हुये जम्मू के लिये प्रस्थान करेगें। इन सभी यात्रियों को ससम्मान रवाना करने के लिये सभी शिवभक्त गुरुवार को सुबह 8 बजे तक स्टेशन पंहुचेगें ताकि बम भोले के जयकारों के साथ प्लेटफार्म को बमभोले के जयकारों से गुंजायमान किया जा सके।

## नगर पालिका के एमआरएफ सेंटर पर अधिशासी अधिकारी ने किया पौधारोपण




**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** रावटसगंज नगर पालिका के एमआरएफ सेंटर के बाहर मंगलवार को पौधारोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। वही अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारियों से बैठक कर वार्ता की गई है अपने नगर पालिका क्षेत्र में जहां-जहां समतल जमीन उपलब्ध है उनको चिन्हित कर संबंधित सभासद वह कर्मचारियों द्वारा उन जगहों पर मिलकर पौधारोपण करने का कार्य किया जाएगा जिससे कि पर्यावरण संतुलन बना रहे वहीं यों ने बताया कि मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र के एमआरएफ सेंटर के बाहर पौधारोपण किया गया और उसके संरक्षण को जाली लगाई गई वहां तैनात कर्मचारियों को दिशा निर्देशित किया गया कि समय-समय पर सिंचाई करते रहें और देखभाल हो जिससे कि पौधारोपण किया हुआ पौधा किसी प्रकार से नष्ट ना हो पाए इस मौके पर आकाश रावत सफाई नायक राजू मौर्य विराट सिंह संतोष इंजमाम खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहार के दृष्टिगत धर्मगुरुओं/गणमान्य व्यक्तियों के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, कालू सिंह की अध्यक्षता में थाना रॉबर्ट्सगंज तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा की अध्यक्षता में थाना ओबरा पर आगामी त्यौहार श्रावण मास/कावड़ यात्रा व मोहर्रम के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं/सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, पत्रकार बन्धु, डी0जे0 संचालकों के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी । इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं पत्रकार बन्धु से वार्ता कर उपरोक्त त्यौहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना का अभिया जागरूकता 1 जुलाई से 07 जुलाई तक



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के अंतर्गत 01 जुलाई से 07 जुलाई तक फसल बीमा सप्ताह के दौरान उप कृषि निदेशक कार्यालय में जागरूकता के माध्यम से उप कृषि निदेशक जयप्रकाश द्वारा केक काटकर उदघाटन किया गया एवं कहा गया कि फसल बीमा को सफल बनाने हेतु फसल बीमा कम्पनी के कर्मचारियों व अपने अधीनस्थ कृषि विभाग के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए तथा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी किसान अपनी फसलों की सुरक्षा हेतु फसल का बीमा अवश्य कराए ताकि फसलों को होने वाली प्राकृतिक आपदा से बचाया जा सके तथा फसलों के नुकसान होने पर कृषि रक्षक हेल्प लाइन नम्बर 14447 पर सूचित अवश्य करे जिसमे मुख्य रूप से संजय सिंह,सौरभ,बाबूलाल तथा फसल बीमा कंपनी एस बी आई जनरल इंश्योरेंस से जिला समन्वयक विवेक शुक्ला, विकास जायसवाल आदि।

# मेधावी हुए सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट के उ.प्र. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा- 2024 के मेधावियों को शनिवार को सोनभद्र कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री श्री संजीव कुमार गोंड ने उप्र. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा- 2024 में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावियों को सम्मानित किया। जिसमें आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट के जिले में द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 12 के छात्र अमन गुप्ता तथा छठा स्थान अर्जित करने वाले छात्र आदित्य कुमार यादव व कक्षा 10 में जिले में सप्तम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंजलि कुमारी को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा डीबीटी के माध्यम से 21000/- रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन. नागेश, मानव संसाधन प्रमुख श्री जसबीर सिंह तथा विद्यालय प्रबंधक सुश्री वनिता वासनिक ने मेधावियों की प्रशंसा करते हुए उनके माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी और शुभकामनाएं देते हुए मेधावी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर पालिका राबर्ट्सगंज में बन रही नालियां व्यवसायियों एवं आम-जनमानस के लिए परेशानी का हब: आशु

**अवधनामा ब्यूरो**




- बन रही नालियों में नहीं लग पा रहा समय पर ढक्कन
- बरसात शुरू होने जा रही है अभी तक नगर के नालियो की नहीं हो पाई है सफाई
- मनमाने रूप से खनकर बनाई जा रही नालियां
- प्रथम बार नगर पालिका में जुड़े आसपास के स्थान/गांव की नाली की निकासी होना सर्वप्रथम था आवश्यक

**सोनभद्र।** मंगलवार को राबर्ट्सगंज विधानसभा के नगर पालिका राबर्ट्सगंज में वार्ड नंबर 17 में स्थानीय लोगों के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने बैठकर , नगर में बन रही नालियों पर कहा कि बरसात शुरू होने वाली है लेकिन अभी तक नगर के अंदर स्थित नालियों की सफाई पूर्ण रूपेण नहीं हो पाई, जगह-जगह नालियां जाम हो रखी हैं ,कई जगह नाली में पटिया टूटकर गिरी हुई है ,नालियों का पानी का बहाव सही तरीके से नहीं चल रहा है, वही दूसरी ओर नाले का निर्माण करोडो रुपए खर्च कर हो रहा है, उसमें अगर आप देखे तो बढ़ौली चौराहे से लेकर जो अंदर शहर की तरफ नाली बन रही है उसमें किस जगह -सड़क से कितनी दूरी पर नाली बन रही है ना तो उसका कोई मानक समझ में आ रहा है, ना तो उसकी दूरी दिख रही है, जगह-जगह नालियां तोड़ी जा रही है, कहीं तोड़कर छोड़ दी जा रही हैं, पानी का फ्लो किस ओर रहना है अभी डिसाइड नहीं हो पा रहा है देखने से जो लग रहा है । जिस प्रकार इसका निर्माण हो रहा है उसकी क्या स्थिति है यह समझ नहीं आ रहा है ।इसका निर्माण या तो बरसात के पहले कर लेना चाहिए था या बरसात होने के बाद काम लगना चाहिए था, अभी बरसात में पूरा शहर अस्त व्यस्त हो जाएगा, सरकार के पैसे का खुले रूप में दुरुपयोग किया जा रहा है और इस पर कोई भी जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नहीं ,इसको लेकर नगर पालिका प्रशासन व जिला प्रशासन से ये मांग किया गया है कि इसकी तत्काल प्रभाव से जांच कराई जाय एवं पानी के बहाव को देखते हुए नालियों की खानायी की जाए, जिससे हमारे व्यापारी भाइयों व आमजनमानस को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। ऐसी रूपरेखा के तहत नालियों का निर्माण कराया जाए,की सही प्रकार से पानी सहर के बाहर निकले, क्योंकि लंबे समय बाद अगर नाले का निर्माण की व्यवस्था बनाई गई है जिससे सहर को जल जमाव से निजात मिल सके। हर वर्ष नगर लगातार जल जमाव से परेशान रहता है। अगर इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है तो उसको लेकर हम लोग नगर पालिका प्रशासन से जिला प्रशासन से मिलेंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार और नगर पालिका प्रशासन की होगी। बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि वार्ड न0 17 में तो नालियों की सफाई तक नही हुई है गंदगी पूरी फैली हुई है।

# एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड के मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन हुआ। अधिकारी क्लब, सिंगरौली में आयोजित मुख्यालय स्तरीय समापन समारोह के दौरान उप-महाप्रबंधक (कार्मिक) राजेश चौधरी बतौर मुख्य अतिथि एवं उपङ्कमहाप्रबंधक (कार्मिक) विक्टर कूजुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश चौधरी ने उपस्थित सभी से स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यो को आदत के रूप में ढालने का आह्वान किया। साथ ही उन्होनें स्वच्छता पखवाड़ा को एक दिन का विषय न बनाकर स्वच्छता को अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त श्री चौधरी ने एकल प्रयोग प्लास्टिक की रोकथाम हेतु जूट के बने थैलों का प्रयोग करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एनसीएल मुख्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने वाले स्वच्छता ङ्कसिपाहियों को भी सम्मानित किया गया। एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह पखवाड़ा 16 जून से 30 जून, 2024 तक मनाया गया। इस दौरान कंपनी में वृहद स्तर पर स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे - एकल प्लास्टिक की रोकथाम, बेहतर कचरा प्रबंधन, कूड़े हेतु डस्टि्बन का प्रयोग, कार्यालय एवं आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई, कॉटन व जूट के थैले के प्रयोग को बढ़ावा, साफ एवं शुद्ध पानी का उपयोग, स्वच्छता जागरूकता रैली इत्यादि का आयोजन किया गया।

## चिकित्सकों एवं समाजसेवियों का किया सम्मान

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था आयुषी फाउण्डेशन (आयुषेफ) के द्वारा ÷हमारा समाज व चिकित्सकों का दायित्व÷ विषय पर संगोष्ठी सहित वरिष्ठ चिकित्सकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पवन कुमार पाण्डेय यातायात निरीक्षक, वरिष्ठ अतिथि डॉ. पी.के शुक्ला, वरिष्ठ अतिथि डॉ. एस.आर द्विवेदी वरिष्ठ अतिथि एवं संरक्षक अवधेश कुमार निषाद प्रमुख एंटी क्राइम एंटी करप्शन सिविल डिफेंस से रवि द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने चिकित्सकों के साथ अपने विचारों को व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. श्याम देव एवं आयुषेफ की टीम को आशिर्वचन देते हुए सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्याम देव ने बताया कि विगत छः वर्ष से माघ मेला क्षेत्र के संगम तट पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। लगभग हर महीने किसी न किसी जगह निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाकर आम जनमानस को चिकित्सा लाभ दिया जा रहा है।

# अधिग्रहित जमीन पर पेट्रोलियम रिफाइनरी स्थापित हो: उज्जवल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद सांसद उज्जवल रमण सिंह ने लोकसभा में नियम 377 के तहत लोहगरा ,शंकरगढ़ में अधिग्रहित जमीन पर पेट्रोलियम रिफाइनरी लगाने के लिए बोलने के लिए नोटिस दिया था। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता विनय कुशवाहा ने बताया कि समयाभाव के कारण बोलने का मौका ना देकर लोकसभा स्पीकर ने सभी 377 नियम के प्रस्ताव को सीधे संबंधित मंत्रालय के मंत्री के पास भेजवा दिया। उन्होंने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह तदुपरांत केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से उनके आफिस में व्यक्तिगत मिलकर पत्र दिया जिसमें जिक्र किया गया कि पूर्व पेट्रोलियम मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र ने लोहगरा मे रिफाइनरी लगाने की धोषणा किया था।जिसके लिए किसानों से जमीन भी अधिग्रहित किया गया पर रिफाइनरी आजतक नहीं लग पाई। प्रवक्ता ने बताया कि लोहगरा रिफाइनरी के लिए पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने भी बहुत प्रयास किया था तब यह कहकर बात टाल दी गई थी कि पहले बीना रिफाइनरी मध्यप्रदेश बन कर तैयार हो जाय फिर लोहगरा रिफाइनरी पर कार्य प्रारंभ होगा लेकिन 2011 में बीना रिफाइनरी चालू हो गई पर लोहगरा रिफाइनरी पर एक इंच भी आगे नहीं बढ़े। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से कहा कि लोहगरा में बिजली उत्पादन कारखाना मैंने स्थापित करा दिया हैं रिफाइनरी की धोषणा के बहुत बाद और उसपर बिजली उत्पादन भी चालू हो गया उसी के सामने पेट्रोलियम रिफाइनरी लग जायेगी तो पूरा पिछड़ा पथरीला जमुनापार औद्योगिक हब हो जायेगा रोजगार के अवसर बहुत बढ़ जायेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्री का पोजिटिव रिस्पांस था।

## प्रशिक्षु आईएएस अफसरों से बोले सीएम योगी

# समस्या को बड़ी न बनने दें, तत्काल समाधान निकालें

- ठीक से सुनवाई न होने पर हमारी पास आती हैं शिकायतें
- घर के बजाय दफ्तर में लोगों से मिलें: सीएम



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस-2023 बैच) में चयनित प्रशिक्षु अफसरों से मुलाकात की। सीएम ने सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर योगी ने कहा कि किसी भी समस्या को बड़ी न बनने दें, बल्कि संवाद के जरिये उसका तत्काल रास्ता निकालें। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत है। फील्ड में जब भी जाएं तो आमजन से संवाद स्थापित करें। संवाद न होने से लोगों में असंतोष होता है। उनसे अच्छा व्यवहार करें और कार्यों में शुचिता बरकरार रखें। इससे आपकी (अफसरों की) एक अलग छवि बनेगी।

सीएम ने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में किए गए कार्यों के बारे में भी अफसरों से जानकारी ली। उन्हें नए प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। योगी ने कहा कि आम आदमी की किसी भी समस्या को छोटी न समझें, क्योंकि पीड़ित के लिए वह समस्या काफी मायने रखती है। समस्या का समाधान हो जाता है तो वह अधिकारी आमजन का विश्वास हासिल कर लेता है। प्रशिक्षु अधिकारी जनप्रतिनिधियों से भी संवाद रखें।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आईजीआरएस-सीएम हेल्पलाइन की शिकायत सीधे हमारे पास इसलिए आती है, क्योंकि सुनवाई स्थानीय स्तर पर ठीक से नहीं होती। इसलिए मेरिट के आधार पर समयसीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण भी करें। प्रतिदिन एक घंटा जनता की सुनें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशिक्षु अफसरों से कहा कि सीखने और पढ़ने की आदत निरंतर रखें। शासन से कोई शासनादेश गया है तो उसे स्वयं पढ़ें और रिजल्ट में बदलें। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अच्छा मॉडल दें। गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें। मॉडल विलेज बनाने की तरफ सोचें। नगर निकायों, तहसीलों, थाने और ब्लॉक को स्वावलंबी बनाएं। गलत तत्वों से हर हाल में दूरी बनाएं। घर की बजाय लोगों को दफ्तर में बुलाएं और वहीं संवाद बनाएं।

इस अवसर पर 16 प्रशिक्षु अफसर रहे मौजूद अनुभव सिंह, दीपक सिंहवाल, गुंजिता अग्रवाल, ईशिता किशोर, काव्या सी, महेंद्र सिंह, चलुआ राजू, नारायणी भाटिया, नितिन सिंह, रिंकू सिंह राही, साहिल कुमार, साई आश्रित शाखामूरी, शिशिर कुमार सिंह, स्मृति मिश्रा, स्वाति शर्मा और वैशाली।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

- रेलपथों पर संरक्षा और सुरक्षित रेल परिचालन पर बल
- मानसून के दौरान ढाँचागत परियोजनाओं पर बल



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कई मुद्दों के साथ-साथ रेलपथों पर संरक्षा और रेल परिचालन इत्यादि पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने गतिशीलता बढ़ाने और अन्य विकासात्मक बुनियादी ढांचे के कार्यों और माल ढुलाई की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में यात्रियों को विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे के चल रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। समीक्षा बैठक में ठोस संरक्षा उपायों को लागू करने, नियमित रूप से ड्रिल और सभी स्तरों के परिचालन में संरक्षा जागरूकता बढ़ाने जैसे मामलों पर चर्चा की गयी । उन्होंने कहा कि संरक्षा और समयपालन बद्धता जैसे विषयों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। महाप्रबंधक ने यात्रियों के समग्र अनुभव को और बेहतर करने के लिए शेड्यूल और समय-सारणी के महत्व पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक ने मानसून के मद्देनजर रेल-पथों पर जल-भराव को रोकने, पेड़ों की छँटाई करने और सभी क्रॉसिंग और ज्वाइंटों को लुब्रिकेट करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं में वृद्धि के कार्य और दोहरीकरण एवं नई लाइनों की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# डॉ. मनसुख मंडाविया ने तस्वा सेरेमोनियल ड्रेस का किया अनावरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** तस्वा, आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लि. और मशहूर डिजाइनर तरुण तहलियानी के मेन्स इंडियन वियर ब्राण्ड, ने आगामी पेरिस ओलम्पिक्स 2024 के लिये टीम इंडिया की सेरेमोनियल ड्रेस बनाने का प्रतिष्ठित काम किया है। युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इंडियन ओलम्पिक्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट डॉ. पी.टी. ऊषा की मौजूदगी में टीम इंडिया के ऑफिशियल सेरेमोनियल ड्रेस का अनावरण किया।

तस्वा अब दुनिया में फैशन की राजधानी, पेरिस में भारत के पारंपरिक परिधानों पर अपना नया नजरिया दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेरेमोनियल ड्रेस भारत के समृद्ध सांस्कृतिक चित्रपट से प्रेरित है और इसमें हमारे तिरंगे के केसरिया, हरे एवं सफेद रंगों से सराबोर देशभक्ति का उत्साह भी साफ-साफ झलकता है।

तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहलियानी ने किट के अनावरण समारोह में बताया, ''हम टीम इंडिया के लिए ड्रेस बनाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमने ऐसे परिधान बनाने के लिये इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन के साथ मिलकर काम किया है, जो भारत की गाथा गाते हैं। यह परिधान न सिर्फ देखने में आकर्षक हैं, बल्कि कम्फर्ट और व्यवहारिकता को भी ध्यान रखकर बनाये गये हैं। ओपेनिंग सेरेमनी में सभी के साथ भव्यता से प्रवेश करते हुए, हमारे खिलाड़ियों के हवादार और हल्केङ्कफुल्के परिधान जुलाई में पेरिस की गर्मियों के बिलकुल अनुकूल होंगे।''

तहलियानी ने आगे कहा, ''हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी वैश्विक मंच पर इस अहसास के साथ अपने कदम आगे बढ़ाएं कि वे भारत की संस्कृति एवं धरोहर के दूत हैं।

# एलडीए ने अवैध शॉपिंग कॉम्पलेक्सों को कराया सील

- इंदिरा नगर में दो अवैध मैरिज हॉलों पर सीलिंग की कार्रवाई

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जानकीपुरम में अवैध रूप से बनाए जा रहे दो शॉपिंग कॉम्पलेक्सों को सील कराया। वहीं इंदिरा नगर में दो अवैध मैरिज हॉलों पर सीलिंग की कार्रवाई हुई। लविप्रा प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पवन आनंद व अन्य की ओर से जानकीपुरम के सेक्टर-एच में भूखण्ड संख्या-4/760 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भूतल व प्रथम तल पर अवैध रूप से दुकानें, हॉल और कार्यालय के लिए चैम्बर आदि का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा संजय मिश्रा व अन्य की ओर से जानकीपुरम में साठ फिटा रोड पर भारत पेट्रोलियम के बगल में लगभग 6000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, प्रथम व द्वितीय तल पर दुकानों, हॉल और ममटी आदि का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से किये जा रहे दोनों व्यवसायिक निर्माणों को विहित न्यायालय के आदेश पर सील कराया गया। इसके अलावा इंदिरा नगर में जरहरा रोड पर कुसुम सिंह व अन्य की ओर से लगभग 8000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर मैरिज हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं विनोद कुमार त्रिपाठी व अन्य की ओर से इंदिरा नगर के तकरोही में पेट्रोल पम्प के पास लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल में चार मंजिला मैरिज हॉल का निर्माण कराया जा रहा था।

# मोहर्रम की तैयारियां ज़ोरों पर

- अजादार घरों में इमामबाड़ों को सजाने के लिए रंगाई-पुतायी का कर रहे इंतेजाम

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे और अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के बेटे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके 71 साथियों की शहादत का गम मनाने का महीना मोहर्रम नजदीक आते ही लोग इसकी तैयारियां में जोरों से जुट गये हैं। अजादार घरों में इमामबाड़ों को सजाने के लिए रंगाई-पुतायी आदि के इंतजाम कर रहे हैं। मोहर्रम का चांद 6 जुलाई को देखा जाएगा, अगर इस दिन चांद दिखता है तो 7 वरना 8 जुलाई से गम-ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का आगाज हो जाएगा, जो दो महीने आठ दिन चलेगा। इस मौके पर लोग अपने घरों के इमामबाड़ों को ताजिये, जरीह व अलमों से सजाते हैं। कर्बला के शहीदों की याद में रखे जाने वाले ताजिये व जरीह काजमैन, सुल्तान-ए-मदारिस, कश्मीरी मोहल्ला, विक्टोरिया स्ट्रीट, हुसैनाबाद व तोप दरवाजा आदि इलाकों से खरीदे जा सकेंगे। इसके अलावा चांदी के अलम, जरीह, हथकड़ी, छल्ले, चांद, गुलूबंद सहित पीतल के छोटे-बड़े अलम व जरीह भी बनायी जा रही है। इसी तरह कागज के ताजियों के कारीगर भी अपने काम में जुटे गये हैं। तमाम कारीगर हरे, लाल, पीले, नीले, सफेद और काले रंग के कागज, पन्नी, अबरक तथा बांस की तीलियों से विभिन्न प्रकार के ताजिये बना रहे हैं। मोहर्रम का चांद नजर आते ही लोग अपने घरों के इमामबाड़े में बड़ी अकीदत के साथ ताजिये रखकर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों का गम मनायेंगे। इस दौरान अजादार काले लिबास पहनेंगे और महिलाएं अपने जेवर आदि उतार देंगी। गम-ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) में पहने के लिए लोगों ने काले लिबास निकालने शुरू कर दिये हैं तो कुछ लोग काले लिबास रंगवा रहे हैं।

### मोहर्रम के इस्तकबाल में मजलिसें शुरू

**लखनऊ।** अय्यामे अजा माहे मोहर्रम के इस्तकबाल में इमामबाड़ा अस्करी जिन्नातों वाली मस्जिद के पास मंगलवार से पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज हो गया। आज की मजलिस को मौलाना अली रिजवान जैदपुरी ने खिताब किया। अन्य मजलिसों को मौलाना मुशाहिद आलम रिजवी,मौलाना शब्बर अली खान, मौलाना बाकर अली जैदी और मौलाना मीसम जैदी प्रतिदिन रात 8 बजे खिताब करेंगे। इसी तरह अंजुमन रजाए हुसैन की ओर से कर्बला दियानुतदौला में आयोजित मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन जफरुल ईमान ने नौहाख्वानी व सीनजनी की।

# भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनेंगे होनहार बच्चे: जितेंद्र



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यहां क्रिकेट खेल रहे बच्चे भारत के भविष्य हैं। क्रिकेट के प्रति इनकी निष्ठा एवं जुनून से लगता है कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जूनियर प्रीमियर लीग की टीमों के होनहार बच्चे जरूर भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनेंगे।

उक्त बातें सीएसडी सहारा क्रिकेट स्टेडियम में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जूनियर प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार वितरित करते हुए उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन जितेन्द्र बहादुर सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जूनियर प्रीमियर लीग के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मैं भी अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहा हूं।

उन्होंने स्टेडियम के कोच आसिफ रजा खान को आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे। मैच में विजेता टीम ने 20 ओवर में 133 रन बनाएं। उप विजेता टीम 20 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। बल्लेबाज करन को मैन ऑफ मैच और बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। आशुतोष को बेस्ट गेंदबाज एवं प्रिंस पटेल को बेस्ट राइजिंग क्रिकेटर का अवॉर्ड प्रदान किया गया।

## पशुरोग निदान प्रयोगशालाओं के संचालन हेतु 77.05 लाख स्वीकृत

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत पशुरोग निदान प्रयोगशालाओं के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण योजना हेतु 77.05 लाख (रूपये सतहत्तर लाख पॉच हजार मात्र) रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। लाभार्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है। स्वीकृत की जा रही धनराशि का किसी अन्य मद/योजना/कार्यक्रम में व्यय अनुमन्य न होगा।

# जीएलए यूनिवर्सिटी ने माइक्रोसॉफ्ट एवं बाइटएक्सएल के साथ साझेदारी की, स्टूडेंट अब यूपी में एआई और मशीन लर्निंग में कर सकेंगे बी.टेक

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** बाइटएक्सएल, भारत का एक अग्रणी एडटेक प्लेटफॉर्म, जो इंजीनियरिंग की शिक्षा एवं आईटी कौशल में बदलाव लाने का काम कर रहा है, ने दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत नैक ए+ रैंकिंग वाले एक प्रमुख संस्थान जीएलए यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग (एआईएमएल) में विशेषज्ञता देने वाला बी.टेक प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। यह प्रोग्राम मथुरा में जीएलए यूनिवर्सिटी में भी पेश किया जाएगा।

इस साझेदारी के अंतर्गत, बाइटएक्सएल प्रोग्राम की एक्जीक्यूटिंग एजेंसी (निष्पादन अभिकरण) बनेगा और माइक्रोसॉफ्ट के सर्टिफाइड ट्रेनर्स से कैम्पस में पाठ्यक्रम की शिक्षा दिलवाएगा। इस विशेषज्ञता को प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने रेगुलर कोर्सवर्क के तहत माइक्रोसॉफ्ट के सर्टिफकेट मिलेंगे और इंडस्ट्री से मान्यता प्राप्त क्रेडेंशियल्स के साथ उनकी योग्यता को बढ़ाएंगे। बाइटएक्सएल के को-फाउंडर एवं सीएसओ श्री चरण ताडेपल्ली ने कहा, ''यह कोर्स मजबूत बुनियादी कौशल निर्मित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेंगे। सर्टिफिकेशन से विद्यार्थियों की योग्यता भी बढ़ेगी। माइक्रोसॉफ्ट के सर्टिफाइड ट्रेनर्स लाने के अलावा, बाइटएक्सएल इस प्रोग्राम के तहत नौकरी की गारंटी और पेड इंटर्नशिप्स भी दे रहा है। जीएलए यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार श्री अशोक कुमार सिंह ने इस साझेदारी पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''हमारे लिए यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे विद्यार्थी नौकरी के वक्त उद्योग की मांग पूरी कर सकें। न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत में हमारे बच्चों को एक बेहद प्रतिस्पर्द्धी दुनिया के लिये तैयार रहना होगा। मुझे खुशी है कि एआई तथा मशीन लर्निंग पढ़ाने के लिये जीएलए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल करने में आगे आ रही है। हमारे पाठ्यक्रम के अंतर्गत माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन की पेशकश करना बेहतर नौकरियाँ पाने और उद्योग में एआई तथा एमएल की बढ़ रही मांग के मुताबिक अवसर पाने में हमारे विद्यार्थियों की सहायता करेगा। हम एआईएमएल में यह अग्रणी क्क्त्रद्दष्द्ध प्रोग्राम पेश करने के लिये माइक्रोसॉफ्ट और बाइटएक्सएल के साथ साझेदारी करते हुए उत्साहित हैं। इस साझेदारी से हमारे विद्यार्थियों को कॅरियर में सफल होने के सबसे अच्छे मौके मिलेंगे और उन्हें टेक इंडस्ट्री में इनोवेटर्स बनने के लिये तैयार किया जाएगा। बाइटएक्सएल के को-फाउंडर एवं सीईओ श्री करुण ताडेपल्ली ने कहा, ''जीएलए यूनिवर्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट के साथ हमारी साझेदारी तकनीकी पेशेवरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। साथ मिलकर हम विद्यार्थियों को उच्च-गुणवत्ता की शिक्षा एवं उद्योग के अग्रणी साधन प्रदान करेंगे। इससे ऐसा माहौल बनेगा, जहाँ टेक्नोलॉजिस्ट नये-नये आविष्कार कर सकें और आगे बढ़ें।''

जीएलए यूनिवर्सिटी का बी.टेक एआईएमएल प्रोग्राम माइक्रोसॉफ्ट की टेक्नोलॉजी में आधुनिक क्षमताओं तथा बाइटएक्सएल के अभिनव निम्बस प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा।

## हाथरस हादसा: कांग्रेस ने जताया गहरा दुख

**लखनऊ।** प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में अचानक मची भगदड़ से 100 से अधिक लोगों के मरने और हजारों के घायल होने पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक और प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। शोकसभा में मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की गयी। मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पार्टी ने कहा कि घटना के दौरान सरकार की ओर से कोई पुख्ता इंतजाम नहीं दिखा जिससे लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा सके।

पार्टी ने कहा कि वक्त रहते प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाता तो मरने वालों में से कुछ के प्राण बच जाते। प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि आज न जाने कितने घरों के चिराग बुझ गये और न जाने कितने घरों का सहारा छिन गया और न जाने कितनी कलाइयां सूनी हो गयीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल जनसमस्याओं को लेकर कोई धरना-प्रदर्शन करना चाहें तो सत्ता उन्हें घरों से निकलने नहीं देती और निकलने के प्रयास पर तमाम धाराओं में मुकदमा कायम कर देती है।

# उत्तर रेलवे के 63 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 63 रेल कर्मचारीअपनी रेल सेवा से 30 जून को निवृत्त हुए। उन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मंडल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इन कर्मचारियों को कुल 24 करोड़ 16 लाख 14 हजार 43 रुपये का भुगतान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उनकी रेल सेवाओं के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ उनके सेवा सम्बंधी अनुभवों एवं विचारों को साझा करते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में मंगलवार को मण्डल कार्मिक अधिकारी बसन्त लाल ने मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में 59 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### जीआरपी के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना जीआरपी चारबाग का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** जीआरपी के पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश पुष्कर ने मंगलवार को थाना जीआरपी चारबाग का आकस्मिक निरीक्षण किया। सबसे पहले उप निरीक्षक राजेश कुमार मौर्या के नेतृत्व मे सलामी गार्द ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर में लावारिस माल मुकदमाती वाहनों का निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने थाना कार्यालय, हवालात मर्दाना, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, अपराध कार्यालय व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाने पर मौजूद सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों की गोष्ठी, स्कोर्ट से सम्बन्धित प्लान, त्रिनेत्र एप आदि के बारे में पूछा। पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश पुष्कर ने टॉप 10, टाप 5 अपराधियों का सत्यापन कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिये। अपराधियों पर अंकुश लगाने व अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सक्रिय अपराधियों की न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश पुष्कर ने रेलवे स्टेशन चारबाग पर चेक टीम के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## शिया पर्सनल ला बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक आज


**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को दोपहर एक बजे शिया कॉलेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उलमा, खुतबा, बुद्धिजीवी एवं समुदाय के गणमान्य लोग भाग लेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में हिन्दुस्तान की रियासतों में यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) को लागू किये जाने पर गौर एवं भारत सरकार से आगामी मोहर्रम के बेहतर इन्तिजामात अजादारों की सुरक्षा की मांग अथवा शियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## सांसद हाजी मोहम्मद हनीफा का इस्तकबाल कल

**लखनऊ।** कारगिल लद्दाख के सांसद हाजी मोहम्मद हनीफा जान का इस्तकबाल बृहस्पतिवार को जामा मस्जिद तहसीनगंज हुसैनाबाद में किया जाएगा। इस संबंध में शाहकार जैदी ने बताया कि शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी सहित अनेक उलमा व दानिशवर मगरिब की नमाज के बाद संसद हाजी मोहम्मद हनीफा जान का इस्तकबाल करेंगे।

# अग्निवीर भर्ती रैली अयोध्या में संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** अयोध्या में भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस भर्ती रैली में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित भावना और प्रतिबद्धता सराहनीय रही, जो राष्ट्र की सेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाती है। यह भर्ती रैली 24 जून से 02 जुलाई 2024 तक डोगरा रेजिमेंटल सेंटर, अयोध्या में आयोजित की गई थी।

रैली में हजारों अभ्यर्थी शामिल हुए। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत आने वाले 13 जिलों से बुलाए गए अभ्यर्थियों में लगभग 80 प्रतिशत अभ्यर्थी इस रैली के लिए उपस्थित हुए जो अग्निवीर बनकर राष्ट्र की सेवा करने के सभी युवाओं और अभ्यर्थियों के उत्साह को दर्शाता है।

सेना को सहायता और समर्थन प्रदान करने में स्थानीय नागरिक प्रशासन और राज्य पुलिस के सहयोगात्मक प्रयास ने रैली के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सामूहिक प्रयासों ने इस रैली को सफल बनाने में योगदान दिया है और मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, लखनऊ ने नागरिक प्राधिकरण के बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है।

रैली के समापन पर इस बात पर जोर दिया जाता है कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केंद्रों के लिए आधिकारिक ज्वाइनिंग लेटर विशेष रूप से सेना भर्ती कार्यालय, अमेठी द्वारा जारी किए जाएंगे। इस आधिकारिक चैनल के अतिरिक्त ज्वाइनिंग लेटर की व्यवस्था करने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति भ्रामक जानकारी दे रहा है, और सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अतिरिक्त किसी भी अन्य संस्थान द्वारा जारी किया गया ज्वाइनिंग लेटर नकली होगा। सभी अभ्यर्थियों को सावधानी बरतने और ऐसे व्यक्तियों की किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है।

एआरओ अमेठी उन सभी हितधारकों, प्रतिभागियों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होंने इस भर्ती रैली की सफलता में योगदान दिया, सम्मान और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा को आगे बढ़ाया।